रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | कार्तिक कृष्ण पक्ष 03, संवत 2081 | रांची, रविवार, 20 अक्टूबर 2024, वर्ष-25, अंक- 256, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

करवा चौथ की हार्दिक शुभकामनाएं

# झामुमो और कांग्रेस 70 सीटों पर लड़ेंगे 11 सीटें राजद व वामदलों के लिए छोड़ी

## राजद और वामदलों से वार्ता के बाद स्पष्ट होगा कौन सी सीट किसे मिलेगी

नवीन मेल डेस्क



**रांची।** सहयोगी दलों के साथ सीट बंटवारे को लेकर शुक्रवार को राजग की पहल का शनिवार को इंडी गठबंधन के दो प्रमुख दलों झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस ने आधा-अधूरा जवाब दिया। गठबंधन के दोनों दलों 70 सीट पर साथ चुनाव लड़ने की घोषणा तो कर दी लेकिन कौन सा सीट किस दल के हिस्से आएगा इसकी गुत्थी अभी भी नहीं सुलझी है। वहीं राजद और वामदलों से भी उनके हिस्से में बची शेष 11 सीटों को लेकर बात नहीं हुई है। गठबंधन के नेता और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि गठबंधन के तहत झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस के उम्मीदवार 70 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे, जबकि बाकी 11 सीटों पर राष्ट्रीय जनता दल और वाम दलों के उम्मीदवार होंगे। चारों घटक दल एकजुट होकर चुनावी मैदान में उतरेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल और वाम दलों के नेताओं से बातचीत के बाद जल्द ही इसकी घोषणा कर दी जाएगी कि किस सीट पर किस पार्टी का प्रत्याशी होगा। साल 2019 के विधानसभा चुनाव में वाम दलों के साथ गठबंधन नहीं हुआ था, लेकिन इस बार एक साथ मिलकर मजबूती से साथ चुनाव लड़ने की तैयारी हो चुकी है। कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर, मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव और झामुमो के महासचिव एवं प्रवक्ता विनोद पांडेय और झामुमो विधायक सुदिव्य कुमार सोनू भी प्रेस वार्ता में मौजूद रहे। माना जा रहा है कि गठबंधन की सीट शेयरिंग के मामले में सीएम हेमंत सोरेन शनिवार को रांची आ रहे कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी यादव के साथ चर्चा करेंगे। इसके बाद एक-एक सीट को लेकर एक-दो दिनों में आधिकारिक तौर पर ऐलान कर दिया जाएगा। वर्ष 2019 के चुनाव में गठबंधन के तहत झामुमो ने 43, कांग्रेस ने 31 और राजद ने सात सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे। बताते चलें कि एनडीए ने शुक्रवार को ही राज्य में सीटों के बंटवारे का ऐलान कर दिया था। भाजपा 68 सीटों पर उम्मीदवार उतारेगी, जबकि आजसू पार्टी को 10, जनता दल यूनाइटेड को दो और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) को एक सीट दी गई है। बता दें कि झारखंड में 81 विधानसभा सीटों पर दो चरणों में 13 और 20 नवंबर को चुनाव होंगे, जबकि मतगणना 23 नवंबर को होगी।

**सीट बंटवारे से राजद नाराज :** बताया जा रहा है झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर राष्ट्रीय जनता दल नाराज है। पार्टी के प्रदेश स्तर के कुछ नेताओं ने उनके और वामदलों के लिए मात्र 11 सीट छोड़े जाने पर सख्त बातें कही हैं। वहीं पार्टी के राज्यसभा मनोज झा ने तो यहां तक कह दिया कि अगर सम्मानजनक भागीदारी नहीं मिली तो पार्टी के लिए आगे का रास्ते खुले है।

## इंटर स्टेट चेक पोस्ट पर दो वाहनों से 11.38 लाख बरामद

**धनबाद।** मैथन स्थित इंटर स्टेट चेक पोस्ट से शनिवार को दो अलग-अलग वाहनों से क्रमशः 1 लाख 38000 रुपए एवं एक अन्य वाहन से 10 लाख रुपए की बरामदगी की गई है। 10 लाख रुपए की जब्ती की सूचना इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को दे दी गई है। वहीं बीती रात की जब्ती को लेकर मैथन इंटर स्टेट चेक पोस्ट से 18 अक्टूबर को कुल 16 लाख 5 हजार 440 रुपए एवं 30 बोतल बियर की बरामदगी हुई है। उल्लेखनीय है कि जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा तथा वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन ने विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से धनबाद जिले की परिधि में 11 इंटर स्टेट चेक पोस्ट तथा पांच इंटर डिस्ट्रिक्ट चेक पोस्ट स्थापित किए हैं, जहां जिले में प्रवेश करने वाले वाहनों की सघन जांच की जा रही है।

# रांची से सीपी, तो कांके से जीतू चरण राम और मांडर से सन्नी तिर्की ठोंकेंगे ताल

## भाजपा प्रत्याशियों की पहली सूची जारी, 66 प्रत्याशियों के नाम का ऐलान

- सूची में 12 महिलाएं, 2 मुख्यमंत्री, 2 मुख्यमंत्री की पत्नी और एक मुख्यमंत्री की बहू का नाम
- कांके से समरी लाल का टिकट कटा, मांडर से लगातार दूसरी बार टिकट पाने में गंगोत्री असफल


बाबूलाल मरांडी
धनवार


सीपी सिंह
रांची


नवीन जायसवाल
हटिया


रामकुमार पाहन
खिजरी


चंपाई सोरेन
सरायकेला


जीतू चरण राम
कांके


सन्नी टोप्पो
मांडर


अरुण उरांव
सिसई

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव में राजग अपने धुर प्रतिद्वंद्वी इंडी गठबंधन पर लगातार रणनीति क और मनोवैज्ञानिक बढ़त बना रही है। शुक्रवार को जहां गठबंधन के बीच सीटों का बंटवारा कर लिया गया वहीं शनिवार को भाजपा ने अपने 66 प्रत्याशियों की पहली सूची भी जारी कर दी है। सूची में 12 महिलाएं, 2 मुख्यमंत्री, 2 मुख्यमंत्री की पत्नी और एक मुख्यमंत्री की बहू का नाम शामिल है। वहीं बरहेट से अभी मुख्यमंत्री हेमंत के खिलाफ प्रत्याशी की घोषणा नहीं की गई है।

प्रत्याशियों के चयन में इस बार भाजपा ने बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाया है। जहां कुछ युवाओं को इस सूची में जगह दी गई है वहीं कुछ प्रमुख नेताओं के नाते-रिश्तेदारों को भी खुश किया गया है। कुछेक सीटों पर विधायक को बदलते हुए नये दावेदारों के स्थान पर पूर्व के वैसे नेताओं को जगह दी गई है जिन्हें गत चुनाव में खराब प्रदर्शन के आधार पर हटा दिया गया था। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को धनवार से चुनाव लड़ेंगे वहीं तमाम नकारात्मक अटकलों के बीच छह बार के रांची विधायक सीपी सिंह अपना सीट बचाने में सफल रहे हैं। खिजरी से रामकुमार पाहन को फिर से प्रत्याशी बनाया गया है। वहीं नकारात्मक सर्वे रिपोर्ट के बावजूद हटिया से नवीन जायसवाल को टिकट दिया गया है। कांके से वर्तमान विधायक समरी लाल का टिकट काट दिया गया है, उनके स्थान पर 2014-19 तक विधायक रहे जीतू चरण राम को एक बार फिर टिकट दिया गया है। वहीं पार्टी के सशक्त युवा चेहरे कमलेश राम टिकट पाने में असफल रहे। सबसे चौंकाने वाला परिवर्तन मांडर में देखने को मिला है। पार्टी ने यहां से दो साल पहले भाजपा में आये युवा नेता सन्नी टोप्पो को टिकट दिया है।

शेष पेज 11 पर

## बरहेट से पहली सूची में हेमंत सोरेन के खिलाफ प्रत्याशी के नाम की घोषणा नहीं

### ये हैं भाजपा के रणबांकुरे

- **धनवार :** बाबूलाल मरांडी
- **सरायकेला :** चंपाई सोरेन
- **रांची :** सीपी सिंह
- **खिजरी :** रामकुमार पाहन
- **हटिया :** नवीन जायसवाल
- **कांके :** जीतू चरण राम
- **मांडर :** सन्नी टोप्पो
- **सिसई :** अरुण उरांव
- **गुमला :** सुदर्शन भगत
- **विशुनपुर :** समीर उरांव
- **तोरपा :** कोचे मुंडा
- **खूंटी :** नीलकंठ सिंह मुंडा
- **राजमहल :** अनंत ओझा
- **बोरियो :** लोबिन हेंब्रम
- **लिट्टीपाड़ा :** बाबूधान मुर्मू
- **महेशपुर :** नवनीत हेंब्रम
- **शिकारीपाड़ा :** परितोष सोरेन
- **नाला :** माधवचंद्र महतो
- **जामताड़ा :** सीता सोरेन
- **दुमका :** सुनील सोरेन
- **जामा :** सुरेश मुर्मू
- **जरमुंडी :** देवेंद्र कुंवर
- **मधुपुर :** गंगानारायण सिंह
- **सारठ :** रंधीर सिंह
- **देवघर :** नारायण दास
- **पौड़ैयाहाट :** दवेंद्रनाथ सिंह
- **गोड्डा :** अमित मंडल
- **महगामा :** अशोक भगत
- **कोडरमा :** नीरा यादव
- **बरकट्ठा :** अमित यादव
- **बरही :** मनोज यादव
- **बड़कागांव :** रोशन चौधरी

शेष पेज 11 पर

# मीडिया, चुनाव आयोग, सीबीआई, ईडी व आईटी संविधान के रक्षक नहीं : राहुल

## भारत में हुई उनकी पढ़ाई में आदिवासियों के लिए सिर्फ 10 लाइन

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** रांची के शौर्य सभागार में 'संविधान सम्मान सम्मेलन' को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि आज संविधान के सम्मान के साथ ही उसकी रक्षा भी करनी है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आज कोई भी संविधान की रक्षा नहीं कर रहा है। मीडिया, चुनाव आयोग, सीबीआई, ईडी और आईटी इनमें से कोई नहीं, क्योंकि भाजपा सबको कंट्रोल करती है। राहुल गांधी ने कहा, जब बीजेपी के लोग आदिवासियों को वनवासी कहते हैं, तो वे क्या करने की कोशिश कर रहे हैं? वे आपके जीने के तरीके, इतिहास और विज्ञान को नष्ट करने की कोशिश कर रहे हैं, जिसका आप हजारों सालों से पालन करते आ रहे हैं। आदिवासी का मतलब है वे जो पहले मालिक थे जबकि वनवासी का मतलब है वे जो जंगल में रहते हैं। जब इस शब्द का इस्तेमाल किया जाता है, तो यह सिर्फ एक शब्द नहीं होता है। यह आपका पूरा इतिहास होता है। राहुल गांधी ने आगे कहा, मैंने भारत की शिक्षा प्रणाली में अध्ययन किया है, आपको आदिवासियों के बारे में सिर्फ 10-15 लाइन मिलेंगी। उनका इतिहास क्या है, उनका जीने का तरीका क्या है। उसके बारे में कुछ नहीं लिखा जाता है। आपके लिए ओबीसी शब्द का इस्तेमाल किया गया। क्या यही आपका नाम है? किसने कहा कि आप पिछड़े हैं? आपको आपके अधिकार नहीं दिए गए। कहां है, इस देश को बनाने वाले किसानों, मजदूरों, बढ़ई, नाई, मोची का इतिहास क्या है? शेष पेज 11 पर

### कांग्रेस ने आदिवासियों को कुचला भाजपा ने झारखंड बनवाया : चंपाई सोरेन

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री पूर्व झामुमो नेता और वर्तमान में भाजपा के सराईकेला से उम्मीदवार चंपाई सोरेन ने कहा है कि भाजपा ने झारखंड आंदोलन को सम्मान दिया और वाजपेई जी ने झारखंड राज्य बनवाया अन्यथा कांग्रेस और उनके सहयोगी दल वर्षों तक आदिवासी हितों को कुचलने का काम कर रहे थे। उन्होने कहा कि 1951 तक अंग्रेज लाख कोशिशों के बाद भी आदिवासियों की पहचान नहीं मिटा पाए जबकि कांग्रेस सरकार ने 1961 में कुचक्र के तहत ऐसा ही किया। कांग्रेस के साथ जो भी रहा उसका कभी भला नहीं हुआ आज आरजेडी अलग हुआ जबकि इन सभी ने न राज्यहित में काम किया न आदिवासी हित में। इनके लिए सत्ता मुद्दा है आदिवासी बड़ा मुद्दा नहीं।



विस चुनाव की बिगुल फूंकी जा चुकी है। डुमरी में प्रचार के बाद फुर्सत के पलों में चाय की चुस्की लेतीं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना।

## छत्तीसगढ़ में आईईडी विस्फोट से आईटीबीपी के 2 जवानों का शहीद और 2 अन्य घायल

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में शनिवार को आईईडी विस्फोट की चपेट में आने से आईटीबीपी 53 बटालियन के दो जवानों का बलिदान हो गया जबकि नारायणपुर जिला पुलिस के दो जवान घायल हो गए हैं। बताया गया कि अबूझमाड़ इलाके के ओरछा, मोहंदी एवं ईरकभट्टी से आईटीबीपी, बीएसएफ एवं डीआरजी की संयुक्त पार्टी अपने अभियान के लिए धुरबेड़ा की ओर रवाना हुई थी। शेष पेज 11 पर

# चुनाव आयोग के निर्देश के बाद अजय कुमार सिंह फिर बने झारखंड के डीजीपी

### हटाए गए अनुराग गुप्ता

नवीन मेल संवाददाता


इन

- जमशेदपुर के नरेश मकानी ने याचिका दायर कर कहा था कि कार्यवाहक डीजीपी की नियुक्ति में सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन किया गया है


आउट

- एससी ने कार्यवाहक डीजीपी गुप्ता को नोटिस जारी किया था, कोर्ट ने अपने एक फैसले में कहा था किसी भी राज्य में कार्यवाहक डीजीपी की नियुक्ति नहीं होगी

**रांची।** भारतीय निर्वाचन आयोग के निर्देश पर झारखंड के कार्यवाहक डीजीपी अनुराग गुप्ता को उनके पद से हटा दिया गया है और उनकी जगह 1989 बैच के झारखंड कैडर के आईपीएस अधिकारी अजय कुमार सिंह को नया डीजीपी नियुक्त गया है। राज्य सरकार ने शनिवार शाम इसकी अधिसूचना जारी कर दी। अजय कुमार सिंह इसके पहले 24 फरवरी 2023 को डीजीपी बनाए गए थे, लेकिन उन्हें 26 जुलाई 2024 को इस पद से हटाकर झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक के तौर पर पदस्थापित किया गया था। वह इसके पहले राज्य पुलिस के एंटी करप्शन ब्यूरो के डीजीपी और सीआईडी, स्पेशल ब्रांच और रेलवे पुलिस में उच्च पदों पर रह चुके हैं। वह हजारीबाग और धनबाद जिले में एसपी भी रह चुके हैं। निर्वाचन आयोग ने शनिवार को झारखंड के कार्यवाहक डीजीपी अनुराग गुप्ता को तत्काल उनके पद से हटाने का निर्देश दिया था। आयोग ने उनकी जगह डीजीपी रैंक के सबसे वरिष्ठ अधिकारी को इस पद का कार्यभार सौंपने का निर्देश देते हुए शाम सात बजे तक इसकी रिपोर्ट भेजने को कहा था। अनुराग गुप्ता को डीजीपी पद से हटाने के चुनाव आयोग के निर्देश के पीछे दो वजहें मानी जा रही हैं। एक तो यह कि गुप्ता 24 जुलाई 2024 को कार्यवाहक डीजीपी के रूप में पदस्थापित किए गए थे। दूसरी वजह यह बताई जा रही है कि चुनाव आयोग में उनके खिलाफ शिकायतें की गई थीं। पूर्व में राज्यसभा चुनाव को लेकर हॉर्स ट्रेडिंग केस में भी उन पर आरोप लगे थे। हालांकि इस मामले में उन्हें बाद में क्लीन चिट मिल गई थी। अनुराग गुप्ता को कार्यवाहक डीजीपी बनाए जाने पर कुछ महीने पहले सुप्रीम कोर्ट में एक अवमानना याचिका भी दायर की गई थी। शेष पेज 11 पर

# इंडिया

## पढ़े लिखे या बड़े पदों पर रहे अधिकारी, जज या पत्रकार नेता क्यों नहीं बन सकते



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

बिहार जिस प्रकार राजनीति की प्रयोगशाला रही उसके बाद झारखंड भी विकास की प्रयोगशाला बनता जा रहा है उसमें भी कभी बंधुआ मजदूरों और मनातू के कथित आदमखोर मऊवार जैसी मीडिया कथाओं की धरती पलामू आज भी पहले फोरलेन एनएच के पूरा होने की बात जोह रहा है जो टुकड़े-टुकड़े में बनकर विकास के राजनीतिक दावों और सरकारों की उपलब्धियों की पोल खोल रहा है। नोबल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी आज भी विभिन्न वैश्विक मंचों पर अपनी बंधुआ मजदूरी मुक्ति की चर्चा करते हैं तो नई पीढ़ी गूगल पर पलामू ढूंढने लगती है। पलामू की धरती नेताओं के मामले में बहुत उर्वर रही है और वहां के किस्से भी बहुत मशहूर रहे हैं जिनमें से समाजवाद और समानतावाद को खाद पानी देने वाली वामपंथी विचारधारा भी दशकों तक समाचारों में रही है। बड़बोले लोगों,राजनीति से जुड़े बुद्धिजीवियों और नेताओं के बीच दो क्रांतियों की बहुत चर्चा आज भी होती वह है श्वेत क्रांति और लाल क्रांति की। श्वेत क्रांति यानि सफ़ेद झूठ को पूरे आत्मविश्वास के साथ इतनी बार दुहराना या फैलाना कि वह सच लाग्ने लगे और लाल क्रांति का मतलब किसी मुर्गे को काटकर उसके लहू को चारों ओर फैलाकर रक्तक्रांति की हवा बनाना। मज़ाक में ये बातें कही जातीं हैं पर आज की राजनीति में जब से विज्ञापन युद्ध और सोशल मीडिया का दखल बढ़ा है तब से इन दोनों क्रांतियों की बातें सच साबित होने लगीं हैं। इंटरनेट के सस्ते नेट पैक,सस्ते स्मार्ट फोन का चलन गांवों तक इतना बढ़ गया है कि ये बात सच साबित हो गई कि भारत में जीतने शौचालय नहीं उससे अधिक मोबाइल हैं। इन स्मार्ट फोन में रील,यूट्यूब और इंस्टाग्राम प्लेटफॉर्म को फेसबुक के अलावा व्हाट्सएप ने ऐसा लोकप्रिय किया है कि बेसिर पैर की बातें जिनमें झूठे वीडियो और भ्रामक तथ्यों से जातिवाद के अलावा धार्मिक और सामाजिक भेदभाव से घृणा फैलाई जा रही है जिसके सहारे चुनाव जीतने की आस लगाए बहुत सारे लोग इसके विरुद्ध आवाज बुलंद नहीं कर रहे है जबकि यह धीमा जहर तेजी से फैलता जा रहा है। जानकार बताते हैं कि इसमें हमारे पड़ोसी देशों की भी संलिप्तता है जो भारत में गृहयुद्ध जैसी स्थिति उत्पन्न करना चाहते हैं। ऐसे माहौल में झारखंड के पिछड़ने के कारणों पर ड्राइंग रूम और सजी सभाओं में जोरदार बहस करने वाला आभिजात्य



वर्ग शहरी क्षेत्रों में सुविधाभोगी होने के कारण बहुत कम वोट देने जाता है जिससे झारखंड में ही नहीं अपेक्षाकृत कम वोटिंग होती है। पिछड़ेपन के कारणों की चर्चा सभी करते हैं पर जब कोई पढ़ा लिखा या कोई बुद्धिजीवी या बड़े सरकारी या निजी कंपनी में अच्छे पद पर कार्यरत या सदा आलोचक रहा पत्रकार राजनीति में कदम रखता है तो सारे लोग उसपर टूट पड़ते हैं। जाति की जानकारी से लेकर उसकी मंशा और उसके पिछले कार्यकाल पर ओछी टिप्पणी करने से अच्छे अच्छे लोग बाज नहीं आते। यदि राजनीति में सुधार करनी हो तो उसकी दूर से आलोचना करने से सुधार कैसे संभव है ? यदि कोई कम पढ़ा लिखा नेता किसी मंत्री या मुख्यमंत्री तो क्या प्रखण्ड स्तर पर ही काम करे तो उससे बेहतर वह व्यक्ति अवश्य करेगा जिसे पशासनिक कार्यों का पर्याप्त अनुभव हो और जो छोटे मंचों से लेकर सदन विधानसभा या संसद में तार्किक ढंग से रख सके। इसके बजाय कुछ नेता जातीय आधार पर हिस्सेदारी के नामपर अपनी जड़ें मजबूत करना चाहते हैं। इनमें से कुछ अवश्य अच्छा काम भी कर पाएं पर अनुभव में देखा जाता है कि काफी पढे लिखे और तेज तर्रार सरकारी अधिकारी या तो इनके साथ मिलकर भ्रष्टाचार के रिकॉर्ड बनाते हैं या इन नेताओं से टकराव मोल लेते हैं जिससे उनका नियमविरुद्ध बार बार ट्रांसफर होता है या विकास के कार्य अवरुद्ध हो जाते हैं। आज बहुत से कुशल राजनेता कभी सफल अधिकारी रहे हैं या सफल पत्रकार भी रहे हैं। हमें किसी अधिकारी,जज,पत्रकार या कलाकर की सिर्फ इसलिए आलोचना नहीं करनी चाहिए कि वह हमारी पसंद की पार्टी में नहीं गया क्योंकि हम सभी की सामूहिक सोच राज्य,समाज या देशहित की होनी चाहिए न कि पैसे,शराब,भय,जाति की बात करने वाले पारंपरिक मतलबी नेताओं की जिन्हें नीतियों से अधिक पद की लालसा रहती है। विश्व के ही नहीं भारत के विकसित राज्य तक योग्य लोगों पर विश्वास जताकर ही विकसित हुए हैं न कि जात पात पर।

## इंडिगो और अकासा के विमानों को बम से उड़ाने की मिली धमकी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** विमानन क्षेत्र में बम की धमकियों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। देशभर में शनिवार को एक बार फिर 10 फ्लाइट्स को बम से उड़ाने की धमकी की खबरों ने यात्रियों और प्रशासन में दहशत फैला दी। इनमें पांच इंडिगो और पांच अकासा एयरलाइंस की फ्लाइट शामिल हैं। धमकियों के मद्देनजर सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि जिन उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकी मिली उनमें से 5 फ्लाइट्स इंडिगो एयरलाइंस की थीं। इनमें तीन विमान सुरक्षित उतर चुकी हैं, जबकि दो अब भी आपातकालीन प्रोटोकॉल के तहत हवा में हैं। अकासा एयर के प्रवक्ता ने भी बयान जारी कर कहा कि एयरलाइंस की कुछ उड़ानों को सुरक्षा अलर्ट मिले हैं। विस्तारा




एयरलाइंस की तीन अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को 18 अक्टूबर को धमकी मिली, जिसमें से एक फ्लाइट को फ्रैंकफर्ट डायवर्ट करना पड़ा।

**दुबई से जयपुर इंटरनेशनल फ्लाइट में बम की धमकी :** शुक्रवार मध्य रात्रि एक और इंटरनेशनल फ्लाइट में बम की सूचना का ईमेल मिलने के बाद हड़कंप मच गया। पूरी चौकस सुरक्षा व्यवस्था के बीच जयपुर एयरपोर्ट पर विमान की लैंडिंग करवा कर विमान की जांच की गई। हालांकि कोई भी संदिग्ध सामान नहीं मिला।

## एक साझा घोषणा पत्र लेकर जनता के पास जाएंगे, बोले हिमंता बिस्वा सरमा

# एनडीए चुनाव एक साथ लड़ेगा व सरकार भी बनाएगा




**चिराग पासवान भी चुनाव में प्रचार करेंगे**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के झारखंड प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि चुनाव एनडीए एक साथ लड़ेगा और सरकार भी बनाएगा। लोजपा के केंद्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान भी चुनाव में एनडीए के प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार करेंगे। एनडीए एक साझा घोषणा पत्र लेकर जनता के पास जाएगा। हिमंता बिस्वा सरमा भाजपा प्रदेश कार्यालय में शनिवार को आयोजित प्रेस कांफ्रेंस को बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि राज्य में एनडीए के सभी घटक मिलकर चुनाव लड़ने वाले हैं और जहां भी जरूरत होगी, वहां चिराग पासवान भी चुनाव प्रचार में आएंगे। कम समय में ही लोजपा (आर) ने राज्य में अपना संगठन अच्छे से खड़ा किया है।

निश्चित तौर पर चुनाव में एनडीए गठबंधन सफल होकर सरकार बनाएगा। मौके पर लोजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान, भाजपा के राज्यसभा सदस्य डॉ प्रदीप वर्मा, लोजपा के झारखंड प्रदेश मीडिया सह प्रभारी कुमार सौरभ सिंह मौजूद थे।

### एनडीए के नेतृत्व में झारखंड में बेहतर सरकार बनेगी : बाबूलाल

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि कल ही झारखंड विधानसभा में एनडीए के घटक दलों के बीच सीट शेयरिंग पर सहमति बनी थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम सभी दल मिलकर राष्ट्रीय स्तर पर चुनाव लड़ते हैं। यह भी तय हुआ है कि हम झारखंड में भी मिलकर चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि हर एक विधानसभा सीट को जीतने के लिए चुनाव लड़ेंगे। पिछले 5 वर्षों से वर्तमान सरकार ने झारखंड के लोगों को धोखा दिया है, लूटा है। इससे झारखंड के लोगों को मुक्ति दिलानी है। झारखंड में बेहतर सरकार बनानी है। झारखंड के मजबूत होने पर प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश भी मजबूत होगा।

### गठबंधन में एक साथ रहकर चुनाव लड़ने से फर्क पड़ेगा : अरुण



लोजपा के झारखंड प्रभारी अरुण भारती ने कहा कि एक दशक के बाद लोजपा झारखंड में चुनाव लड़ रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान का निर्देश था कि झारखंड में चुनाव गठबंधन के तहत ही लड़ना है। बिहार जैसा प्रदर्शनी झारखंड में दोहराएंगे। सीटों से अधिक हमें फर्क नहीं पड़ेगा। गठबंधन में एक साथ रहकर चुनाव लड़ने से फर्क पड़ेगा। हम लोगों ने गठबंधन तय कर लिया है। पार्टी चतरा (सुरक्षित) सीट से चुनाव लड़ेगी।

## झारखंड से विश्वासघात के चलते चुनाव में जनता करेगी सत्ता से बाहर : मरांडी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि जिस संविधान की रक्षा के लिए पूरे देश में यात्राएं कर रहे हैं, उसी संविधान का उल्लंघन करते हुए झारखंड में पिछले पांच साल से आदिवासियों पर दमन और अत्याचार होता रहा, तब आप कहां थे? बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को सोशल मीडिया पोस्ट में राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए लिखा है कि झारखंड से विश्वासघात के चलते चुनाव में जनता सत्ता से बाहर करेगी। आप पूरे देश में दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों के अधिकारों की बात कर रहे हैं, लेकिन झारखंड में आपकी सरकार होने के बावजूद पिछड़ों को त्रिस्तरीय चुनाव में उनका आरक्षण नहीं मिला है।

दलितों और आदिवासियों की जमीन लूटकर बांग्लादेशी घुसपैठियों को बसाया जा रहा है। आपने और आपके सहयोगी दल झामुमो ने बांग्लादेश से आए घुसपैठियों को वोटर बनाकर संवैधानिक नियमों का उल्लंघन करते हुए, अपनी पार्टी और जेएमएम को गैर-संवैधानिक लाभ पहुंचाने की कोशिश की है। यह सब आपकी आंखों के सामने हो रहा है, लेकिन आप चुप हैं।

मरांडी ने कहा कि आपकी सरकार के सहयोगी दल झामुमो के नेता और राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अगुवाई में युवाओं को नौकरियों का झांसा देकर उनके फॉर्म के पैसे दलालों में बांट दिए जाते हैं। दलालों और बिचौलियों द्वारा परीक्षा लीक करवाई जाती है और युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा था, तब आप कहां थे? हेमंत सोरेन ने राज्य के युवाओं, माताओं और बहनों से अनेकों वादे किए, लेकिन एक भी वादा धरातल पर पूरा नहीं हुआ। उनके सहयोगी होने के नाते, क्या आप संविधान की कसम खाकर कह सकते हैं कि आपने जनता के हित में काम किया है?

## अपने झूठ व मक्कारी से बाज आए कांग्रेस : डॉ सूरज मंडल



*संविधान बचाने की नौटंकी कर रहे हैं संविधान को आघात पहुंचाने वाले*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पूर्व सांसद, झारखंड स्वशासी परिषद (जैक) के पूर्व उपाध्यक्ष एवं झारखंड मजदूर मोर्चा के अध्यक्ष डॉ सूरज मंडल ने कहा है कि संविधान को हमेशा से आघात पहुंचाते रहे और संविधान निमाताओं को हमेशा अपमानित करनेवाले कांग्रेसी आज उसी संविधान को बचाने की नौटंकी कर रहे हैं। डॉ मंडल ने कहा कि विशेष रूप से कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अपने ढकोसले, झूठ और मक्कारी से बाज आना चाहिए, क्योंकि सभी लोग कांग्रेस की हकीकत को समझ चुके हैं।

डॉ मंडल ने कहा कि तीन पुश्तों से नकली गांधी परिवार ने देशहित के खिलाफ जाकर अनेक वैसे काम किए हैं, जिसके कारण लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता जैसे अहम पद पर बैठे राहुल जी को शर्मिंदा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज अपने रांची दौरे के क्रम में संविधान सम्मान सम्मेलन में संविधान बचाने का राग अलापने वाले और बात-बात में संविधान बचाने की दुहाई देनेवाले गांधी को यह बताना चाहिए कि जब संविधान सभा के निर्वाचन के दौरान संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर को तीन-तीन बार तत्कालीन बंबई से चुनाव लड़ने से रोका गया और तब योगेंद्र नाथ मंडल ने उन्हें आज के बांग्लादेश से निर्वाचित होने के लिऐ अपनी सीट छोड़ी।

वरिष्ठ नेता ने कहा कि पाकिस्तान बनने के बाद मंडल वहां के पहले कानून मंत्री बने, लेकिन पाकिस्तान में प्रताड़ित होने के बाद जब वे भारत लौटे तो कांग्रेस के कारण ही उन्हें अपमान और गुमनामी का जीवन गुजरना पड़ा। क्योंकि, उन्होंने डॉ अंबेडकर की प्रतिभा, योग्यता, अनुभव और मान-सम्मान के साथ ही देश की अपेक्षा-आकांक्षा का भी ख्याल रखा था।

डॉ मंडल ने कहा कि कांग्रेस, और उसके नेता न केवल संविधान विरोधी हैं, बल्कि डॉ बाबासाहेब अंबेडकर के खिलाफ भी उन्होंने हमेशा साजिश ही की थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का चरित्र ही ऐसा है कि वह राष्ट्रवादी, संविधान के प्रति सच्ची भावना रखने और संविधान का सम्मान करनेवालों के खिलाफ भी पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर दुर्भाग्यपूर्ण गतिविधियों में संलिप्त है। इसलिए संविधान बचाने की कांग्रेसी नेता राहुल गांधी की नौटंकी झारखंड में नहीं चलेगी।

## दो दिवसीय आर्ट-81 फेस्टिवल का समापन

# निर्वाचन प्रक्रिया में युवाओं की सहभागिता सुदृढ़ लोकतंत्र के निर्माण में अहम : संदीप



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप कुमार सिंह ने कहा है कि निर्वाचन प्रक्रिया में युवाओं की सहभागिता सुदृढ़ लोकतंत्र के निर्माण के लिए अहम है। उन्होंने कहा कि युवा मतदाता के नैतिक मतदान के प्रति सजग होने से निर्वाचन की प्रक्रिया में सुगमता आएगी। वह शनिवार को जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय आर्ट 81 फेस्टिवल के समापन समारोह में कलाकारों एवं युवा मतदाताओं को संबोधित कर रहे थे। अपर निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि इस दो दिवसीय कार्यक्रम में आए सभी कलाकारों ने अपनी कला के माध्यम से यहां के युवा मतदाताओं को मतदान के प्रति आकर्षित करने के साथ मतदान के प्रति ज्ञानवर्धन का कार्य किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों के जरिए मनोरंजक तरीके से मतदाताओं के बीच मतदान के प्रति जागरुकता फैलाई जाती है। कार्यक्रम में कलाकारों द्वारा लाइव पेंटिंग के माध्यम से झारखंड के 81 विधानसभा क्षेत्रों को दशार्या गया। साथ ही, कार्यक्रम में आए विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के बीच प्रतिस्पर्धा का भी आयोजन किया गया। प्रतिस्पर्धा में विजयी प्रतिभागियों को पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर डीडीसी दिनेश यादव, सहायक समाहर्ता आदित्य पांडेय, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता सहित रांची जिला प्रशासन के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### प्रतिस्पर्धा में सम्मानित प्रतिभागी

नुक्कड़ नाटक ग्रुप में जेवियर कॉलेज प्रथम, मारवाड़ी कॉलेज दूसरे एवं वीमेंस कॉलेज तृतीय स्थान पर रहा। ग्रुप डांस में मारवाड़ी कॉलेज (टीम ए) प्रथम, जेवियर कॉलेज द्वितीय, वीमेंस कॉलेज (टीम ए) तृतीय। ग्रुप सांग में विनोद बिहारी महतो कोयलांचल यूनिवर्सिटी प्रथम, डोरंडा कॉलेज द्वितीय रहा। डिबेट में सलोनी कुमारी एवं प्रणव राम प्रथम, हरमन नदीम एवं ईशा गुप्ता द्वितीय स्थान पर रहे। कविता में नूर अफ्शा प्रथम, अविनाश कुमार द्वितीय श्रुति कुमारी तृतीय रहे। बेहतरीन प्रदर्शन के लिए मारवाड़ी कॉलेज को ओवरऑल चैंपियन का खिताब मिला।

## विधानसभा चुनाव को लेकर उपायुक्त और एसएसपी ने किया चेकपोस्ट का निरीक्षण

# अवैध हथियारों की आवाजाही पर विशेष नजर रखें : डीसी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर रांची के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त वरुण रंजन और एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शुक्रवार की देर रात मुरी चेकपोस्ट, झारखंड बंगाल बॉर्डर एवं दुलमी चेकपोस्ट का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान रांची सदर के अनुमंडल पदाधिकारी उत्कर्ष कुमार भी उपस्थित थे। उपायुक्त और एसएसपी ने चेक पोस्ट में तैनात पुलिस पदाधिकारी को अवैध हथियारों की आवाजाही, गोला-बारूद, शराब, नकदी की धर-पकड़ करने के लिए कई आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर आदर्श आचार संहिता के अनुपालन करते हुए निर्वाचन की शुद्धता बनाए रखने तथा चुनाव प्रचार के अत्यधिक व्यय, नकद एवं सामग्री के माध्यम से वोट के लिए प्रलोभन, अवैध हथियारों की आवाजाही, गोला बारूद, शराब, असामाजिक तत्वों इत्यादि पर निर्वाचन के दौरान रोकथाम एवं व्यय अनुश्रवण पर निगरानी रखने के लिए चेक पोस्ट स्थापित किया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी वरुण रंजन ने निरीक्षण के दौरान मौजूद थाना प्रभारी सिल्ली को निर्देश देते हुए कहा कि अवैध हथियारों की आवाजाही, गोला-बारूद, शराब, असामाजिक तत्वों इत्यादि पर विशेष नजर रखें, ताकि चुनाव में शुद्धता बनी रहे।

### उपायुक्त ने सभी निवार्ची कोषांगों का किया निरीक्षण

उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी वरुण रंजन ने शनिवार को सभी जिला निवार्ची कोषांगों का निरीक्षण किया। डीसी ने निरीक्षण क्रम में निवार्ची कोषांगों की पूरी व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने सभी निवार्ची पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के सभी दिशा-निर्देश का पालन सुनिश्चित रूप कराएं। उपायुक्त ने रांची, हटिया, कांके, मांडर के निवार्ची कोषांगों का जायजा लेते हुए निवार्ची पदाधिकारियों से अभ्यर्थियों से लिए जाने वाले और अभ्यर्थियों को देने वाले सामग्री की व्यवस्था का रिव्यू किया। उन्होंने सीसीटीवी के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान चेक लिस्ट के बारे में जानकारी, आगंतुक के बैठने लिए प्रतीक्षा कक्ष के बारे में जानकारी ली। पूरे निरीक्षण के दौरान उन्होंने संतुष्टि जाहिर की। इस दौरान सभी पदाधिकारी, सभी सहायक निवार्ची पदाधिकारी, निवार्ची सेल के सभी कर्मी उपस्थित थे।

## आईजी अखिलेश झा ने चेकपोस्ट का किया निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में आगामी विस चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर पुलिस अलर्ट मोड में है। इसी क्रम में शनिवार को रांची जोनल आईजी अखिलेश झा ने अंतरराज्जीय चेकनाका का निरीक्षण किया। इस दौरान चेकनाका में तैनात मजिस्ट्रेट, पदाधिकारी और जवानों को सख्ती से वाहनों की जांच करने का आदेश दिया है। वहीं, किसी भी संदिग्ध वाहन को अविलंब हिरासत में लेते हुए पुलिस कंट्रोल रुम को सूचना देने का आदेश दिया है।

## रोटी, बेटी और माटी को बचाने के लिए संघर्ष कर रही भाजपा : अर्जुन मुंडा

**मीरा मुंडा को प्रत्याशी बनाए जाने पर पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त किया**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/जमशेदपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने भारतीय जनता पार्टी द्वारा पोटका (46) विधानसभा से उनकी पत्नी मीरा मुंडा को प्रत्याशी बनाए जाने पर पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। मुंडा ने कहा कि भाजपा इस बार रोटी, बेटी और माटी पर वर्तमान सत्तारूढ़ पार्टी के हमले से प्रदेश की जनता को निजात दिलाने के लिए संघर्ष कर रही है। त्रस्त जनता इस इंडी गंठबंधन की सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए कृत संकल्प है।

### पोटका विस सीट की प्रत्याशी डॉ मीरा मुंडा का परिचय



डॉ मीरा मुंडा, झारखंड के तीन बार के मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की पत्नी है। उन्होंने कोल्हान विश्वविद्यालय से पीएचडी की उपाधि ग्रहण की हैं। मीरा मुंडा 30 वर्षों से सामाजिक कार्यों में पूरे राज्य में काफी सक्रिय हैं और इन सब कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती हैं। सामाजिक कार्यों के साथ -साथ मीरा मुंडा राजनीतिक कार्यों में भी सक्रिय हैं। 1999 से वे भारतीय जनता पार्टी की सदस्य हैं।

## 85 वर्ष से अधिक आयु वाले को मिलेगी पोस्टल बैलेट की सुविधा

**रांची।** केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने झारखंड विधानसभा आम चुनाव में 85 वर्ष से अधिक आयु के निर्वाचक और शारीरिक निःशक्त बेंचमार्क वाले निर्वाचक, जिन्हें राज्य की निर्वाचक नामावलियों के डाटा बेस में पहले से ही चिह्नित या इंगित किया गया है, को डाकपत्र से मतदान की सुविधा मिलेगी। इसके लिए उन्हें आवेदन करना होगा। संबंधित रिटर्निंग पदाधिकारी द्वारा पूरी तरह से आवेदन के सत्यापन के बाद ऐसे निर्वाचकों को पोस्टल बैलेट करने की सुविधा दी जाएगी।

### आज | कल




## प्रथम चरण के नामांकन के दूसरे दिन एक पर्चा दाखिल, बोले रवि कुमार

# 50 हजार तक नकद रुपये लेकर चलने की छूट

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि प्रथम चरण के विधानसभा चुनाव के नामांकन के दूसरे दिन शनिवार को सिर्फ एक व्यक्ति ने हटिया से अपनी उम्मीदवारी का पर्चा दाखिल किया है। इसे लेकर अब तक विभिन्न विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में दाखिल नामांकनों की कुल संख्या 4 हो गई है। उन्होंने बताया कि 20 अक्टूबर को रविवार का अवकाश होने के कारण नामांकन पत्र दाखिल नहीं होंगे।

वह शनिवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे। एक सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि नकद 50 हजार रुपये लेकर चलने पर कोई पाबंदी नहीं है। 50 हजार से 10 लाख रुपये तक नकद लेकर चलने पर उसे जब्त कर संबंधित डीडीसी की कमिटी में यह परीक्षण होगा कि यह राशि चुनाव कार्य या आपराधिक गतिविधि से जुड़ा है या नहीं। यदि इससे जुड़ा मिला, तो उसे जब्त कर कानूनी कार्रवाई होगी। कमिटी यदि आश्वस्त होती है कि राशि वैध है, तो उसे संबंधित व्यक्ति को सौंप देगी। वहीं, यदि किसी को बैंक आदि में रुपये जमा करना होता है, तो वह डीडीसी की पूवार्नुमति लेकर बिना रोक टोक ऐसा कर सकता है। 10 लाख से ऊपर की जब्त राशि के मामले को आयकर विभाग देखेगा।

उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक तीन करोड़ 15 लाख से अधिक के अवैध सामान और नकदी जब्त की गयी है। 49.61 लाख की सर्वाधिक जब्ती पाकुड़ में हुई है। इसी प्रकार, धनबाद में 46.72 लाख, दुमका में 34.23 लाख और पलामू में अब तक 29.04 लाख रुपये मूल्य के अवैध सामान और नकदी की जब्ती हुई है। 10 लाख से अधिक जब्ती वाले जिलों में गोड्डा, हजारीबाग, रामगढ़, चतरा, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला-खारसावां और रांची शामिल हैं। इसमें राज्य पुलिस ने सर्वाधिक 1 करोड़ 60 लाख की जब्ती की है। वाणिज्य कर विभाग ने 61 लाख और आबकारी विभाग ने 59 लाख से अधिक की जब्ती की है।



*अब तक तीन करोड़ 15 लाख से अधिक के अवैध सामान और नकदी जब्त*

### पांच विधानसभा क्षेत्र की स्थिति (शनिवार को)

| क्षेत्र | नामांकन | फॉर्म बिक्री |
|---|---|---|
| 58 तमाड़ | 00 | 00 |
| 63 रांची | 00 | 01 |
| 64 हटिया | 01 | 03 |
| 65 कांके | 00 | 01 |
| 66 मांडर | 00 | 01 |

### निर्वाचन कार्य में लगे मतदाताओं को फॉर्म 12 भरना है : सीईओ



सीईओ के. रवि कुमार ने कहा है कि पोस्टल बैलेट से मतदान करने के लिए फॉर्म 12 एवं 12डी मतदाताओं द्वारा भरा जाना है। इसकी सूची तैयार करते समय इस बात पर अवश्य ध्यान दें कि आवश्यक सेवाओं से जुड़े कर्मियों, अबसेंटी वोटर, फिजिकली डिसेबल्ड एवं सीनियर सिटीजन द्वारा फॉर्म 12डी भरा जाना है। वहीं, जिन मतदाताओं की निर्वाचन कार्य में ड्यूटी लगी है, वैसे मतदाताओं को फॉर्म 12 भरना है। रवि कुमार शनिवार को सभी जिले के जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं पोस्टल बैलेट सेल के पदाधिकारियों के साथ निर्वाचन सदन में ऑनलाइन माध्यम से समीक्षा बैठक कर रहे थे। कुमार ने कहा कि 20 अक्टूबर को मुख्यालय स्तर पर सभी जिले के पोस्टल बैलेट सेल की पहली बैठक बुलाई गई है। इस बैठक में अपने जिले में प्राप्त वैसे सभी फॉर्म, जो अन्य जिलों से संबंधित हैं, उसे बैठक में संबंधित जिलों को उपलब्ध करा दें। उन्होंने कहा कि पोस्टल बैलेट से मतदान कराने के लिए सभी कार्यों के लिए कैलेंडर तैयार है। उसके अनुपालन के साथ पोस्टल बैलेट से मतदान का कार्य कराना सुनिश्चित करें। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि पोस्टल बैलेट से मतदान करने की अर्हता रखने वाले एक भी मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रहें, इसे लेकर ससमय आवंटित कार्यों का निष्पादन करें। उन्होंने बताया कि आवश्यक सेवा से संबंधित कुल 16 सेवाएं चिह्नित हैं। उसमें रेलवे परिवहन (यात्री और माल) सेवा, वैसे मीडियाकर्मी जिन्हें मतदान दिवस की गतिविधियों को कवर करने के लिए आयोग की मंजूरी से प्राधिकार पत्र जारी किए गए हैं, उनमें बिजली विभाग, बीएसएनएल, डाक और टेलीग्राम, दूरदर्शन, आकाशवाणी, राज्य दुग्ध संघ और दुग्ध सहकारी समितियां, स्वास्थ्य विभाग, विमानन, अग्निशमन सेवाएं, यातायात पुलिस, एंबुलेंस सेवा, जेल, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण और पत्र सूचना कार्यालय के लोग शामिल हैं। इन्हें ससमय फॉर्म 12डी उपलब्ध करा दें, ताकि वे ससमय अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकें। मौके पर मुख्य निर्वाचन कार्यालय की ओएसडी गीता चौबे, अवर सचिव घनश्याम प्रसाद मौजूद थे। वहीं, ऑनलाइन माध्यम से सभी जिले के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सहित उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं पोस्टल बैलेट प्रकोष्ठ के नोडल पदाधिकारी जुड़े थे।

## विधायक लंबोदर महतो 24 को दाखिल करेंगे नामांकन पत्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो 24 अक्टूबर को एनडीए प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल करेंगे। नामांकन दाखिल करने के बाद तेनुघाट स्थित जुबली मैदान में एक विशाल नामांकन सभा को भी संबोधित करेंगे। इस नामांकन सभा को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो, गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी व एनडीए कई वरीय नेता संबोधित करेंगे।

## लंबोदर ने झुमरा पहाड़ पर चलाया जनसंपर्क अभियान



**गोमिया।** गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने गोमिया प्रखंड के पंचमो पंचायत अंतर्गत झुमरा पहाड़ में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस क्रम में उन्होंने लोगों से पुनः आशीर्वाद देने की अपील की। कहा कि हमने लोगों के बीच बराबर संपर्क एवं संवाद बनाए रखा है और आज उसी का नतीजा है कि लोगों का प्यार व स्नेह मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हमने विकास को पैमाना मानकर काम किया है। आगे भी करता रहूंगा। जनसंपर्क अभियान में महेश महतो, भीख महतो, कंचन महतो, दुलाल महतो, भुनेश्वर साव, मनोज राम, रामेश्वर महतो एवं तेज नारायण महतो आदि शामिल हुए।

### शिक्षण संस्थानों को तंबाकू मुक्त बनाने के लिए शिक्षा विभाग ने कसी कमर

# अवयस्कों को तंबाकू की लत से दूर रखना सब की जिम्मेदारी : शशि रंजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



- शिक्षण संस्थानों के 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पाद बेचने पर होगा जुर्माना
- तंबाकू मुक्त युवा अभियान 2.0 की हुई समीक्षा बैठक एवं कार्यशाला आयोजित

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव उमाशंकर सिंह की अध्यक्षता में राज्य के सभी शिक्षण संस्थानों को तंबाकू मुक्त बनाने एवं तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान के दिशा-निर्देशों के क्रियान्वयन के लिए शनिवार को तंबाकू मुक्त युवा अभियान 2.0 की समीक्षा बैठक एवं कार्यशाला हुई। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार एवं सोशियो इकोनॉमिक एंड एजुकेशनल डेवलपमेंट सोसायटी (सीड्स) के संयुक्त तत्वावधान में इस कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें सभी जिलों के शिक्षा विभाग के नोडल पदाधिकारियों एवं अन्य संबंधित पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक शशि रंजन ने कहा कि हम सब की जिम्मेदारी है कि अपने आने वाले भविष्य की चिंता करते हुए युवाओं और अवयस्कों को तंबाकू की लत से दूर रखें। उन्होंने बताया कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के मार्गदर्शन में सोशियो इकोनॉमिक एंड एजुकेशनल डेवलपमेंट सोसायटी झारखंड द्वारा तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान के दिशा-निर्देशों के अनुरूप क्रियान्वयन के लिए सकारात्मक प्रयास किए जा रहे हैं। प्रशासी पदाधिकारी, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद सच्चिदानंद द्विवेंदु तिग्गा ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा कार्यशाला के उद्देश्य के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि तंबाकू सेवन की आदत जनस्वास्थ्य के लिए एक बड़ी समस्या के रूप में वैश्विक स्तर पर उभर रहा है। इसलिए, तंबाकू सेवन के दुष्परिणाम के प्रति अवयस्क और युवा वर्ग में जागरूकता फैलाना बहुत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि झारखंड के सहयोग से स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा राज्य के सभी शिक्षण संस्थानों को तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान के रूप में विकसित किया जाएगा। सीड्स के कार्यपालक निदेशक दीपक मिश्रा ने तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम की आवश्यकता के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने बताया कि तंबाकू का उपयोग पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय बना हुआ है, लेकिन इसका कारोबार और उपयोग विकसित देशों की तुलना में विकासशील देशों में ज्यादा तेजी से बढ़ रहा है। तंबाकू उत्पाद से बच्चे, अवयस्क एवं युवा वर्ग के लोगों को बचाए जाने की आवश्यकता है। ग्लोबल यूथ टोबैको सर्वे (2019) द्वारा संपूर्ण विश्व में युवाओं द्वारा तंबाकू सेवन से संबंधित जो आकड़ें संकलित किए गए हैं, वह यह दर्शाता है कि भारत में 13-15 वर्ष के 8.5 प्रतिशत नाबालिग बच्चे किसी न किसी प्रकार के तंबाकू का उपयोग कर रहे हैं। वहीं, झारखंड मे यह 5.1 प्रतिशत है, जो चिंता का विषय है। दीपक मिश्रा ने बताया कि पिछले 8-9 वर्षों से झारखंड सरकार और सीड्स ने मिलकर राज्य एवं जिला स्तर पर तंबाकू सेवन को नियंत्रित करने के लिए काफी प्रभावी कदम उठाए हैं। उन प्रयासों का प्रतिफल गेट्स 2 के रिपोर्ट में देखने को मिला था, जिसके मुताबिक हमारे राज्य में तंबाकू सेवन करने वालों का प्रतिशत 50.1 से घट कर 38.9 पर आ गया था, लेकिन हम अब भी राष्ट्रीय औसत (28.6%) से काफी ऊपर हैं।

### रांची विश्वविद्यालय के अतिथि शिक्षकों के साथ हो रहा खेल

# सत्रह माह के मानदेय के बदले मंडरा रहा टर्मिनेशन का खतरा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




- नीड बेस्ड शिक्षकों में समायोजित होना था, पर चांसलर पोर्टल पर आवेदन करने को कहा गया
- अतिथि शिक्षकों ने कहा- जिन शिक्षकों का चयन नहीं हो पाएगा, वे बाहर हो जाएंगे

रांची विश्वविद्यालय और विवाद का आपस में गहरा नाता है। आए दिन कोई ना कोई विवाद सामने आते रहता है। रांची विश्वविद्यालय के मुख्यालय में हर दूसरे-तीसरे दिन कोई ना कोई ग्रुप अपनी समस्या को ले कर विश्वविद्यालय प्रशासन का विरोध करने पहुंचता है। हालांकि, जब से विकास कुमार ने परीक्षा नियंत्रक का पदभार सभांला है, तब से परीक्षा विभाग की समस्या कम हो गई है। वर्तमान में अतिथि शिक्षकों का विवाद चल रहा है। दरअसल, रांची विश्वविद्यालय ने वर्ष 2015 और वर्ष 2017 में द्वितीय पाली के छात्रों को पढ़ाने के लिए अनुबंध शिक्षकों की बहाली की थी। इसमें दो तरह के शिक्षक थे - पहला घंटी आधारित शिक्षक और दूसरा कक्षा आधारित शिक्षक। कक्षा आधारित शिक्षकों को ही गेस्ट फैकेल्टी कहा गया। घंटी आधारित शिक्षक अब नीड बेस्ड शिक्षक हो गए हैं। गेस्ट फैकेल्टी, यानी कक्षा आधारित शिक्षकों की समस्याओं का समाधान मांग करने पर भी नहीं किया गया। बीते 14 अक्टूबर को कैबिनेट के फैसले में गेस्ट फैकेल्टी को नीड बेस्ड में समायोजित करने का निर्णय लिया गया। इस निर्णय के कुछ दिनों बाद नोटिफिकेशन जारी हुआ और कहा गया कि रांची विश्वविद्यालय में कार्यरत घंटी आधारित शिक्षक और गेस्ट फैकेल्टी को फिर चांसलर पोर्टल पर आवेदन करने के लिए एक और अवसर दिया जा रहा है। ज्ञात हो कि गेस्ट शिक्षकों को पिछले 17 महीने से मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है। कई बार उन्होंने अपने बकाया मानदेय की मांग को ले कर धरना-प्रदर्शन भी किया है। इस तरह तो अतिथि शिक्षकों के साथ खेल हो गया है। नीड बेस्ड शिक्षकों में समायोजित करने की जगह उन्हें चांसलर पोर्टल पर आवेदन करने के लिए कहा गया है। इस विषय पर अतिथि शिक्षकों का कहना है कि जब कैबिनेट से हमें समायोजित कर दिया गया है, तो फिर हमें फॉर्म भरने को क्यों कहा जा रहा है। ऐसे तो हमारा समायोजन नहीं हो पाएगा। इसमें जो क्वालिफाई करेगा, वही समायोजित होगा। सीट भी तो लिमिटेड होंगी। जिन शिक्षकों का चयन नहीं हो पाएगा, वे बाहर हो जाएंगे। अब यहां यह प्रश्न उठता है कि जीईआर बढ़ाने के लिए दूसरी पाली की शुरुआत की गई थी। जब शिक्षक ही निकल जाएंगे, तब दूसरी पाली कैसे चलेगी। सभी कॉलेजों में जो सीटे बढ़ाई गई हैं, उन छात्र-छात्राओं का क्या होगा, उन्हें कौन पढ़ाएगा। वे तो ठगे जा रहे हैं। इधर, विश्वविद्यालय के कुलसचिव बिनोद नारायण ने कहा कि यह सकंलप में ही कहा गया है कि चांसलर पोर्टल खोल के सभी से आवेदन करवाया जाए। उसी का पालन किया जा रहा है।

## डीएवी हेहल में विद्यार्थियों को दी गई 'गुड एवं बैड टच' की जानकारी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल, रांची के सभागार में बच्चों को जागरूक एवं शारीरिक अंगों के प्रति सकारात्मक सोच उत्पन्न करने के लिए 'गुड एवं बैड टच' विषय पर शनिवार को एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा तीसरी से पांचवीं तक के विद्यार्थियों को शिक्षिका संगीता कश्यप ने विभिन्न तकनीकी माध्यमों से गुड एवं बैड टच की जानकारी दी। विद्यालय के प्राचार्य एसके मिश्रा ने इस अवसर पर कहा कि छात्रों को अच्छे स्पर्श और बुरे स्पर्श के बारे में पढ़ाना उनकी सुरक्षा और भलाई के लिए आवश्यक है। अच्छे स्पर्श का तात्पर्य स्नेहपूर्ण या आरामदायक शारीरिक संपर्क से है, जो उचित और स्वागत योग्य है। बच्चों को उनके शरीर, सीमाओं और वाणी के बारे में सशक्त बनाना और यदि उन्हें कुछ ऐसा अनुभव होता है, जो उन्हें असहज या असुरक्षित महसूस कराता है, तो उसके महत्व के बारे में ज्ञान देना महत्वपूर्ण है। प्राथमिक शाखा की प्रभारी अजंता कुमारी ने बच्चों से कहा कि यदि हमारे साथ ऐसा कुछ होता है, जो ठीक नहीं है, तो हमें अपने माता-पिता या हम जिन पर सबसे ज्यादा भरोसा करते हैं, उन्हें तुरंत बताना चाहिए। वरिष्ठ शिक्षिका अनुपमा रानी ने बच्चों से कहा कि हमें उन स्थानों को तुरंत त्याग देना चाहिए, जहां इस तरह की घटनाएं होती हैं। यदि ऐसी स्थिति उत्पन्न हो जाए, तो हमें सबसे पहले चिल्लाकर अपना बचाव करना चाहिए। यदि हमें कोई गलत ढंग से स्पर्श करे, तो हमें तुरंत उसे नकार देना चाहिए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को सुरक्षा एवं जागरूक करना है, ताकि बच्चे बिना डरे कोई भी बात अपने माता-पिता से कह सकें। कार्यशाला को सफल बनाने में विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका शीला रमेश, अनिता ठक्कर, रंजीता कुमारी आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# न्यूज बॉक्स

## सरला बिरला विश्वविद्यालय की दो छात्राओं ने यूजीसी-नेट परीक्षा में किया क्वालीफाई



**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय की छात्रा अनुश्री हेंब्रम और कामिनी कुमारी को यूजीसी-नेट परीक्षा में क्वालीफाई करने में सफलता मिली है। इस आशय की जानकारी विवि के यौगिक साइंस और नेचुरोपैथी विभाग के वरिष्ठ शिक्षक अमरेंद्र दत्त द्विवेदी ने दी। विभाग के 2022-24 बैच की दोनों छात्राओं को यह सफलता अपने पहले ही प्रयास में हासिल हुई है। दोनों ने अपनी सफलता का श्रेय विभाग के शिक्षकगणों को देते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। एसबीयू के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान, महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक, प्रभारी कुलपति एस. बी. डांडीन और डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया और उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।

## श्रीश्याम मंदिर में भंडारे का हुआ आयोजन



**रांची।** श्रीश्याम बाबा के भोग के लोकप्रिय भजन से हरमू रोड का श्रीश्याम मंदिर गूंज रहा था। अवसर का 130 वां श्रीश्याम भंडारा के अवसर का। श्रीश्याम मित्र मंडल द्वारा आयोजित 130 वे श्रीश्याम भण्डारे का भोग मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, उपमंत्री अनिल नारनोली, यजमानश्री, गोपाल शर्मा, ललित शर्मा, कृष्ण देवी शर्मा, ने समर्पित किया। श्रीश्याम मंदिर में विराजमान सभी देवी-देवता व गुरुजनों को भण्डारे का भोग अर्पित किया मण्डल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के देखरेख में भण्डारे का प्रसाद मंदिर परिसर में ही निर्मित किया गया था। भण्डारे के प्रसाद में इडली, उपमा, नारियल चटनी, केशरिया जलेबी वितरित किया गया। लगभग 2600 से ज्यादा भक्तो ने भण्डारे का प्रसाद प्राप्त किया। श्रीश्याम भण्डारे का समय होते होते श्रीश्याम मंदिर परिसर भक्तो से अट गया, हरमू रोड़ में भक्तों की कतार लग गयी। खाटूनरेश, वीर बजरंग बली की जयकारो से पुरा इलाका गूंज रहा था। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में श्रीश्याम भण्डारे का प्रसाद वितरित प्रारंभ हुआ। गोपाल शर्मा, ललित शर्मा, अंजली शर्मा, मान्यता शर्मा, कृष्ण देवी शर्मा, ने भण्डारे का वितरित किया। भण्डारे का वितरण में श्रवण ढाढ़ंनिया, श्यामसुंदर शर्मा, पूर्व सांसद अजय मारू, राजीव मित्तल, अमित सरावगी, रतन शर्मा, अनुज मार्च, आशीष डालमिया, वेदभूषण जैन पप्पू, कमलेश शावा, रमा सरावगी, कविता मित्तल, राहुल मारू, मनोज खेतावत, उपेन्द्र पाण्डेय, झूलन भुण्डा, सुकरा उरांव सहित 50 से ज्यादा भक्तो ने अपना योगदान दिया।

## कश्मीर वस्त्रालय कलेक्शन का भव्य उद्घाटन



**रांची।** महात्मा गांधी मेन रोड स्थित कश्मीर वस्त्रालय कलेक्शन का भव्य उद्घाटन हुआ। इस संबंध में गिरीश मल्होत्रा ने बताया कि ग्राहकों की सुविधा के लिए मॉल परिसर को चार परिसरों में बांटा गया है। युवाओं, बच्चों, महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग काउंटर की व्यवस्था है। उन्होंने कहा कि यहां नवजात शिशु से लेकर बड़ों तक के कपड़े उचित मूल्य पर मिलेंगे। रोज पहनने से लेकर विशेष अवसरों पर पहनने वाले कपड़ों के आकर्षक कलेक्शन लोगों का मनमोह ले रही है। तीसरे तल्ले में सलवार सूट-गाउन, चौथे तल्ले में साड़ी और लहंगा, पांचवें तल्ले में पुरुषों के लिए कपड़े और छठवें तल्ले पर मेंस वेडिंग के कपड़े हैं। दीपावली के बेहतरीन कलेक्शन पर डिस्काउंट भी उपलब्ध है। मौके पर गिरीश मल्होत्रा, संजय मल्होत्रा, दीपा मल्होत्रा सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## चुनाव को लेकर सिख समाज ने नगर कीर्तन की तिथि में किया परिवर्तन



**रांची।** सिख पंथ के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी महाराज के 555वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में निकाले जाने वाले नगर कीर्तन की तारीख में परिवर्तन करने को लेकर 19 अक्टूबर, शनिवार को दोपहर 3:30 बजे गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा मेन रोड में एक आवश्यक बैठक हुई। इसमें गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा कृष्णा नगर कॉलोनी, गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा पिस्का मोड़, गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा स्टेशन रोड, गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा हटिया, गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा कडरू, सिख सेवा सोसाईटी, सिख सेवक जत्था, गुरु नानक स्कूल पीपी कंपाउंड, गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल कमड़े एवं रांची मोटर डीलर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधि शामिल हुए। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के महासचिव गगनदीप सिंह सेठी की अध्यक्षता में हुई बैठक में उपस्थित सभी प्रतिनिधियों ने एक स्वर में चुनाव आयोग का सम्मान करते हुए और लोकतंत्र में आस्था रखते हुए नगर कीर्तन की तारीख जो कि 13 नवंबर तय की गई थी उसे 14 नवंबर करने का मत रखा। इसपर सर्वसम्मति से पास कर दिया गया।

## जीजीएसपीएस स्कूल में निःशुल्क नेत्र एवं दंत जांच शिविर का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल (जीजीएसपीएस), रांची में 18 एवं 19 अक्टूबर को पीटीएम का आयोजन किया गया। इसके साथ स्कूल के प्रांगण में ही निःशुल्क नेत्र और दंत जांच शिविर का भी आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य छात्रों के शारीरिक स्वास्थ्य का समग्र रूप से ध्यान रखना था। यह कैंप लायंस क्लब ऑफ रांची सिटी के तत्वावधान में डॉ श्वेता कुमारी और डॉ शिवालिक मित्रा की टीम की अगुवाई में लगाया गया था। इस अवसर पर स्कूल की प्राचार्या शालिनी विजय ने कहा कि हमारे स्कूल का उद्देश्य शैक्षिक विकास के साथ-साथ छात्रों के स्वास्थ्य की देखभाल करना भी है। इस तरह हम सामुदायिक स्वास्थ्य और शिक्षा के समग्र विकास की ओर अग्रसर है। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावकों ने भाग लिया। अभिभावकों ने विद्यालय के इस पहल की सराहना भी की। विशेषज्ञों ने आंख और दांत की देखभाल के लिए कई सुझाव दिए।

## झारखंड हाई कोर्ट ने डीजीपी के आदेश पर लगाई रोक

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने राज्य के डीजीपी द्वारा जारी उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें पुलिस कैडर के सब इंस्पेक्टर (पुलिस उपनिरीक्षक) रैंक के अधिकारियों को होमगार्ड कैडर में कंपनी कमांडर के पद पर ट्रांसफर किए जाने का आदेश जारी किया गया था। डीजीपी ने 13 सितंबर को झारखंड के विभिन्न जिलों में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर को होमगार्ड में कंपनी कमांडर के रूप में ट्रांसफर कर दिया था। डीजीपी के इस आदेश को रामजी कुमार सहित अन्य ने हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए अगली सुनवाई के लिए 21 अक्टूबर की तिथि निर्धारित की है।

## रेंज अफसर और सहायक वन संरक्षक की नियुक्ति में दें आरक्षण : हाई कोर्ट

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने राज्य में रेंज अफसर और सहायक वन संरक्षक के पदों पर होने वाली नियुक्ति में वानिकी (फॉरेस्ट्री) में स्नातक करने वालों को 50 प्रतिशत आरक्षण देने का आदेश दिया है। हाई कोर्ट के जस्टिस दीपक रोशन की पीठ ने कहा है कि राज्य सरकार ने इसको लेकर नीतिगत निर्णय भी लिया है। ऐसे में आगामी नियुक्तियों में वानिकी में स्नातक करने वाले अभ्यर्थियों को आरक्षण का लाभ दिया जाना चाहिए।

## चैंबर ऑफ कॉमर्स ने डीआरएम से पत्राचार कर शिकायत की

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कहा- यात्रियों के अनुकूल खाना उपलब्ध नहीं कराया जाना गंभीर बात

शताब्दी एक्सप्रेस में यात्रियों को उनकी पसंदीदा भोजन नहीं मिलने की शिकायत प्राप्त होने पर झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स ने डीआरएम को पत्राचार कर मामले की समीक्षा का आग्रह किया है। चैंबर के डीआरयूसीसी सदस्य संजय अखौरी ने कहा कि दीपावली एवं छठ महापर्व का माह होने के कारण बड़ी संख्या में यात्री नॉनवेज भोजन से परहेज करते है। वे ट्रेन में यात्रा के दौरान शाकाहारी भोजन का चयन करते हैं। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में चयन के बावजूद ट्रेन में यात्रियों को नॉनवेज भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। इसकी समीक्षा जरूरी है। पीएनआर का उल्लेख करते हुए यह बताया गया कि हावड़ा से रांची शताब्दी ट्रेन से आने के क्रम एक यात्री को वेज भोजन के बदले नॉनवेज भोजन उपलब्ध कराया गया। यात्री द्वारा आपत्ति जताए जाने पर भोजन सर्व करने वाले कर्मी द्वारा बताया गया कि ट्रेन में वेज भोजन खत्म हो गया है। चैंबर ने आपत्ति जताते हुए कहा कि शताब्दी एक्सप्रेस जैसी प्रमुख ट्रेन में खानपान की गुणवत्ता और यात्री के अनुकूल खाना उपलब्ध नहीं कराया जाना गंभीर बात है। ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई होनी चाहिए। यह आग्रह किया गया कि मामले की समीक्षा करते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि भविष्य में यात्रियों को उनकी पसंदीदा भोजन ही ट्रेन में उपलब्ध कराई जाए।

# डालसा रांची ने सभी थानों और प्रखंड कार्यालय में नियुक्त किए पीएलवी

नवचयनित 90 पीएलवी के प्रशिक्षण कार्यक्रम में दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) के दिशा निर्देश पर और न्यायायुक्त सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा), रांची के मार्गदर्शन में डालसा, रांची ने जिले के सभी प्रखंड कार्यालय में दो-दो और थानों एवं ओपी में एक-एक पीएलवी की नियुक्ति कर दी है। नवचयनित 90 पीएलवी के प्रशिक्षण कार्यक्रम में डालसा सचिव ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव कमलेश बेहरा ने बताया कि जरूरतमंदों की सहायता करना और लोगों को सहायता पहुंचाना ही पीएलवी का प्रमुख कार्य है। इसलिए मन लगा कर कार्य करें और समाज के प्रति अपने कर्तव्य का पूर्ण निर्वहन करें। उन्होंने समाज के लिए डालसा से जुड़कर काम करने के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी। नवनियुक्त पीएलवी की कार्य क्षमता को प्रभावी बनाने के लिए एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इसमें सिंदवार टोली ग्रामोद्योग विद्यालय संस्था के अरविंद कुमार ने बाल विवाह पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बाल विवाह को रोकने के लिए न्यायालय एवं सरकार द्वारा अनेक प्रयास किया जा रहे हैं। जागरूकता कार्यक्रम भी चलाया जा रहा है और बाल विवाह को रोकने के लिए सरकार ने प्रखंड स्तर एवं पंचायत स्तर पर कई पदाधिकारियों को नियुक्ति भी किया है। बाल विवाह की सूचना देने पर करवाई की जाती है और सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाती है। जिला समाज कल्याण विभाग से आई महिला पर्यवेक्षक छवि पाठक ने सावित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि योजना के तहत मिलने वाले लाभ के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि क्या कागजात और प्रमाण की आवश्यकता होती है और आवेदन कहां जमा करना है और लाभ किनको मिल सकता है? साथ ही, प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना और मुख्यमंत्री कन्यादान योजना की भी संपूर्ण जानकारी दी। बाल संरक्षण विभाग से आई संरक्षण पदाधिकारी सीमा शर्मा ने बताया कि स्पांसरशिप और फॉस्टर केयर योजना का किनको लाभ मिल सकता है। डालसा रांची के अकाउंटेंट ने पीएलबी को अपना अभिलेख तैयार करने के संबंध मे पूर्ण जानकारी दी।

## बीआईटी लालपुर में अतिथि व्याख्यान का हुआ आयोजन

**रांची।** बीआईटी मेसरा लालपुर में शनिवार को एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। पुणे के संस्थान एम डॉक्स में प्रबंधक के रूप में कार्यरत बीआईटी की पूर्वर्ती छात्रा ऋचा जायसवाल इस आयोजन में शामिल हुईं और कंप्यूटर साइंस के विद्यार्थियों को अपने अनुभव बहुत ही सहजता से बताए। उन्होंने नवाचार पर ध्यान केंद्रित करते हुए जेनटिव एमआई विकसित परिदृश्य की गहरी जानकारी छात्रों के बीच साझा की। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को अपने विषय के प्रति जिज्ञासु बनने की बात कही। आज के इस कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित बीआईटी के प्रभारी डॉ प्रणव कुमार ने इस प्रकार के शैक्षणिक व्याख्यान आयोजित करने के लिए डॉ अमृता प्रियम और डॉ संजय कुमार को बधाई देते हुए इस कार्यक्रम की भविष्य में छात्रों को मिलने वाले फायदे के बारे में बताया। आज के इस आयोजन में डॉ अमृता प्रियम, डॉ संजय कुमार, डॉ उमेश प्रशाद, शुभाशीष रॉय, डॉ कुंतल मुखर्जी, मनोज गिरी, डॉ वीके शर्मा, सुनील उरांव सहित कार्यक्रम समन्यक स्नेहा, निविकार ने भाग लिया।

# दस नवंबर को रांची में होगा ब्रह्माकुमारी शिवानी बहन का कार्यक्रम

- खेलगांव के हरिवंश टाना भगत स्टेडियम में होगा 'उत्सव हर पल' का आयोजन
- निर्मला बहन ने कहा, नारी शक्ति सम्मान से सम्मानित हैं बीके शिवानी बहन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




अंतरराष्ट्रीय मोटिवेशनल वक्ता ब्रह्माकुमारी शिवानी बहन प्रथम बार रांची आ रही हैं। हरमू रोड के चौधरी बगान स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र में इस संबंध में शनिवार को केंद्र संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि ब्रह्माकुमारी शिवानी बहन रांची पधार रहीं हैं। ब्रह्माकुमारी शिवानी विश्व ख्याति प्राप्त अंतरराष्ट्रीय मोटिवेशनल स्पीकर हैं। उन्होंने कहा, वर्ष 2019 में भारत के राष्ट्रपति द्वारा उन्हें नारी शक्ति सम्मान से सम्मानित किया गया है। ब्रह्माकुमारी (बीके) शिवानी ने अपने आध्यात्मिक विचारों के माध्यम से एक दशक से भी अधिक समय से विश्व में विशेष रूप से भारत, अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, अफ्रीका और एशिया के लोगों के मन की चिंता और तनाव, गंदी आदतें, नाखुश रिश्तों और आत्म सम्मान से जुड़ी मुश्किलों को सुलझाने में मदद की है। ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने बताया कि बीके शिवानी बहन के आने के अवसर पर ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र चौधरी बगान, हरमू रोड द्वारा 10 नवंबर 2024 को रांची के खेलगांव स्थित हरिवंश टाना भगत इनडोर स्टेडियम में 'उत्सव हर पल' कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उत्सव हर पल कार्यक्रम का आयोजन संध्या 4.00 बजे से होगा। उन्होंने कहा कि आगंतुकों को आधा घंटा पहले 3:30 बजे तक आ जाना होगा। सभागार भरने पर गेट बंद हो जाएगा। कहा कि रजिस्ट्रेशन सहायता के लिए मोबाइल नंबर 8709196776, 9334441740 पर संपर्क कर सकते हैं।

## एक नजर

### मनोज बरही व अमित बरकट्ठा के बने भाजपा उम्मीदवार

**बरही ।** सारी अटकलों को दूर करते हुए भाजपा गठबंधन ने पहली सूची जारी करते हुए झारखंड के 66 सीटो के लिए उम्मीदवारों के नाम पर मुहर लगा दिया है. भाजपा प्रदेश कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के आधार पर भाजपा ने बरही 21 विधान सभा के लिए बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव और बरकट्ठा 20 के लिए बरकट्ठा के निवर्तमान निर्दलीय विधायक अमित कुमार यादव को उम्मीदवार बनाया है. इसी के साथ सारी अटकलों पर विराम लग गया है. विदित हो कि बरही विस से पूर्व विधायक श्री यादव ने चार बार कांग्रेस के टिकट से विधायक बन चुके है. 2019 के चुनाव में उन्होंने कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थामा था. जिन्हे कांग्रेस के निवर्तमान विधायक उमाशंकर अकेला यादव से करीब आठ हजार मतों से पीछे रहना पड़ा था।

### रात्रि में भी एसडीओ कर रहे हैं चेकपोस्ट का औचक निरीक्षण

**बरही ।** विधानसभा चुनाव को लेकर पूरे अनुमंडल क्षेत्र में प्रशासनिक सक्रियता बढ़ी हुई है. चुनाव ने गड़बड़ी या धांधली को रोकने के लिए हर एक संभावित ठिकानों पर लगातार निरीक्षण जारी है. बाहर से आने वाले हर एक वाहनों की जांच की जा रही है. इसी क्रम में एसडीओ जोहान टुड्डू शुक्रवार की रात्रि करीब 8 बजे चोरदाहा चेकपोस्ट पहुंचे. साथ ही अपनी निगरानी में बिहार की ओर से आने वाले वाहनों का जांच करवाया. इस दौरान एसडीओ ने निजी वाहन के डिक्की सहित वाहन के अंदर का हिस्सा जांच किया. एसडीओ ने जांच में तैनात जवान और अधिकारियों को वाहनों की कड़ाई से जांच करने तथा वाहन में बैठे लोगों पर भी नजर रखने का निर्देश दिया. वाहन में अवैध वस्तु, बड़ी संख्या में नकद राशि या आपत्तिजनक सामान पाए जाने पर तत्काल जब्त करने का निर्देश दिया।

### अवैध शराब के विरुद्ध उत्पाद विभाग ने चलाया छापेमारी अभियान

**रामगढ़।** आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने के उपरांत के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देशानुसार एवं सहायक आयुक्त उत्पाद सुनील कुमार चौधरी के आदेशानुसार उत्पाद बल एवं सशस्त्र गृहरक्षकों के सहयोग से गोला थाना अंतर्गत अवैध शराब बिक्री व निर्माण के विरुद्ध चलाया गया सघन छापेमारी अभियान। छापेमारी अभियान के दौरान ऊरुउ चौक, गोला मार्केट एवं रजरप्पा थाना अंतर्गत बाबा भंडारी लाईन होटल में सघन व व्यापक छापामारी कर 32 पीस विदेशी शराब, 10 पीस देशी शराब एवं 18 पीस केन बीयर बरामद करते हुए करीब 6 लीटर विदेशी शराब, 9 लीटर बीयर एवं 1.80 लीटर देशी शराब जब्त किया गया।

### जन उपयोगी नहीं हो सका रेल परिसर में बना पब्लिक टायलेट

# रेलवे ने सीसीएल सीएसआर मद से कराया है निर्माण

### खलारी स्टेशन पर नहीं है व्यवस्थित शौचालय

खलारी स्टेशन पर रात दिन यात्री ट्रेनों का आवागमन है। प्रतिदिन हजारों की संख्या में यात्री व उन्हें लेने-छोड़ने वाले स्टेशन पहुंचते हैं। स्टेशन परिसर में रेलवे के कई टायलेट हैं, परंतु एक भी व्यवस्थित नहीं है। जिससे आम लोगों को काफी परेशानी होती है। 'पे एंड यूज मोड' पर होने के कारण इस पब्लिक टायलेट के साफ सुथरा रहने की उम्मीद थी। मालूम हो कि इसी परिसर में सीसीएल के एनके एरिया द्वारा सीएसआर के तहत बनाया गया शौचालय रेलवे को सौंप दिया गया था। परंतु रेलवे के संबंधित विभाग ने इसके साफ सफाई और देखभाल पर ध्यान नहीं दिया। जिसके कारण यह बदहाल हो गया। थर्ड रेललाइन बिछाने के क्रम में खलारी स्टेशन का भी कायाकल्प किया जा रहा है। स्टेशन का नया भवन निमार्णाधीन है। उम्मीद है नए भवन में व्यवस्थित जनोपयोगी शौचालय होगा।

**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**

खलारी रेलवे परिसर में बना पब्लिक टायलेट निर्माण पूरा होने के दो साल बाद भी आमजन के लिए उपयोगी नहीं हो सका। इस पब्लिक टायलेट का निर्माण सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के कारपोरेट सामाजिक दायित्व के फंड से किया गया है। टायलेट के उपर बकायदा सीसीएल के सीएसआर से निर्मित होने का बोर्ड लगा हुआ है। वर्ष 2022 में ही यह टायलेट बनकर तैयार हो गया था। परंतु आज तक आमजन के लिए उपयोगी नहीं हो सका। इस टायलेट का इस्तेमाल 'एंड यूज' मोड पर किया जाना था। परंतु टायलेट में हमेशा ताला लगा रहता है। आने जाने वाले यात्री सहित आसपास के लोग टायलेट के नहीं चालू होने पर तरह तरह के कयास लगाते रहते हैं।

### सीसीएल ने रेलवे को सौंप दिया था फंडः एसएस लाल




सीसीएल सीएसआर से रेलवे स्टेशनों पर बने पब्लिक टायलेट के संबंध में सीसीएल के एचओडी (सीएसआर) एसएस लाल ने बताया कि पब्लिक टायलेट रेलवे के जमीन पर बना है और इसका निर्माण भी रेलवे के द्वारा ही कराया गया है। सीसीएल ने अपने सीएसआर योजना के तहत पूरे लागत का फंड रेलवे को दे दिया था। इसके निर्माण से लेकर चालू कराने की जिम्मेवारी रेलवे की थी। कहा कि इसका उपयोग आम जनता को करना है।

### एजेंसी ने आज तक नहीं किया हैंडओवर : जान सोरेंग

खलारी स्टेशन अधीक्षक जान सोरेंग ने बताया कि इस पब्लिक टायलेट का निर्माण करने वाले एजेंसी ने निर्माण के बाद इसे आज तक सौंपा ही नहीं है। इस पब्लिक टायलेट को 'पे एंड यूज' मोड में इस्तेमाल किया जाना था। इसमें पानी का कनेक्शन भी नहीं जोड़ा गया है। धनबाद रेल डिवीजन के खलारी, मैकलुस्कीगंज, टोरी सहित कई रेलवे स्टेशनों में सीसीएल सीएसआर फंड से पब्लिक टायलेट का निर्माण एक साथ कराया गया था। निर्माण के बाद सीसीएल ने भी कभी इसकी सुधि नहीं ली।

### आने-जाने वाले वाहनों की फोटोग्राफी सहित रिकॉर्ड करें मेंटेन : डीसी

**बरही ।** शनिवार को देर रात्रि 9 बजे जिला निवार्ची पदाधिकारी सह डीसी नैंसी सहाय जीटी रोड स्थित चौपारण प्रखंड के चोरदाहा चेकपोस्ट पहुंची. जहां चेकपोस्ट पर तैनात अधिकारियो व सुरक्षा अधिकारियों से वाहन जांच संबंधित जानकारी लिया. इस दौरान एसडीओ जोहन टुडू, एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल, चौपारण बीडीओ व सीओ मौजूद थे. डीसी ने सभी अधिकारियों को बिहार से आने वाली सभी गाड़ियों का बारीकी से निरीक्षण करने का निर्देश दिया. साथ ही निरीक्षण में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने का निर्देश दिया. निरीक्षण के दौरान वाहनों में भारी मात्रा में पैसा, शराब आदि सहित नशीले पदार्थो के परिवहन पर पूरी तरह रोक लगाने का निर्देश दिया. इस दौरान आने जानेवाले सभी वाहनों के फोटोग्राफी और रिकॉर्ड भी मेंटेन करने आदि सहित कई आवश्यक निर्देश दिए. विदित हो कि विधानसभा चुनाव स्वच्छ और पारदर्शी करवाने को लेकर बरही अनुमंडल में चोरदाहा को अंतर्राज्यीय चेकपोस्ट बनाया गया है।

## न्यूज बॉक्स

### रौतिया समाज को अनुसूचित जाति का दर्जा दिलाने को लेकर राज्यपाल से मिला प्रतिनिधिमंडल



**लापुंग।** रौतिया समाज को अनुसूचित जाति की मांग को लेकर केंद्रीय उपाध्यक्ष रामशंकर सिंह के नेतृत्व में झारखंड के राज्यपाल से मिल कर ज्ञापन सौंपा। डॉ० रामदयाल मुंडा शोध संस्थान मोराबादी रांची के द्वारा संस्थान के निदेशक सुचित्रा सिन्हा द्वारा शोध पत्र एवं रघुवर दास पूर्व मुख्यमंत्री झारखण्ड सरकार को दी गई ज्ञापन एवं रौतिया जाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने हेतु आवश्यक दस्तावेज राज्यपाल संतोष गंगवार को सौंपा गया। रामशंकर सिंह ने बताया कि यह हमारी बहुत पुरानी मांग है कि रौतिया जाति को आदिवासी की दर्जा दिया जाय। मांग को राम शंकर सिंह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय रौतिया समाज विकास परिषद् एवं साथ में महेश सिंह अध्यक्ष प्रखण्ड बानो जिला सिमडेगा शामिल थे।

### ससुराल पक्ष के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज, विवाहिता को जलाने का आरोप

### पति गिरफ्तार, भेजा गया न्यायिक हिरासत में

**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**

खलारी थाना क्षेत्र के हुटाप मोड़ में शुक्रवार तड़के 26 वर्षीय विवाहिता फरजाना खातुन के जलने के मामले में उसके पति, सास, ससुर और नंदोसी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मालूम हो कि गंभीर रूप से जली फरजाना को खलारी थाना पुलिस रिम्स पहुंचाई जहां वह इलाजरत है। फरजाना के भाई अलीमाम अंसारी ने ससुराल वालों के द्वारा प्रताड़ित कर जलाए जाने का आरोप लगाते हुए खलारी थाना में लिखित शिकायत दिया था। पुलिस द्वारा पीड़िता का बयान लेने के बाद शुक्रवार को ही प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया। प्राथमिकी में फरजाना के पति जाकिर अंसारी, नंदोशी मजीबुल अंसारी, ससुर अब्दुल जब्बार अंसारी तथा सास को आरोपी बनाया गया है। इनलोगों के खिलाफ बीएनएस 2023 की धारा 118(1), 118(2), 109(1), 85, 3(5), तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 की धारा 3 व 4 के तहत प्राथमिकी दर्ज किया गया है। पुलिस ने फरजाना के पति जाकिर अंसारी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### बीडीओ व सीओ ने प्रखंड के विभिन्न मतदान केंद्रों का किया स्थल निरीक्षण

**बरही ।** शनिवार की देर संध्या बीडीओ जयपाल महतो व सीओ अमित किस्कू ने प्रखंड के करसो, गौरियाकरमा, केदारुत व खोड़ाहर पंचायत के विभिन्न मतदान केंद्रों का स्थल निरीक्षण किया. इस दौरान मतदान केंद्र पर शौचालय, पेयजल, बिजली, वृद्धों के लिए रैंप आदि मूलभूत सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया गया. साथ ही कमीयो को तत्काल दूर करने का निर्देश दिया. निरीक्षण के क्रम में दोनो अधिकारियो ने गौरियाकरमा के मतदान केंद्र संख्या 278, 279, 280, 281, 282 खोड़ाहार के मतदान केंद्र संख्या 283, 284 केदारूत के मतदान केंद्र संख्या 294, 295, 296, 297, 298 299 और करसो के मतदान केंद्र संख्या 289, 290, 291 का स्थल निरीक्षण किया गया. इस दौरान बूथ संख्या 282 पर बिजली, 280 और 284 में शौचालय को दुरुस्त करने का निर्देश दिया. जिससे मतदाताओं को मतदान के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हो. निरीक्षण के क्रम में दोनो अधिकारियो के साथ बीएलओ सुपरवाइजर सुरेन्द्र कुमार दास, उपेंद्र कुमार दास, चालक वासित हुसैन और चौकीदार सुभाष यादव मौजूद थे.

### दो दिवसीय राजकीय ऐतिहासिक मुड़मा जतरा का हुआ समापन

# जतरा खूंटा पहुंचकर असम के सीएम व बाबूलाल मरांडी ने की पूजा-अर्चना

*मेले को देखने के लिए ना सिर्फ झारखंड के ही लोग आते हैं, बल्कि दूसरे राज्य से लोग भी आते हैं*



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**

प्रखण्ड के मुड़मा में दो दिवसीय राजकीय ऐतिहासिक मुड़मा जतरा मेला का समापन शानिवार को असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्व शर्मा और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की उपस्थिति में हुई। इस दौरान भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो उपस्थित रहे। मंच में अतिथियों को साल ओढ़ाकर और पुष्प गुछ देकर धर्म गुरु बंधन तिग्गा द्वारा सम्मानित किया गया। इस ऐतिहासिक जतरा में झारखंड के साथ साथ बाहर से भी स्टॉल लगानेवाले व्यापारी आते हैं। जतरा स्थल में मनोरंजन के खूब साधन मौजूद हैं। यहां पर बंगाल से आए मछली फसाने के जाल की दुकान काफी संख्या में मौजूद है। वहीं जगह- जगह मेला की मिठाई कहे जाने वाले गन्ना (केतारी) की दुकान भी काफी तादाद में है। इस बार लोगों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। जानकारी देते हुए धर्म गुरु बंधन तिग्गा ने बताया कि विधिवत रूप से आज सोमवार को दो दिवसीय मुड़मा जतरा का शुरूआत किया गया था। मौके पर बिहार, बंगाल, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, असम, नेपाल से आये हुए पाहान सहित हजारों लोग उपस्थित थे। पारंपरिक नृत्य एवं घोड़ा द्वारा किए गए प्रदर्शन को देखकर असम के मुख्यमंत्री काफी प्रभावित हुए। इस मेले को देखने के लिए ना सिर्फ झारखंड के ही लोग रहते है बल्कि दूसरे राज्य जैसे छत्तीगढ़, बिहाल, बंगाल, उड़ीसा, मध्यप्रदेश के लोग भी आये हुए थे। मेला घुमने वालों का कहना था कि यह मेला एक ऐतिहासिक मेला है इस मेले में झारखंड की संस्कृति झलकती है। रंग-बिरंगी झलकियां दिखाई देती हैं।

### जवाहर लाल नेहरू के जमाने से आरक्षण हटाने का धुन गा रही है कांग्रेस : अरुण हलदर




**खूंटी।** राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग भारत सरकार के पूर्व अध्यक्ष अरुण हलदर ने कहा कि कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने अपने अमेरिका दौरा यात्रा के दौरान आरक्षण हटा देने संबंधी दिये गये बयान के लिए उन्हें देश से माफी मांगनी चाहिए। भाजपा कार्यालय में शुक्रवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में अरुण हलदर ने कहा कि राहुल गांधी ने अपनी अमेरिका यात्रा के दौरान कहा था कि वह आरक्षण हटा देंगे, यह वही धुन है, जो राहुल गांधी का परिवार जवाहरलाल नेहरू के जमाने से गाता आ रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने 57 वर्षों तक देश में शासन किया, लेकिन इस दौरान उसने अपने राजनीतिक उद्देश्यों को साधने के लिए संवैधानिक प्रक्रियाओं का दुरुपयोग किया और सामाजिक उद्देश्यों की अपेक्षा की। हलदर ने कहा कि कांग्रेस ने कभी भी संविधान के मूलभूत आरक्षण सिद्धांतों को सही भावना और रूप में लागू करने की राजनीतिक इच्छा शक्ति नहीं दिखाई। उन्होंने कहा कि नेहरू सरकार ने 1956 में पिछड़े वर्गों को आरक्षण देने की काका कालेलकर रिपोर्ट को खारिज कर दिया। जवाहरलाल नेहरू ने 1961 में मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखकर कहा कि आरक्षण से अक्षमता और दोयम दर्जे का मानक पैदा होता है। उन्होंने कहा कि नेहरू ने डॉ आंबेडकर के सामाजिक और राजनीतिक जीवन को समाप्त करने का षड्यंत्र किया। 1952 के लोकसभा चुनाव और 1954 के लोकसभा चुनाव में डॉ आंबेडकर को हराने का पाप किया। हलदर ने कहा कि धारा 370 और 35 को समाप्त कर जम्मू कश्मीर के अनुसूचित जाति वर्ग को 70 वर्ष बाद सामाजिक न्याय और सम्मान देने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है। उन्होंने कहा कि 1975 में इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगाकर संविधान की आत्मा को कुचल दिया था।

### मांडर विधानसभा क्षेत्र से सन्नी टोप्पो को भाजपा का प्रत्याशी बनाए जाने पर खुशी की लहर



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

मांडर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के नेतृत्व के द्वारा सन्नी टोप्पो पर भरोसा कर उन्हें प्रत्याशी बनाए जाने से भाजपा के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर छा गई है। बेड़ो के मंडल अध्यक्ष बलराम सिंह, नरकोपी मंडल अध्यक्ष तेजू दास, लापुंग मंडल अध्यक्ष हरिमोहन साहु, सहित इटकी, चान्हो एवं मांडर मंडल के अध्यक्ष सहित सभी भाजपा कार्यकर्ताओं, मंडल के पदाधिकारियों, पंचायत प्रभारी, बूथ प्रभारियों ने खुशी जताई है। मांडर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता सतीश कुमार शाह, चान्हो के ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष राजेश प्रसाद, रांची जिला अनुसूचित जनजाति मोर्चा के चंद्रकिशोर उरांव, भीखा उरांव, नरकोपी मंडल के महामंत्री कुमोद कुमार वर्मा, अंकित कुमार सोनी, पड़हा राजा महादेव कुजूर, रंजन कुमार गुप्ता, मिडिया प्रभारी मनोज कुमार साहु, रमेश भगत, लापुंग प्रखंड के नंदलाल साहु, चरकु साहु, अनिल साहु, पवन कुमार साहु, अरविंद सिंह, प्रकाश गुप्ता, शिवनारायण वर्मा, विनय साहु, पुरंजय, मिथुन शाही,सुकरा उरांव, एतवा उरांव, रोपनी कुमारी, कामेर्ला उराईन, नंद महतो, बैजनाथ महतो, गोपाल महतो, ओम प्रकाश गुप्ता, संजय गुप्ता, देवेंद्र गोप, राजू उरांव सहित दर्जनों कार्यकताओं ने बधाई दी है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि मांडर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा की जीत सुनिश्चित करेंगे।

### विधानसभा चुनाव को लेकर लापुंग में चार चेक पोस्ट बनाए गए

# मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन कर रही है जांच



*फतेहपुर में तीन चेक पोस्ट और बनाया गया, चेक पोस्ट परचौबीसों घंटे वाहनों की जांच की जाएगी*

**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**

मांडर विधान सभा चुनाव को लेकर लापुंग प्रखंड में डोड़मा लापुंग ककरिया पथ पर फतेहपुर में चेक पोस्ट पर वाहन चेकिंग गया। लापुंग ककरिया सड़क पर फतेहपुर में चेकपोस्ट बनाया गया। फतेहपुर के तीन चेक पोस्ट और बनाया गया। चेक पोस्ट में चौबीसों घंटे वाहनों की जांच की जाएगी। लापुंग की प्रखंड विकास पदाधिकारी उषा मिंज ने शनिवार को बनाए गए चेकपोस्ट का औचक निरीक्षण किया। चेकपोस्ट पर सभी यात्री बसों, कार, जीप सहित सभी प्रकार चार पहिया एवं दो पहिया वाहनों की जांच की जा रही है। शनिवार को इसमें मनरेगा के कनीय अभियंता इंद्रजीत यादव, असिस्टेंट इंजीनियर रंजन सिंह मुंडा, सहायक पुलिस निरीक्षक मनोज कुमार सदल बल के अलावे कैमरा मैन भी मौके पर मौजूद थे। इसके अलावे बेड़ो ककरिया पथ पर ककरिया में बेड़ों दोलाइचा पथ पर दोलैचा में व लापुंग सिसई पथ पर लालगंज में चेक पोस्ट लगाया गया है और सघन जांच की जा रही है। विधान सभा चुनाव को प्रभावित करने में बाधा न पहुंचे और निष्पक्ष तरीके से चुनाव संपन्न हो। इसे लेकर लापुंग की प्रखंड विकास पदाधिकारी उषा मिंज ने सभी चेकपोस्ट का जांच किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी उषा मिंज के अलावे स्टेटिक मजिस्ट्रेट के द्वारा चारों चेक पोस्ट का निरीक्षण किया गया ।

### आईगॉट कर्मयोगी प्लेटफॉर्म के विषय में कर्मियों को जागरूक किया गया

# सीसीएल में संगठन की प्रणाली और प्रक्रियाओं पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन

### एप के माध्यम से कर्मचारी विभिन्न ऑनलाइन कोर्स, वेबिनार और अन्य लर्निंग सामग्री का लाभ उठा सकते हैं




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

एचआरडी सीसीएल ने सतर्कता विभाग, सीसीएल के सहयोग से संगठन की प्रणाली और प्रक्रियाओं पर एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में एसके ठाकुर, जीएम (ईई) और एके सिंह, महाप्रबंधक (सतर्कता) उपस्थित थे। आरके पांडे, महाप्रबंधक (एचआरडी) ने कार्यक्रम के उद्देश्यों का संक्षिप्त विवरण देते हुए सभी गण्यमान्य व्यक्तियों और प्रतिभागियों का स्वागत किया। एसके ठाकुर ने सत्र के लिए संकाय के रूप में कार्य किया। इन्होंने अपने बहुमूल्य अनुभव साझा किए। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लांच किया गया आईगॉट कर्मयोगी प्लेटफॉर्म प्रतिभागियों को प्रदर्शित किया गया। ज्ञात हो कि आईगॉट कर्मयोगी भारत सरकार द्वारा लांच किया गया एक ई-लर्निंग एप है। इसका उद्देश्य कर्मचारियों की दक्षता को बढ़ाने में मदद करना है। इस एप के माध्यम से कर्मचारी विभिन्न ऑनलाइन कोर्स, वेबिनार और अन्य लर्निंग सामग्री का लाभ उठा सकते हैं। एप में व्यक्तिगत विकास, नेतृत्व कौशल, तकनीकी ज्ञान और अन्य क्षेत्रों में प्रशिक्षण उपलब्ध है। कर्मचारी अपनी प्रगति को ट्रैक कर सकते हैं और प्रमाणपत्र प्राप्त कर सकते हैं। आईगॉट कर्मयोगी एप कर्मचारियों के पेशेवर विकास को बढ़ावा देने और उन्हें अधिक उत्पादक बनाने में मदद करता है।

## ठाकुरगांव-रातू मुख्य पथ पर लगा रहा जाम

नवीन मेल संवाददाता। ठाकुरगांव। दो दिवसीय मुड़मा जतरा के आयोजन से एनएच 75 मुख्य सड़क को मांडर से डायवर्ट कर दिया गया और इस कारण ठाकुरगांव-रातू मुख्य पथ पर अधिकतर समय जाम लगा रहा। जाम के कारण आने-जाने वाले राहगीरों व स्थानीय ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ा। जाम हटाने के लिए बुढ़मू व ठाकुरगांव पुलिस समेत रांची ट्रैफिक पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ा।



### अंतर जिला स्तरीय सीमावर्ती थानों के पुलिस पदाधिकारियों की हुई बैठक

# सीमावर्ती थानों में सक्रिय अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई हो : वरुण रजक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची/ खूंटी**

मुरहू थाना में विधानसभा चुनाव-2024 के मद्देनजर अंतर जिला स्तरीय सीमावर्ती थानों के पुलिस पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को हुई। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी खूंटी वरुण रजक की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में नलिन मरांडी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चक्रधरपुर, राजीव रंजन, पुलिस निरीक्षक चक्रधरपुर, दुर्गा शंकर मंडल, थाना प्रभारी बंदगांव, मुकेश कुमार यादव, थाना प्रभारी अड़की और नायल गोड़वीन केरकेट्टा, थाना प्रभारी मुरहू उपस्थित रहे। बैठक में सीमावर्ती थानों में सक्रिय अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई, लंबे समय से फरार अपराधियों की गिरफ्तारी, वारंटियों के खिलाफ छापामारी, अवैध कारोबार के खिलाफ कार्रवाई और एरिया डॉमिनेशन पर विस्तार से चर्चा की गई। इस बैठक का उद्देश्य विधानसभा चुनाव-2024 के दौरान शांति और सुरक्षा बनाए रखना है। पुलिस पदाधिकारियों ने आपस में सहयोग और समन्वय से कार्य करने का संकल्प लिया।



### रामानंद ने सिल्ली विधानसभा क्षेत्र से दावेदारी पेश की

**सिल्ली।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सिल्ली विधानसभा से झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से चुनाव लड़ने के लिए शनिवार को रांची जिला उपाध्यक्ष रामानंद बेदिया ने झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडे, केंद्रीय प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य एवं रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम की उपस्थिति में विधानसभा सिल्ली 61 से अपना दावेदारी पेश की।

### मुरी पुलिस ने वाहन जांच के दौरान दो लाख रुपये बरामद किए




**सिल्ली/मुरी।** मुरी पुरुलिया अंतर राज्यीय सीमा पर आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए मुरी पुलिस पदाधिकारी एवं दंडाधिकारी की उपस्थिति में वाहन जांच किया जा रहा था। इसी क्रम में वाहन जांच के दौरान एक चार पहिया वाहन जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर डब्ल्यू बी 40 ए वाई/6892 से दो लाख रुपए पुलिस ने बरामद किया। बरामद रुपए के संबंध में चार पहिया वाहन के मालिक से पुलिस गहनता पूर्वक पूछताछ कर रही है।

## एक नजर

### नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन बरही और बरकट्ठा में कुल 4 फॉर्म बिके

**बरही।** झारखंड विधानसभा चुनाव के मद्देनजर नामांकन प्रपत्र खरीदने और भरने की प्रक्रिया प्रारम्भ हो गई है। नामांकन प्रपत्र बिक्री के दूसरे दिन बरही विधानसभा से दो और बरकट्ठा विधानसभा से भी दो फॉर्म बिके। बरही से फॉर्म खरीदने वालों में जेएलकेएम के कृष्ण कुमार यादव पिता बंशी यादव और निर्दलीय अर्जुन प्रसाद केशरी पिता स्व. जगदीश प्रसाद केशरी शामिल हैं। वहीं बरकट्ठा से निर्दलीय संतोष नायक पिता लेखराज नायक और कुमकुम देवी पति यमुना साव ने नामांकन पत्र खरीदा है। इससे पहले शुक्रवार को नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन बरही विधानसभा से दो और बरकट्ठा विधानसभा से तीन फॉर्म बिक चुके थे, जिससे प्रत्याशियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा का संकेत मिल रहा है।

### माहुरी वैश्य मंडल ने समाज के विकास और संगठन की मजबूती पर की चर्चा

**झुमरी तिलैया।** माहुरी वैश्य मंडल सत्र 2024-27 की प्रथम कार्यकारिणी की बैठक श्री माहुरी भवन झुमरी तिलैया में किया गया। इसमें नवनिर्वाचित पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों ने अपने विचार रखे। साथ हीं सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का परिचय कराया गया और उन्हें सम्मानित किया गया। बैठक में समाज के विकास के लिए सामाजिक गतिविधियों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। सभी सदस्यों ने संगठन को मजबूत करने और समाज के हित में कार्य करने के लिए अपने-अपने सुझाव दिए। समाज में सक्रिय भूमिका निभाने की प्रतिबद्धता भी व्यक्त की गई। मंच संचालन गौतम वैश्कियार ने किया। स्व. बनमाली राम भदानी के सम्मान में शोकसभाः बैठक के बाद समाज के प्रतिष्ठित सदस्य स्व. बनमाली राम भदानी के सम्मान में शोकसभा का आयोजन किया गया।

### शहर का महत्वपूर्ण तालाब है भास्कर छठ तालाब जुटती है हजारों की भीड़

**झुमरी तिलैया।** झुमरी तिलैया शहर का महत्वपूर्ण तालाब के रूप में भास्कर छठ तालाब को छठ पूजा के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। यहां भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के लिए करीब 15 से 20 हजार लोग पहुंचते हैं। यहां करीब 40 सालों से पूजा हो रही है। रिहायशी क्षेत्र के नजदीक होने के कारण शहर क्षेत्र से अधिकांश लोग यहां हीं आते हैं। लेकिन गंदगी के कारण व अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए कई लोग तिलैया डैम घाट व अन्य घाट पर चले जाते हैं। नाला न होने के कारण उक्त तालाब में शहर के गंदगी पानी का बहाव होता है, ऐसे में छठ जैसे पवित्र पर्व को उक्त घाट में करने से लोग कतराने लगे हैं। उक्त तालाब कुछ हिस्से क्षेत्र में सीढ़ी न होने से छठव्रतियों समेत श्रद्धालुओं को अर्घ्य देने में काफी परेशानी होती है।



समाज में फैल रही कुरीतियों को लेकर आदिवासी समाज की बैठक संपन्न

## आगामी सम्मेलन को सफल बनाने पर हुई चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता, बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के शिलाड़ीह पंचायत अंतर्गत आदिवासी विकास उच्च विद्यालय शिलाडीह के प्रांगण में शनिवार दोपहर संथाल समाज के लोगों की बैठक आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता राम जी बेसरा ने किया। जिसमें मुख्य रूप से आदिवासी समाज में फैल रही कुरीतियों पर विशेष चर्चा की गई। वहीं भारत जकित मांझी परगना महल के प्रखंड अध्यक्ष राम जी बेसरा ने कहा कि बरकट्ठा क्षेत्र में धर्मांतरण दिनों दिन बढ़ते जा रहे हैं जिससे आदिवासी समाज पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। इस तरह से अगर धर्मांतरण होता है रहा तो हमारे समाज के लिए ठीक नहीं है। अब बात यह आती है कि हमसभी को मिलकर इस तरह की कुरीतियों को खत्म करना होगा और धर्मांतरण जैसी बातों को रोकना होगा। इस पर लगाम लगाना अति आवश्यक है। वहीं 20 अक्टूबर को आसनसोल में आदिवासियों का महासम्मेलन है जिसको लेकर विचार किया गया तथा सम्मेलन को सफल बनाने में लोगों ने अपनी सहमति जताई। इस सम्मेलन में हम सभी को इसमें शामिल होने की जरूरत है ताकि समाज को लाभ पहुंचे सके। इसके साथ ही शिक्षा पर भी जोर दिया गया। अगर हमारा समाज शिक्षित रहेगा तो इस तरह की कुरीतियों में नहीं फंसेगा और वह सुरक्षित रहेगा। मौके पर दिनेश बास्के, तालो बास्के, बालेसर बास्के,रामू मरांडी के अलावे सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।



## ट्रांसफार्मर खराब होने की वजह से मोमबत्ती में रात काट रहे हैं ग्रामीण

**नवीन मेल संवाददाता, वष्णुगढ़।** हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत कुसुंभा पंचायत का ट्रांसफार्मर विगत एक पखवाड़े से खराब पड़ा हुआ है, जिससे ग्रामीण बिजली के अभाव में रात मोमबत्ती जलाकर काट रहे हैं। सबसे ज्यादा बात यह है कि बच्चों का पठन-पाठन में दिक्कत तो हो ही रही है इसके साथ ही गृहणियों के द्वारा घर में खाना बनाने में परेशानी, मोबाइल चार्ज करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। किसान को कृषि के लिए बिजली पर निर्भर होने की वजह से आलू का पटवन एवं अन्य फसलों का पटवन बाधित हो रही है जिसके कारण कोई भी कार्य पूरे नहीं हो पा रहा है। ग्रामीणों की मांग है ट्रांसफार्मर नया लगाने से ही बिजली की समस्या से निजात पाई जा सकती है। तीन बार रिपेयर टीआरपी से ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवाया गया हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जितन हो सके विभाग जल्द ट्रांसफार्मर बदल दे। अन्यथा हो लोगों का जीना मुहाल हो गया है। पूरा क्षेत्र अंधेरे में डूबा है।

## न्यूज | बॉक्स

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में आचार्य चयन परीक्षा आयोजित की गयी




**हजारीबाग।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली में आचार्य चयन परीक्षा आयोजित हुई। विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए परीक्षार्थी गण आचार्य चयन परीक्षा में सम्मिलित हुए ।गौरतलब है कि इस आचार्य चयन परीक्षा में पीआरटी, टीजीटी एवं पीजीटी के लिए परीक्षार्थी परीक्षा दिए। मौके पर प्रांतीय पर्यवेक्षक,डॉ रामकेश पांडे, प्राचार्य,आदित्य प्रकाश जालान बीएड. कॉलेज, कुदलुम,रांची एवं रमेश कुमार सिंह, प्राचार्य, इंदुमती टिबडेवाल सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, चतरा,केंद्र अधीक्षक, ब्रजेश कुमार सिंह, प्राचार्य सह प्रवासी कार्यकर्ता विद्या विकास समिति, झारखंड एवं प्रांतीय प्रतिनिधि, मुकेश शाह के दिशा निर्देश पर परीक्षा आयोजित हुई। परीक्षा व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई।

### चतरा सांसद से मनीष जायसवाल ने रिम्स में की मुलाकात



**हजारीबाग।** चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह झारखंड की राजधानी रांची के राजेन्द्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में भर्ती हैं। पीछले रविवार को अचानक उनके सीने में दर्द हुआ और चतरा सदर अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रिम्स में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सीय इलाज में उन्हें पता चला कि उन्हें कार्डिएक अरेस्ट आया फिर उन्हें तत्काल स्टेंट लगाया गया। जिसके बाद वे ठीक है और यहां इलाजरत हैं। शनिवार को हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने रिम्स पहुंचकर उनसे मुलाकात की और उनका कुशलक्षेम जाना। सांसद मनीष जायसवाल ने ईश्वर से चतरा सांसद कालीचरण सिंह के जल्द स्वास्थ्य होने की कामना की।


### आजादी के सात दशक बीतने के बाद भी ज्वार के लोग मूलभूत सुविधाओं से हैं वंचित



**बरकट्ठा।** बहुत पुरानी कहावत है, जहां चाह, वहां राह...। लेकिन गोरहर पंचायत के ग्राम ज्वार के लोगों की यह बदनसीबी है कि देश की आजादी के सात दशक बाद भी लोगों को सड़क व पुल के अभाव में जीवन जीने को विवश हैं। वहीं इन निमार्णों के लिए दशकों से लोग संघर्षरत हैं, लेकिन गांव में आने-जाने के लिए अब तक कोई राह निकल नहीं पाया। तकरीबन डेढ़ हजार की आबादी वाले ज्वार, पहाड़पुर, कुसन, जरा, लरपीटी गांव है। जहां सैकड़ों परिवार लकड़ी बेचकर व मजदूरी कर अपना जीविकोपार्जन करते हैं। लेकिन सरकार ने आज तक इस गांव को इन मूलभूत समस्याओं से निजात नहीं दिलाई । खास बात यह है कि यहां के ग्रामीण जब चुनाव आती है तो मतदान भी करते है। बीते पांच वर्ष में बड़े बड़े वादे करने वाले नेता आज भी इन ग्रामीणों को सरकारी सुविधाओं से वंचित रखा है। वहीं बरसात में बिना नमक, तेल के खाना खाने को मजबूर हैं।ग्रामीणों की लंबी मांग सूर्यकुण्ड नदी पर एक पुल की मांग की हैं इस निमित पहाड़पुर के ग्रामीणों ने कहा मरीज ओर गर्भवती महिलाओं को खाट पर लादकर अस्पताल लाते हैं। कई बार जच्चा रास्ते में दम तोड़ देती है। हमलोग हमेशा वोट देते हैं। सरकार बने ओर हमलोग को सरकारी सुविधा मिले। लेकिन जब नहीं बन पाती है तो आस टूट जाती हैं। वही एक चापानल के भरोसे पूरा गांव हैं। चापाकल सुख जाने के बाद ग्रामीण दूषित पानी पीने को मजबूर हैं।

चुनाव के तहत सोशल मीडिया रील मेकिंग प्रतियोगिता का होगा आयोजन

## प्रतिभागी 23 तक ले सकेंगे भाग 24 अक्टूबर को होगा परिणाम जारी




**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा स्वीप के तहत विभिन्न कार्यक्रमों आयोजनों के माध्यम से लोगों को आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान करने हेतु जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में स्वीप कोषांग रामगढ़ द्वारा युवा मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सोशल मीडिया रील प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है जो की 23 अक्टूबर 2024 संध्या 5:00 बजे तक रामगढ़ जिले के कोई भी मतदाता रील प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकते हैं। प्रतिभागियों को मतदाता जागरूकता संबंधी 2 मिनट का रील बनानी है और प्रतिभागियों द्वारा बनाई गई मतदाता जागरूकता रील को संबंधित सोशल मीडिया आईडी एवं नाम के साथ मेल करनी है। वही 24 अक्टूबर 2024 को बेहतर रील बनाने वाले टॉप तीन प्रतिभागियों का चयन कर मोमेंटो व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

प्रतिनियुक्त व्यय प्रेक्षक ने व्यय कोषांग के पदाधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

## 10 लाख रु से अधिक के वित्तीय लेन देन पर पैनी नजर रखने की हिदायत



किसी भी संदिग्ध लेन देन पर विशेष निगरानी रखने को कहा

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा झारखंड विधानसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर प्रतिनियुक्त चुनाव पर्यवेक्षक (व्यय) द्वारा हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र में चुनाव संबंधी व्यय कोषांग के क्रियाकलापों का जायजा लेने के लिए व्यय प्रेक्षक घोडके रोहित रमेश (आईआरएस), योगेश कुमार (आईआरएस) एवं ए.मणिमरन (आईआरएस) ने जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक की शनिवार को समाहरणालय सभागार में व्यय कोषांग के नोडल अधिकारियों को चुनाव के दौरान व्यय निगरानी सेल के साथ समन्वय और तालमेल बनाकर काम करने और केंद्रीय टीम के साथ सभी बरामदगी के बारे में तुरंत जानकारी देने का निर्देश दिया। व्यय प्रेक्षक ने बैंक प्रतिनिधियों को 10 लाख से अधिक के किसी भी संदिग्ध लेन देन पर विशेष निगरानी रखने को कहा, साथ ही अभ्यर्थियों के भी बैंक खातों से 10 लाख रु से अधिक के वित्तीय लेन देन पर अपनी पैनी नजर रखने को कहा तथा इसकी सूचना भी साझा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव अवधि के दौरान अवैध शराब की आवाजाही की निगरानी बहुत महत्वपूर्ण है इसलिए सभी प्रमुख चौकियों पर अतिरिक्त चौकसी बरतने की आवश्यकता है। नोडल पदाधिकारी को निर्देशित किया कि आदर्श आचार संहिता संबंधी शिकायतों पर उड़न दस्ता दल की दैनिक व्यय क्रिया-कलाप संबंधी प्रतिवेदन संबंधित विधानसभा क्षेत्र के सहायक व्यय प्रेक्षक को उपलब्ध करायेंगे। सभी पुलिस के नोडल पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि दैनिक नगदी /अन्य मदों संबंधित शिकायतों पर उड़न दस्तों (एफएसटी) द्वारा दैनिक क्रियाकलाप का रिपोर्ट प्राप्त कर एवं स्थैतिक निगरानी टीम (एसएसटी) द्वारा जब्त अन्य मदों से संबंधित शिकायतों पर दैनिक गतिविधि रिपोर्ट प्राप्त कर संबंधित विधानसभा क्षेत्र के व्यय प्रेक्षक को उपलब्ध करायेंगे।

डेंटल कॉलेज में पोस्टर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

## कलात्मक प्रतिभा व एंडोडोंटिक्स ज्ञान का किया प्रदर्शन




विश्व एंडोडॉन्टिक दिवस

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल के कंजर्वेटिव डेंटिस्ट्री और एंडोडॉन्टिक्स विभाग में विश्व एंडोडॉन्टिक दिवस मनाया गया। मौखिक देखभाल में एंडोडॉन्टिक्स की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए समर्पित है। इस वर्ष के आयोजन में रूट कैनाल उपचार और प्राकृतिक दांतों के संरक्षण के महत्व के बारे में शिक्षित करने के उद्देश्य से आकर्षक गतिविधियों की एक श्रृंखला प्रदर्शित की गई। इस दौरान पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जहां बीडीएस तृतीय वर्ष के प्रतिभागियों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा और एंडोडोंटिक्स के ज्ञान का प्रदर्शन किया। पोस्टरों में रूट कैनाल थेरेपी के विभिन्न पहलुओं को दर्शाया गया, इसके लाभों पर प्रकाश डाला गया और आम मिथकों को दूर किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य उपस्थित लोगों को एंडोडॉन्टिक देखभाल के महत्व के बारे में प्रेरित किया गया और सूचित किया गया।पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया गया। एंडोडोंटिक्स के क्षेत्र में अंतर्दृष्टि प्रदान किया। इस इंटरैक्टिव सत्र ने जीवंत चर्चाओं को बढ़ावा दिया और उपस्थित लोगों को प्रश्न पूछने की अनुमति दी। जिससे उन्हें अपने दंत स्वास्थ्य को बनाए रखने के बारे में बहुमूल्य ज्ञान प्राप्त हुआ। विश्व एंडोडॉन्टिक दिवस की समापन केक काटकर किया गया। मौके पर डेंटल कॉलेज के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि मौखिक देखभाल में एंडोडॉन्टिक्स की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए समर्पित है। स्वस्थ मुस्कान और सफल एंडोडोंटिक उपचार की खुशी का प्रतीक है। प्रतियोगिता का उद्देश्य उपस्थित लोगों को एंडोडॉन्टिक देखभाल के महत्व के बारे में प्रेरित करना और सूचित करना था।

## चुनाव को लेकर स्वीप के तहत सभी बीएलओ को दिया गया प्रशिक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार निदेर्शानुसार गांधी प्लस टू हाई स्कूल रामगढ़ में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत सभी बीएलओ को मतदाताओं को मतदान के दौरान दिए जाने वाले सुविधाओं व मतदाता जागरूकता संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान वरीय पदाधिकारी प्रशिक्षण कोषांग सह उप विकास आयुक्त रॉबिन टोप्पो ने आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 में पहला चरण अउ- 22 बड़कागांव, दूसरा चरण अउ -23 रामगढ़ में होने वाले मतदान प्रक्रिया को सरल व पारदर्शिता के मद्देनजर बीएलओ द्वारा किए जाने वाले कार्यों को विस्तार पूर्वक जानकारी दिए। वहीं प्रशिक्षण के दौरान नोडल प्रशिक्षण पदाधिकारी सह जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम वर्मा ने शत प्रतिशत मतदाताओं को मतदान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से बीएलओ द्वारा मतदाता जागरूकता हेतु अपने-अपने क्षेत्र में किए जाने वाले कार्यों के संबंध में जानकारी दी साथ ही मतदान केंद्रों मतदाताओं को दिए जाने वाले सुविधा के संबंध में भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी।



## 3 नवंबर को बरही में धूमधाम से मनाया जाएगा चित्रगुप्त पूजा

**पूर्वाहन 10 बजे से पूजा और संध्या 7 बजे से होंगे सामूहिक प्रीति भोज**

**नवीन मेल संवाददाता, बरही ।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी आगमी 3 नवंबर को न्यू कॉलोनी के सूर्य मंदिर परिसर स्थित चित्रगुप्त मंदिर में चित्रगुप्त पूजा धूमधाम से मनाया जायेगा. उक्त निर्णय शुक्रवार की देर संध्या न्यू कॉलोनी निवासी चित्रांश चंदन कुमार कर्ण के आवास पर संपन्न हुए बैठक में बरही चित्रांश परिवार के सदस्यो ने लिया. बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष मनोज घोष और संचालन सचिव आशुतोष कुमार सिन्हा ने किया. जिसमे सर्वसम्मति से पूर्वाहन 10 बजे से पूजा और संध्या 7 बजे से सामूहिक प्रीति भोज आयोजित करने का निर्णय लिया गया. साथ ही पूजा में सभी चित्रांशो से समय उपस्थिति एवं सहयोग की अपेक्षा की गई. बैठक में बरही चित्रांश परिवार के वरिष्ठ संरक्षक उपेंद्र प्रसाद, राजेंद्र रुखरियार, शैलेंद्र सिन्हा, विनय कुमार सिन्हा, संजय कुमार सिन्हा सहित कुणाल कटरियार, चंदन सिन्हा, लक्की कुमार सिन्हा, विक्की सिन्हा, प्रभात कुमार सिन्हा आदि कई चित्रांश मौजूद थे.

## विस चुनाव के मद्देनजर चुनाव व्यय निगरानी समिति की हुई समीक्षा बैठक




**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर शनिवार को व्यय प्रेक्षक 22 बड़कागाँव सुमेंदु कुमार दास (आईआरएस) के द्वारा जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अजय कुमार की उपस्थिति में समाहरणालय सभा कक्ष में चुनाव व्यय निगरानी समिति के साथ समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष और सफल संचालन के लिए बनाए गए चुनाव व्यय निगरानी समिति द्वारा किए जा रहे हैं कार्यों की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। बैठक के दौरान व्यय प्रेक्षक 22 बड़कागांव सुमेंदु कुमार दास (आईआरएस) ने उपस्थित समिति के सभी सदस्यों को पारदर्शिता के साथ आपसी समन्वय स्थापित करते हुए टीमवर्क के रूप में कार्य करने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने सीजर प्रक्रिया के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया साथ ही जांच के दौरान आ रही समस्याओं की जानकारी लेते हुए उपस्थित सभी पदाधिकारियों की दुविधाओं को भी दूर किया गया। वहीं बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने व्यय निगरानी समिति के सदस्यों से कहा कि जांच के दौरान निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए गाइडलाइन का पालन करें साथ ही संबंधित पदाधिकारियों और पुलिस अधिकारी के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया।

विद्यार्थियों से भरा टाटा मैजिक दुर्घटनाग्रस्त, पांच घायल, एक रांची रेफर

## पूर्व विधायक व प्रशासन ने लगाया प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** शनिवार को स्वामी विद्यार्थियों से भरा विवेकानंद स्कूल देवचन्दा मोड़ का टाटा मैजिक एनएच 33 दौरवा के समीप एक ट्रेलर से टकराकर दुर्घटना ग्रस्त हो गया. इस दुर्घटना में विद्यालय के पांच बच्चे घायल हो गए. जिन्हे हजारीबाग रेफर किया गया. जिसमे एक बच्चे की स्थिति गंभीर बताई जा रही है. घायलों में अपलिसी कश्यप (12 वर्ष), आलेख टोप्पो (11 वर्ष), अनुज टोप्पो (7 वर्ष), कोमल कुमारी (12 वर्ष, कुंडवा) और इशांत कुमार (12 वर्ष, दौरवा) शामिल है. इशांत कुमार को गंभीर हालत में रांची रेफर कर दिया गया है. दुर्घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार स्कूल की छुट्टी के बाद विद्यार्थियों से भरा टाटा मैजिक कदवा से बच्चो को उतारकर विपरीत दिशा से वापस लौट रहा था. इसी क्रम में एक अज्ञात ट्रेलर से टकराने से यह घटना घटी. घटना के बाद अफरा तफरी मच गया. घटना के जानकारी मिलते ही पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, प्रमुख मनोज रजक, स्थानीय पुलिस, कई समाजसेवी व ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंचे और वस्तिस्थति का जायजा लिया. स्थानीय लोगो व प्रशासन की मदद से घायल बच्चो को हजारीबाग अस्पताल भेजा गया. स्थानीय लोगों का आरोप था कि स्कूल वाहन की स्थिति ठीक नहीं थी और सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया जा रहा था. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मैजिक में क्षमता से अधिक बच्चे बैठे थे. उपमुखिया रोहित यादव ने स्कूल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए प्रशासन से उचित कारवाई की मांग किया है. अभिभावकों ने प्रशासन से स्कूल वाहनों के लिए सख्त सुरक्षा मानकों का पालन करवाने की मांग किया है. पुलिस मामले की छान बीन में जुट गई है.। इस दुर्घटना ने एक बार फिर स्कूल वाहनों की सुरक्षा को लेकर गहरी चिंता पैदा कर दी है।

### स्वीप सेल के तहत मतदाता जागरूकता अभियान से सम्बंधित बैठक का हुआ आयोजन

# अधिक से अधिक लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करें:-उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** आगामी विधानसभा आम चुनाव-2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में "स्वीप सेल" के तहत मतदाता जागरूकता अभियान संबंधी बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने विशेष रूप से शहरी क्षेत्र में व्यापक मतदाता जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया ताकि शत प्रतिशत मतदान प्रक्रिया सम्पन्न हो सके। उन्होंने स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरूक करने हेतु धुमकुड़िया, अखाड़ा, एवं जतरा मेला के आयोजन पर चर्चा किया गया। प्रत्येक प्रखंड में धुमकुड़िया, अखाड़ा, एवं जतरा मेला का आयोजन कर शत प्रतिशत मतदाताओं को जागरूक करने का निर्देश दिया। उन्होंने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए लोकल ट्रेडिशनल संसाधन एवं वस्तुओं के साथ मतदाताओं को जागरूक करने हेतु स्लोगन, सूचक सहित कई अन्य बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी देने की बात कहीं। स्वीप कोषांग के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त ने निर्देशित करते हुए कहा कि विधानसभा आम चुनाव-2024 में अधिक से अधिक लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करना है, जिसके तहत 80 प्रतिशत से अधिक मतदान प्रतिशत हासिल करने का लक्ष्य है। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को स्वीप कोषांग के कार्यों में अपनी क्षमता से बढ़कर कार्य करने समेत कई निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने ने यूनिक बूथ का चयन कर विशेष जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया।शहरी क्षेत्र के मतदाताओं को विशेष रूप से जागरूक करने हेतु नगर परिषद को व्यापक जागरूकता कार्यक्रम प्रत्येक दिन तिथिवार बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने सफाई गाड़ियों में पोस्टर, पंपलेट व स्टीकर आदि चिपकाने के साथ स्वीट से संबंधित जिंगल बजवाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी सुदूरवर्ती क्षेत्र के मतदाताओं को जागरूक करने की बात कहीं। साथ ही जेएसएलपीएस की दीदीयों द्वारा भी प्रत्येक गांव में मतदाताओं को जागरूक करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने स्वीप सेल के पदाधिकारियों को लोकल एवं नागपुरी भाषा में स्वीप से संबंधित जिंगल एवं गाने तैयार करने का निर्देश दिया।मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी पवन कुमार महतो, एलआरडीसी अरुणा कुमारी, स्वीप कार्यक्रम की प्रभारी पदाधिकारी आशा मैक्सिमा लकड़ा, नगर परिषद् प्रशासक पदाधिकारी समीर बोदरा, सहित स्वीप सेल के सभी अधिकारी उपस्थित थे।

## मतदान केंद्रों पर न्यूनतम सुविधाएं सुनिश्चित कराने का निर्देश



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** विधानसभा आम चुनाव- 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त अजय कुमार सिंह ने 70-सिमडेगा एवं 71- कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदान केंद्र पर एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी उपलब्ध कराने से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया।इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्रों पर बिजली, पानी, रैंप, शौचालय, दिव्यांग मतदाताओं के लिए बूथ पर व्यवस्थाओं, वालंटियर्स, बूथों पर चिकित्सा सुविधा सहित अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा कर सुगम और समावेशी मतदान सुनिश्चित करवाने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के दिशा निर्देश दिए।मर्ज स्कूल सिमडेगा एवं कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र मिलाकर 15 बूथ है जिसमें बिजली, पानी, शौचालय सहित आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की जांच का प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को स्कूल मतदान केंद्र में वोटिंग कंपार्टमेंट रूम में लाइट की पर्याप्त व्यवस्था एवं चार्जिंग सॉकेट लगाने की दिशा में आवश्यक निर्देश दिया। कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर-11एवं रायकेरा बूथ नंबर 249 में पानी की सुविधा ससमय बहाल सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। पिछली लोकसभा चुनाव में सभी बूथ में टैप लगवाया गया था। जिस मतदान केंद्र का खराब हो गया है तो उसे यथाशीघ्र ठीक कराने की बात कहीं। साथ ही उपायुक्त ने विद्यालय मतदान केंद्र के लिए एक इमरजेंसी लाइट की खरीद कर हेतु जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देशित किया।बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी पवन कुमार महतो, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### नाबालिक के साथ बहला फुसलाकर दुष्कर्म के आरोपी को भेजा जेल



**रांची।** सिमडेगा:कोलेबिरा पुलिस ने 12 अक्टूबर को नाबालिक के साथ पहले फुसलाकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने वाले विकास सिंह नामक आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया।जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि 12 अक्टूबर को रावण दहन के दिन बहला फुसलाकर नाबालिक के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था।इधर इस मामले में पीड़िता के पिता के द्वारा थाना में लिखित शिकायत की थी, जिसके बाद कोलेबिरा थाना में मामला दर्ज करते हुए आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी विकास सिंह को गिरफ्तार किया तथा उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### इंटर कॉलेज वीमेंस हॉकी टूर्नामेंट की हुई शुरुआत



**सिमडेगा।** खेल की नगरी सिमडेगा में शनिवार से रांची यूनिवर्सिटी इंटर कॉलेज वीमेंस हॉकी टूर्नामेंट शुरू हुई।जिसमें यूनिवर्सिटी के तहत 04 कॉलेज की टीम से खेलेंगी।सिमडेगा एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम में शनिवार से रांची यूनिवर्सिटी इंटर कॉलेज विमेंस हॉकी टूर्नामेंट की शुरुआत हुई। जिसमें एसएस मेमोरियल कॉलेज रांची, सिमडेगा कॉलेज सिमडेगा,बिरसा कॉलेज खूंटी संत जेवियर कॉलेज सिमडेगा की टीम मैच खेलेगी। इसकी शुरुआत हुई पहला मैच सिमडेगा कॉलेज सिमडेगा और एसएस मेमोरियल कॉलेज रांची के बीच खेला गया। दूसरा मैच बिरसा कॉलेज खूंटी और संत जेवियर कॉलेज सिमडेगा के बीच खेला जाए कल इस चैंपियनशिप का फाइनल होगा। जिसमें रांची यूनिवर्सिटी के कुलपति अजीत कुमार सिन्हा मौजूद रहेंगे।सिमडेगा कॉलेज के प्राचार्य रामकुमार प्रसाद ने बताया कि इस टूर्नामेंट के दौरान रांची यूनिवर्सिटी के लिए हॉकी टीम का सिलेक्शन होगा जो अंतर विश्वविद्यालय चैंपियनशिप खेलेगी। प्रोफेसर रामकुमार प्रसाद ने कहा कि हॉकी के नर्सरी के रूप में जाने जाना वाला सिमडेगा में इस प्रकार का आयोजन होना अपने आप में घरों का विषय है उन्होंने कहा कि सिमडेगा एक ऐसी धरती है जहां से दर्जनों खिलाड़ी देश विदेश जाकर सिमडेगा जिले का नाम रोशन कर रहे हैं उन्होंने कहा कि सिमडेगा में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है इसी प्रकार अन्य खेलों को भी तवज्जो देने की आवश्यकता है। ताकि आने वाले दिनों में सिमडेगा सभी खेलों के नगरी के रूप में जाना जाए।

### अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट में वाहनों की हुई चेकिंग

**बानो।** बानो सर्किल के गिरदा थाना क्षेत्र के हुरदा में मुख्य पथ पर विधानसभा चुनाव को देखते हुए अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट बनाया गया है। मालूम हो कि गिरदा थाना क्षेत्र के हुरदा होकर रांची मनोहरपुर व उड़ीसा के वाहनों का आना जाना होती रहती है। जिला व राज्य के सीमा में होने के कारण चेक पोस्ट बनाया गया है गिरदा थाना प्रभारी हर्ष कुमार साह ने बताया कि चेक पोस्ट में तीन शिफ्ट में पदाधिकारी ड्यूटी में रहते हैं।आने जाने वाले छोटे बड़े बाहनो का गहनता से जांच की जा रही हैं।

### रौतिया समाज के पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष ने राज्यपाल से की मुलाकात



**बानो।** अखिल भारतीय रौतिया सामाज के पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष सह वर्तमान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामशंकर सिंह एवं अखिल भारतीय रौतिया सामाज प्रखण्ड अध्यक्ष बानो महेश सिंह ने संयूक्त रूप से झारखंण्ड के राज्यपाल संतोष गंगवार से औपचारिक मुलाकात कर रौतिया जाति का पुरानी लंबित मांग एस.टी मांग के बारे में विस्तृत जानकारी दी एवं रौतिया जाति का जमीन को अवैध -खरीद बिक्री को लेकर सी.एन.टी. में तत्काल शामिल करने एवं रौतिया जाति की विभिन्न समस्याओं को लेकर बारिकी से अवगत काराया गया।महेश सिंह ने बानो डिग्री कॉलेज के विद्यार्थियों के होस्टल बनाने की मांग रखी है।

### भाजपा से श्रद्धानंद बेसरा एवं सूजान जोजो को मिला टिकट




**सिमडेगा।** झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। पहली सूची में भाजपा ने 66 उम्मीदवारों का एलान किया है। लिस्ट में बाबूलाल मरांडी,चम्पई सोरेन, अमर बाउरी, सीता सोरेन, सुनील सोरेन सहित अन्य का नाम अहम है।वहीं जिले से सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र से श्रद्धानंद बेसरा एवं कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र से सुजान जोजो को टिकट दिया गया है।जारी सूची का भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया है।साथ ही उम्मीदवारों में भी हर्ष है।बता दें कि एनडीए ने शुक्रवार को अपने सहयोगियों के बीच सीट बंटवारे के फॉर्मूले की घोषणा की थी।झारखंड में भाजपा 68 सीटों पर, ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (AJSU) 10 सीटों पर, जबकि जनता दल (यूनाइटेड) दो सीटों पर और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) एक सीट पर चुनाव लड़ेगी।बता दें कि चुनाव आयोग ने घोषणा की है कि झारखंड की 81 सदस्यीय विधानसभा के लिए 13 और 20 नवंबर को दो चरणों में चुनाव होंगे।

# वाहनों से अवैध वसूली के मामले में अब तक नहीं हुई कार्यवाही

### विभागीय कर्मियों के संरक्षण में चल रहा वाहनों से अवैध वसूली का खेल

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** परिवहन विभाग का प्रवर्तन दल इन दिनो ओवरलोड वाहनों की अवैध वसूली करने के कारोबार में मशगुल नजर आ रहा है।इसके चलते परिवहन विभाग को लम्बा चुना लगता नजर आ रहा है, विभाग राजस्व वसूली के निर्धारित लक्ष्य से कोसो दूर हो गए।इस संबंध में बीते दिनों परिवहन विभाग ने कई बार ओवरलोड वाहनों पर रोक लगाने का निर्देश दिया जा चुका है।इसके बावजूद विभाग के आदेशो को ठेंगा दिखाते अपने अवैध वसूली में पुरी तरह मस्त नजर आ रहे हैं और इनपर विभाग के आदेशो का कोई असर नहीं पड़ रहा है।विभागीय कर्मचारियों के द्वारा दलालों को साथ लेकर वाहनों से वसूली की जा रही है। पैसा नहीं देने पर वाहनों के चालान काट दिया जाता है। यही नहीं सड़कों पर ओवरलोड वाहनों का धड़ल्ले से संचालन भी हो रहा है। इससे शासन और मुख्यालय के निर्देशों की अवहेलना हो रही है।वैसे इनदिनों विभाग अपने भ्ष्टाचार के आचरण में लिप्त अधिकारियो से भले ही त्रस्त हो,विभागीय तिजोरी खाली हो पर क्षेत्र में तैनात डीटीओ अपनी तिजोरियो में जमकर माल बटोर रहे हैं।

### अवैध वसूली के मामले में अबतक नहीं हुई कार्यवाही




बीते दिनों 21 जून 2024 को डीटीओ के चालक भोला प्रसाद के द्वारा फर्जी डीटीओ बनकर अपने एक अन्य साथी के द्वारा वाहनों से अवैध वसूली का मामला प्रकाश में आया था।मामला प्रकाश में आने के बाद जिला उपायुक्त ने मामले पर तत्काल संज्ञान लेते हुए निवर्तमान डीटीओ ओमप्रकाश यादव को मामले की जांच पर कार्यवाही करने का निर्देश दिया था।परंतु मामला के चार महीने बीत जाने के बावजूद अबतक मामले में किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं हुई है।केवल खानापूर्ती के लिए विभाग के द्वारा चालक को विभाग से निकाल दिया गया।

### अवैध वसूली का खेल लगातार जारी

जिले में वाहनों से अवैध वसूली का खेल लगातार जारी है।सूत्रों के मुताबिक सिमडेगा से सटे जिलों एवं राज्यों से आने जाने वाले वाहनों से वसूली के लिए विभागीय कर्मचारियों के द्वारा एक सूचनातंत्र तैयार किया गया है।जैसे ही कोई वाहन जिला में इंट्री लेता है,वैसे ही सूचना तंत्र विभागीय कर्मचारियों को वाहनों की सूचना देता है।उसके बाद विभागीय कर्मचारी अपने साथ दलाल को लेकर वाहन के समीप धमक जाते हैं,फिर वसूली का खेल शुरू हो जाता है।

### कोरम पूरा करने के लिए होती है वाहन चेकिंग अभियान

परिवहन विभाग के द्वारा जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में वाहन चेकिंग अभियान चलाया जाता है।परंतु यह चेकिंग अभियान सिर्फ कोरम पूरा करने के लिए होती है।चेकिंग अभियान सिर्फ कागजों तक ही सीमित है।चेकिंग अभियान के दौरान इक्का दुक्का वाहनों के चालान कर कोरम पूरा कर दिया जाता है।

### क्या कहते हैं डीटीओ

इस मामले में जब डीटीओ संजय कुमार बाखला से बात की गई तो उन्होंने कहा कि पूर्व में इस तरह की कृत्य होने की जानकारी उन्हें है परंतु वर्तमान में अवैध रूप से वसूली का मामला उनके संज्ञान में नहीं है।मीडिया के द्वारा उन्हें सूचना मिली है तो इसपर वह खुद अपने स्तर से जांच करेंगे।

### जिले में नियुक्त व्यय प्रेक्षक कन्नन नारायण पहुंचे सिमडेगा

# निगरानी दलों के साथ बैठक कर चुनाव व्यय से संबंधित कार्यों की ली जानकारी

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** झारखंड विधानसभा आम चुनाव, 2024 के मद्देनजर भारत निर्वाचन आयोग की ओर से निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण कार्य समीक्षा हेतु जिले में नियुक्त व्यय प्रेक्षक कन्नन नारायण पहुंचे सिमडेगा। ये विधानसभा आम चुनाव-2024 के तहत 70-सिमडेगा एवं 71- कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र में व्यय निगरानी कार्य करेंगे। सिमडेगा पहुंच कर एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वर द्वारा परिसदन भवन सभागार में जिले की एफएसटी, एसएसटी, वीवीटी, एटी, एमसीएमसी, नोडल ऑफिसर सहित विभिन्न निगरानी दलों के साथ बैठक कर चुनाव व्यय से संबंधित कार्यां एवं प्रकोष्ठों के साथ बैठक कर अभी तक की तैयारियां/ प्रगति रिपोर्ट की जानकारी ली। बैठक के दौरान भय रहित, निष्पक्ष एवं स्वतंत्र चुनाव कराने के संबंध में संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।उन्होंने निष्पक्ष चुनाव संपन्न करवाने की बात कहते हुए सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने की बात कही। साथ ही कहा कि चेक पोस्ट और नाकों पर रैंडम चेकिंग की जाए।इसके बाद उन्होंने सेंसेटिव इंटर स्टेट बॉर्डर सहित अन्य चेक पोस्टों पर तैनात कर्मचारियों से जानकारी ली। तथा जिले में अब तक विभागवार की गई जब्ती की कार्रवाईयों के बारे में विस्तार से जानकारी लेते हुए व्यय संवेदनशील पॉकेट्स पर विशेष निगरानी को लेकर निर्देश दिए। उन्होंने निर्वाचन खर्च पर प्रभावी निगरानी और अवैध शराब और अन्य मादक पदार्थों के परिवहन पर निगरानी रखते हुए प्रभावी रोकथाम सुनिश्चित करने की बात भी कहीं। साथ ही उन्होंने पुलिसकर्मी, मीडिया मॉनिटरिंग सेल, एफएसटी, एसएसटी, वीवीटी, बैंकिंग आदि विभाग को निष्पक्ष और भयमुक्त चुनाव करवाने के लिए अपनी भूमिकाओं का गंभीरता से निर्वहन करने के निर्देश दिए।मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह-उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

## विस चुनाव के पहले चरण के लिए दूसरे दिन 04 लोगों ने खरीदा नामांकन पर्चा

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** विधानसभा चुनाव 2024 के लिए पहले चरण में सिमडेगा और कोलेबिरा विधानसभा सीट पर 13 नवंबर को मतदान होना है। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर 18 अक्टूबर से पहले चरण के लिए नामांकन पर्चा की बिक्री शुरू कर दी गई है।शनिवार को दूसरे दिन 04 लोगों ने नामांकन पर्चा खरीदा। विधानसभा चुनाव 2024 के पहले चरण के लिए नामांकन का दौर 18 अक्टूबर से शुरू हो गया है। नामांकन पर्चा बिक्री और नामांकन दाखिल करने के लिए सिमडेगा विधानसभा सीट के लिए अनुमंडल कार्यालय में प्रशासन द्वारा व्यवस्था की गई है। जबकि कोलेबिरा विधानसभा सीट के लिए समाहरणालय सिमडेगा में पर्चा बिक्री और नामांकन दाखिल करने की व्यवस्था की गई है। शनिवार दूसरे दिन सिमडेगा विधानसभा सीट के लिए 01 मात्र नामांकन पर्चा की बिक्री हुई है। जो झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के सुमन कुल्लू ने खरीदा है। वहीं कोलेबिरा विधानसभा सीट के लिए आज 03 लोगों ने नामांकन पर्चा खरीदा है। जिसमें झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के आह्लाद केरकेट्टा और सुमन कुल्लू ने नामांकन पर्चा खरीदा है। इनके अलावा अबुआ झारखंड पार्टी के विश्राम बागे ने नामांकन पर्चा खरीदा है।

**विधानसभा चुनाव 2024 के पहले चरण के लिए नामांकन का दौर 18 अक्टूबर से शुरू हो गया है।**

### टीवी स्क्रीन लगाकर प्रॉपर मॉनिटरिंग करने का निर्देश

**सिमडेगा।** विस चुनाव को लेकर शुक्रवार को डीसी अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति की समीक्षा बैठक हुई। बैठक के दौरान गठित एमसीएमसी एवं मीडिया कोषांग के सुचारू संचालन हेतू संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों की कार्य प्रणाली एवं कार्य दायित्वों से संबंधित दिशा - निर्देश दिया गया। डीसी ने कहा कि प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक्स, सोशल मीडिया, केबल नेटवर्क एवं अन्य मामलों की गतिविधियों के संचालन एवं निगरानी का कार्य करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने टीवी स्क्रीन लगाकर प्रॉपर मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया। उन्होंने ने कहा कि प्रत्याशी विस चुनाव लड़ने के इच्छुक होंगे, उन्हें किसी भी तरह के प्रचार सामग्री के प्रकाशन या प्रसारण के लिए जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति कोषांग से परमिशन लेना होगा।

### हाथियों ने दो घरों को किया क्षतिग्रस्त

**ठेठईटांगर।** झूंड से बिछड़े दो हाथियों के आतंक से कई गांव के ग्रामीण दहशत के साये में जी रहे हैं। गुरुवार की रात हाथियों ने ठेठईटांगर पंचायत के अर्जुनटोली, बांसपहाड़ और आसपास के क्षेत्र में उत्पात मचाया। बांसपहाड़ में एतवा बिरहोर के घर को क्षतिग्रस्त कर दिया। जबकि अर्जुनटोली में ऑस्कर केरकेट्टा के घर को तोड़ दिया। इससे दोनों ग्रामीणों के परिवारों के समक्ष कई समस्या उत्पन्न हो गई है। ग्रामीणों ने हाथियों को खदेड़ने की मांग की है। इधर घटना की सूचना पर शुक्रवार को पंचायत सचिव शालिनी सोरेंग ने एतवा बिरहोर को 10 किलो चावल सहायता के रूप में दिया। साथ ही मकान क्षतिपूर्ति के लिए मुआवजा दिलाने की दिशा में पहल करने का आश्वासन दिया।

## सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला बाल विवाह के खिलाफ बड़ा कदम

नवीन मेल संवाददाता



सिमडेगाःसुप्रीम कोर्ट ने बाल विवाह के खिलाफ एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया है, जिसमें कहा गया है कि बाल विवाह अपनी मर्जी से जीवनसाथी चुनने के अधिकार का हनन करता है। इस फैसले में कोर्ट ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए सरकार और प्रशासन को बचाव-रोकथाम-अभियोजन रणनीति के साथ समुदाय आधारित दृष्टिकोण के साथ काम करने की जरूरत बताई।छोटानागपुर कल्याण निकेतन के निदेशक प्रियंका सिन्हा ने, इस फैसले का स्वागत किया और कहा कि यह फैसला 2030 तक देश से बाल विवाह का खात्मा सुनिश्चित करेगा। सिमडेगा में बाल विवाह के खात्मे के लिए यह फैसला एक महत्वपूर्ण कदम है, और साथ ही हमारे साझा प्रयासों को और मजबूती मिलेगी।बाल विवाह मुक्त भारत अभियान ने 120,000 से अधिक बाल विवाह रुकवाए और 50,000 बाल विवाह मुक्त गांव बनाए। अभियान के संस्थापक भुवन ऋभु ने कहा कि यह फैसला सांस्थानिक संकल्प को मजबूती देने की दिशा में निर्णायक बिंदु साबित होगा।

### बदले नेता, बदले अधिकारी पर नहीं बदली केलाघाघ डैम की मुरत

**सिमडेगा।** सिमडेगा जिला मुख्यालय स्थित हर पंसद पर्यटक स्थल केलाघाघ डैम की सुंदरता बरबस ही लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है। जिला मुख्यालय में रहने वाले लोगो के यहां कोई अतिथि पहुंचता है, तो उसे घुमाने के लिए केलाघाघ डैम जरुर ले जाया जाता है। प्रमुख पर्यटक स्थल होने के बावजुद केलाघाघ डैम का वो विकास नहीं हो पाया है, जिसकी उम्मीद जनता को है। करीब तीन दशक से पर्यटक स्थल के रुप में जिले के लोगों की पहली पसंद केलाघाघ डैम अपने विकास के लिए जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियो की ओर आशा भरी नजरो से देख रहा है। कुछ वर्ष पूर्व तत्कालिन उपायुक्त विजय कुमार सिंह ने केलाघाघ के सौंदर्यीकरण के लिए योजना बनाई थी और डीपीआर भी बनकर तैयार हुआ था।

# जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर के कार्यों एवं दायित्वों का प्रशिक्षण दिया गया

**सिमडेगा।** विधानसभा आम निर्वाचन- 2024 के सफल क्रियान्वयन को लेकर को महिला कॉलेज सलडेगा में मास्टर ट्रेनरों द्वारा सेक्टर ऑफिसर, सेक्टर पुलिस ऑफिसर एवं पीठासीन पदाधिकारी पी-1 को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में सेक्टर ऑफिसर-85, सेक्टर पुलिस ऑफिसर- 76 एवं पीठासीन पदाधिकारी P-1 -857 शामिल हुए। वहीं प्रशिक्षण में सेक्टर ऑफिसर,सेक्टर पुलिस ऑफिसर एवं पीठासीन पदाधिकारी P-1 को जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर द्वारा उनके कार्यों एवं दायित्वों की जानकारी दिया। इसी प्रकार मतदान स्थल पर की जाने वाली कार्रवाई, बूथ व्यवस्था, वास्तविक मतदान के दिन की कार्रवाई, मॉक पोल, ईवीएम मशीनों का संयोजन, विशेष परिस्थिति समाप्ति के बाद की जाने वाली कार्रवाई आदि के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए प्रशिक्षित किया गया। ईवीएम का प्रशिक्षण वीवीपैट, बैलेट यूनिट एवं कन्ट्रोल यूनिट को आपस में संयोजित करना, मॉक पोल, स्पेशल टैग लगाना, ईवीएम मशीन की सीलिंग एवं मतदान से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं के विषय में विधिवत प्रशिक्षण दिया गया।मौके पर प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी -सह- एलआरडीसी अरुणा कुमारी,प्रशिक्षण कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी -सह- अंचलाधिकारी सदर सिमडेगा मो० इम्तियाज सहित जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक एवं रंजीत सिन्हा उपस्थित थे।

# वीरागंना दुर्गावती के 500 वें जन्मदिवस पर प्रेरक प्रसंगों का प्रदर्शन

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** रानी दुर्गावती के जन्म के 500 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया । वनवासी कल्याण केंद्र की शैक्षिक इकाई श्रीहरि वनवासी विकास समिति झारखंड द्वारा संचालित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा में रानी दुर्गावती के जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस अवसर पर विद्यालय के अनेक भैया-बहनों ने रानी दुर्गावती के जीवन चरित्र पर विस्तृत प्रकाश डाला । बहन भारती कुमारी, भैया कृष्ण कुमार, बहन ममता बरवा, भैया सौरभ रंजन आदि ने उनके जीवन से जुड़ी हुई अनेक घटनाओं का और उपलब्धियां की चर्चा करते हुए उन्हें एक महान वीरांगना बताया ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सलडेगा संकुल के संकुल प्रमुख संतोष दास ने भी रानी दुर्गावती के जीवन से जुड़े हुए कार्यों और शौर्य गाथाओं का उल्लेख करते हुए भैया बहनों को उनके जीवन से सीखने की प्रेरणा दी । प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार पाठक ने रानी दुर्गावती के जयंती के अवसर पर भैया बहनों को महापुरुषों से सीखने की तथा हर एक क्षेत्र में उनके किए गए कार्यों से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने का संकल्प दिलाया।इस अवसर पर विद्यालय के चारों दलों के बहनों ने रानी दुर्गावती के रूप धर सबका मन मोह लिया।इस अवसर पर सात स्थानों पर वृक्षारोपण भी किया गया।कार्यक्रम के अवसर पर आचार्य मनोज प्रसाद, ओम प्रकाश, आलोक नाथ साहू, मनोज कुमार, अरुण अनुज तिग्गा आदि आचार्य आचार्याओं के साथ सभी भैया बहन उपस्थित थे।

### कोलेबिरा डैम स्थित छठ घाट को है सफाई का इंतेजार

**कोलेबिरा।** दुर्गा पूजा खत्म होते ही छठ महापर्व की तैयारी शुरु हो चुकी है। कोलेबिरा में छठ पूजा कोलेबिरा डैम में मनाया जाता है। इस वर्ष भी कोलेबिरा डैम में छठ महापर्व हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इन दिनों डैम में पानी पुरा भरा हुआ है। लेकिन छठ पूजा स्थल में चेतावनी बोर्ड नहीं लगने एवं बैरेकेटिंग नहीं किए जाने से अनहोनी होने की आशंका बनी रहती है। छठ घाट पहुंचने के लिए पीसीसी पथ का निर्माण किया गया है। जो जर्जर हो चुका है। डैम परिसर में आज भी गंदगी का अंबार लगा हुआ है। डैम में टूटी हुई कांच की बोतलें भी बिखरा पड़ा है। वहीं झाड़ियां भी उग आई है। जिसे समय रहते ठीक करने की जरुरत है। इसके अलावे डैम स्थित छठ घाट परिसर में लाईट का आभाव है। लाईट के आभाव में घाट परिसर में घना अंधेरा पसरा रहता है।

## एक नजर

### सरायकेला-खरसावां में अवैध विदेशी शराब की बड़ी खेप बरामद

**रांची/सरायकेला।** विगत कई माह से सरायकेला खरसावां जिला में पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री तथा मादक पदार्थों की बरामदगी के लिए निरंतर छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी छापामारी के क्रम में पुलिस अधीक्षक को अवैध विदेशी शराब निर्माण एवं बिक्री से संबंधित प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर शुक्रवार को छापामारी दल का गठन किया गया और कुचाई थाना अंतर्गत लोपटा गांव के जंगली पहाड़ी क्षेत्र के पास पहुंच कर छापामारी दल ने पांच व्यक्तियों को अवैध अग्रेजी शराब को बोतल एवं कार्टन में पैक करते हुए गिरफ्तार कर लिया।

### चितरपुर प्रखंड के सभी पंचायतों में पंचायत अध्यक्ष का चयन किया गया

**रामगढ़।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा रामगढ़ इकाई के जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने शनिवार को कहा कि चितरपुर प्रखंड अध्यक्ष शंकर मुंडा ने चितरपुर प्रखंड कार्यकारिणी समिति का विस्तार करते हुए चितरपुर प्रखंड अंतर्गत सभी पंचायतों का पंचायत अध्यक्ष सर्वसम्मति से मनोनीत किया । जिसमें बोरोविंग पंचायत के लिए अध्यक्ष मोहरलाल महतो, बड़कीपोना पंचायत अध्यक्ष साहेब कुमार, सुकरीगड़ा पंचायत अध्यक्ष किशोर कुमार सोनी, लारीकला पंचायत अध्यक्ष दिनेश कुमार, उपाध्यक्ष राज कुमार, मरगमारचा पंचायत अध्यक्ष टेकलाल कुमार महतो ,सचिव जगदेव महतो , कोषाध्यक्ष देवेंद्र कु महतो, मीडिया प्रभारी हरि किशोर महतो, मायल पंचायत अध्यक्ष राजकुमार महतो तथा सचिव कृष्ण कुमार को बनाया गया है। सभी से अपील की गई है की पार्टी में आपकी कर्तव्यनिष्ठा को देखते हुए पंचायत प्रभारी नियुक्त जा रहा है तथा पूर्ण आशा और विश्वास है कि ईमानदारी पूर्वक संगठन विस्तार करते हैं हेतु पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे।

### किसानों के लिए वरदान साबित हो रहा है चिकोर पैक्स

**रामगढ़ ।** चिकोर पैक्स अध्यक्ष इंद्रप्रकाश कुशवाहा उर्फ शैलेश कुशवाहा के कार्यों से किसान को काफी लाभ मिल रहा है। इन्होंने लगभग 300 किसानों का धान आधीप्राप्ति हेतु आईडी बनाया। जिससे किसान पैक्स के माध्यम से उच्च दर पर अपने धान सरकार को बेचते हैं। लगभग 750 किसानों का वर्ष 2006, 2007, 2017 व 2018 का प्रधानमंत्री फसल बीमा की राशि मिल चुकी है। 2018-19 का लंबित राशि भी जल्द मिलने की उम्मीद है। इस बावत चिकोर पैक्स अध्यक्ष शैलेश कुशवाहा ने बताया कि राज्य फसल राहत योजना का लगभग 450 फॉर्म भरा गया है। हालांकि इस योजना से किसानों को संपूर्ण लाभ अभी तक नहीं मिल पाया है, लेकिन प्रयास जारी है। उन्होंने कहा कि चिकोर पैक्स अपने निजी प्रयास से बैंक ऑफ इंडिया भुरकुंडा से लोन लेकर किसानों को समय-समय पर आधे दामों पर धान बीज, गेहूं बीज, चना बीज, सरसो बीज, मक्का बीज उपलब्ध कराते रहता है।

### आजसू की जीत निश्चित करने के लिए बैठकों का दौर शुरू

**लोहरदगा ।** आजसू पार्टी के प्रधान कार्यालय में बैठकों का दौरा जारी रहा। जिसमें जिला कमेटी के लोगों के साथ, प्रखंड कमेटी केसाथ, पंचायत कमेटी, नगर के पदाधिकारी आदि से अलग-अलग बैठक का दौर जारी रहा। इसमें आजसू जीत की रणनीति बनी। इन बैठकों में एक-एक व्यक्ति पर रणनीति बनी कौन सा पदाधिकारी किस प्रखंड एवं किस पंचायत का प्रभार देखेगा एवं किस तरह से एनडीए के अन्य साथियों को साथ में लेकर चुनावी नैया पार लगाई जाएगी तथा जीत सुनिश्चित की जाएगी । एनडीए के सभी घटक दल चाहे वह बीजेपी हो, जदयू हो या एलजीपी जिनके भी पदाधिकारी या कार्यकर्ता होंगे। उनका साथ में लेकर लोहरदगा विधानसभा फतह किया जाएगा और एनडीए की सरकार राज्य में बने यह सुनिश्चित की जाएगी।

# चैनपुर में ऑटो दुर्घटना में पांच वर्षीय मासूम की मौत, एक बच्चा घायल

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर**
चैनपुर थाना क्षेत्र के प्रेम नगर खोपा टोली के पास शुक्रवार को एक दर्दनाक ऑटो दुर्घटना में 5 वर्षीय मासूम अभिषेक कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, 3 वर्षीय रितिक कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए कार्तिक चिक बड़ाइक ने बताया कि वे सभी डुमरी प्रखंड के पूटरूंगी गांव से ऑटो में किसी काम से चैनपुर आये थे।



परिवार के बाकी लोग चैनपुर में मार्केटिंग करने रुक गए। वहीं, ऑटो चालक मृतक के चाचा बसंत कुमार के साथ अभिषेक कुमार, रितिक कुमार और कार्तिक ऑटो में डीजल लेने छतरपुर स्थित पेट्रोल पंप गए थे। वापसी के दौरान प्रेम नगर खोपा टोली के पास अचानक एक बैल दौड़कर ऑटो में घुस गया, जिससे ऑटो की टक्कर बैल से हो गई। स्थानीय स्कूली बच्चों की मदद से ऑटो चालक बसंत के द्वारा सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाकर भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टर डी एन ठाकुर ने अभिषेक कुमार को मृत घोषित कर दिया। वहीं, ऋतिक कुमार को बेहतर इलाज के लिए गुमला रेफर कर दिया गया। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलते ही चैनपुर थाना प्रभारी दल बल के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर घटना की जानकारी ली। वहीं, ऑटो चालक बसंत कुमार को प्राथमिकी में ले लिया है। पुलिस ने ऑटो को कब्जे में लेकर थाना ले लाई है। इस दर्दनाक घटना ने परिवार को गहरा झटका दिया है। मृतक अभिषेक कुमार के परिजनों को सांत्वना देने के लिए लोग पहुंचे। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कल्पना सोरेन ने केन्द्र सरकार पर जमकर हमला बोला

# सरकार के काम के आधार पर मांगा लोगों का समर्थन

**नवीन मेल संवाददाता। डुमरी**
केन्द्र सरकार झारखंड का बकाया 1 लाख 36 हजार करोड़ रुपये बकाया दे दे तो झारखंड में विकास की गति और तेज हो जाती लेकिन केन्द्र सरकार झारखंड का बकाया राशि नहीं दे रही है। उक्त बातें डुमरी प्रखंड के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र पारगो तिलैया में झामुमो द्वारा आयोजित सभा में बतौर मुख्य अतिथि गांडेय विधायक सह झामुमो नेत्री कल्पना सोरेन ने उपस्थित जन समूहों को संबोधित करते हुए कही।श्रीमती सोरेन ने कहा कि केन्द्र सरकार ने राज्य में पीएम आवास बंद कर दिया जिसके बाद झारखंड की जनप्रिय हेमंत सोरेन की सरकार ने अबुआ आवास योजना लाकर जरूरतमंदों को तीन कमरों वाला आवास दिया जबकि डुमरी विधायक सह मंत्री बेबी देवी की सोंच को अमलीजामा पहनाते हुए हेमंत सोरेन की सरकार ने मंईया सम्मान योजना लाकर सूबे के आधी आबादी को सम्मान देने का काम किया,इसी तरह से सावित्री बाई फुले योजना,सर्वजन पेंशन योजना,बिरसा हरित ग्राम योजना आदि दर्जनों योजना को




लाकर झारखंडियों को उसका हक व अधिकार देने का काम किया।कहा कि हेमंत सोरेन झारखंड के विकास एवं झारखंडियों की सामाजिक व आर्थिक उत्थान के लिए पूरी संवेदनशीलता से कार्य में जूटे हैं। कहा कि झामुमो की सरकार बनते ही दिसंबर से मंईया सम्मान की राशि ढाई हजार रुपए हो जाएगी जिसे केबिनेट में पास करा ली गई है इसलिए चुनाव में झामुमो के पक्ष में मतदान कर पुनः झारखंड में झामुमो की सरकार बनानी है।वहीं मंत्री बेबी देवी ने कहा कि दिवंगत जगरनाथ महतो जी के अधूरे कार्यों को पूरा करना है।कहा कि क्षेत्र में विकास की गंगा बहाई जा रही है जिसमें और गति लाना है इसलिए इस चुनाव में भी झामुमो की इस परंपरागत डुमरी की सीट पर विजयी बनाना है। जबकि मंत्री पुत्र अखिलेश महतो राजू ने कहा कि चुनाव में बहुत से लोग आयेंगे और उसमें एक युवा ऐसे भी आयेंगे जो यहां वोट भी नहीं दे पायेंगे इसलिए ऐसे लोगों से बचकर रहना है और अपना एक एक वोट सिर्फ झामुमो को देना है।

इसके पूर्व कल्पना सोरेन एवं बेबी देवी के कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर आदिवासी रीति रिवाज से स्वागत किया गया।अध्यक्षता झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार महतो व संचालन मुखिया जगदीश महतो ने किया। कार्यक्रम में राजकुमार पांडेय,कारी बरकत अली,भोला सिंह, राकेश महतो,नंदलाल शर्मा, उपेन्द्र महतो,चांदी महतो, मिथलेश महतो,समसुद्दीन अंसारी,मोहन सोरेन,कपिल ठाकुर आदि सैकड़ों लोग उपस्थित मौजूद थे।

## हेमंत सरकार में रोटी, माटी और बेटी असुरक्षित : वनाथी श्रीनिवासन




**नवीन मेल संवाददाता । रांची**
भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष वनाथी श्रीनिवासन ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार के कार्यकाल में महिलाएं असुरक्षित, बेबस और खतरे में हैं। इस सरकार में महिलाओं के साथ दुष्कर्म, दुराचार, अपराध आम बात हो गई है। ठगबंधन की निठल्ली सरकार ने आधी आबादी को इन पांच सालों में सिर्फ ठगने का कार्य किया है। हेमंत सरकार में रोटी, माटी और बेटी असुरक्षित हैं। वनाथी ने महिला मोर्चा की कार्यसमिति की बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि झारखंड में महिला मोर्चा बहुत ही सशक्त है। झारखंड की झूठ और ठगबंधन की सरकार के झारखंड को बर्बाद करने के भ्रष्ट इरादों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेंगी। उन्होंने कहा कि महिलाएं राजनीति में रुचि ले रही हैं, ये अच्छा संकेत है। ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को आगे आना है और जनहित में भाजपा की सरकार लाने की काम करना है। महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आरती सिंह ने कार्यक्रमों का ब्यौरा प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि सभी बहनों को मिलकर संगठन द्वारा दिए गए कार्यक्रम को करना है। मिलकर काम करने से हम जरूर सफल होंगे, यह विश्वास है। हमारी सभी बहनें घर-घर जाकर राज्य सरकार की विफलताओं को बताएगा। साथ ही, केंद्र सरकार द्वारा चल रही जनकल्याणकारी योजनाओं से जनता को अवगत कराएंगी।

### तस्करों ने डंप कर रखा था छह टन माइका वन विभाग ने किया जब्त

**तिसरी (गिरिडीह)।** तिसरी प्रखंड क्षेत्र के दानोखुट्टा स्थित वनभूमि पर डंप किए गए लगभग 6 टन अवैध माइका को वन विभाग की टीम ने शनिवार की शाम जब्त किया है। जानकारी के अनुसार वन क्षेत्र पदाधिकारी अनिल कुमार को कथित माइका माफियाओं द्वारा दानोखुट्टा वन भूखंड से अवैध माइका निकालकर एक स्थान पर डंप किए जाने की गुप्त सुचना मिली थी।

## न्यूज बॉक्स

### गृह विभाग ने आपदा पीड़ितों के लिए 19.19 करोड़ की राशि स्वीकृत की

**रांची (हि.स.)।** गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने आपदा पीड़ितों के लिए 19.19 करोड़ की राशि स्वीकृत की है। स्वीकृत राशि वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए राज्य के सभी 24 जिलों के लिए है। जारी आदेश में कहा गया है कि आपदा से प्रभावित लोगों के लिए यह अनुदान राशि स्वीकृत की जाएगी। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार के निर्णय के बाद डीसी के जरिए राशि का भुगतान किया जाएगा। इनमें रांची से 1.50 करोड़, खूंटी से 68 लाख, लोहरदगा से 01 करोड़, गुमला से 02 करोड़, सिमडेगा से 50 लाख, लातेहार से 50 लाख, पलामू से 1.40 करोड़, गढ़वा से 1.05 करोड़, चाईबासा से 45 लाख, सरायकेला से 50 लाख,जमशेदपुर से 70 लाख, दुमका से 50 लाख, जामताड़ा से 27.82 लाख, साहेबगंज से 66 लाख, पाकुड से 30 लाख, गोड्डा से 80 लाख, देवघर से 58 लाख, हजारीबाग से 01 करोड़, रामगढ़ से 01 करोड़,चतरा से 50 लाख, कोडरमा से 60 लाख, गिरिडीह से 1.50 लाख, धनबाद से 60 लाख और बोकारो से 60 लाख शामिल हैं।

### चिरैयां में रक्त पट संग्रह कैंप का रात्रि में किया गया आयोजन



**डुमरी।** डुमरी प्रखंड अंतर्गत करनी पंचायत के स्वास्थ्य उपकेंद्र चिरैयां में शुक्रवार की रात्रि को सीएचसी डुमरी के तत्वावधान में जिला वेक्टर बोर्न डिजीज पदाधिकारी के निदेर्शानुसार रक्त पट संग्रह कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप का मुख्य उद्देश्य फाइलेरिया जांच के लिए 300 लोगों का लक्ष्य निर्धारित करना था। फाइलेरिया की जांच रात 8:00 बजे से 12:00 बजे तक की गई कैंप का आयोजन फाइलेरिया के मामले की संख्या को देखते हुए किया गया। इस कार्यक्रम में पीरामल फाउंडेशन की गुमला टीम ने सक्रिय रूप से भाग लिया। बताया गया कि कार्यक्रम का उद्देश्य फाईलेरिया जैसे बीमारियों की समय पर पहचान कर रोकथाम करना ही इस कार्यक्रम का उद्देश्य है। मौके पर स्वास्थ्य विभाग से प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अलबेल केरकेट्टा, बीपीएम राजेश केरकेट्टा, लैब टेक्नीशियन नरेंद्र कुमार एवं रितेश कुमार पाठक , सचित सलिल कुजूर, ऑलिव किंडो, पंचायत के मुखिया संजय उरांव, फाउंडेशन से प्रमोद कुमार जायसवाल, शुभम भारती, खेमचंद चंद्राकर एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

### दुर्गा पूजा समिति पोकला की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**बसिया।** बसिया अनुमंडल के पोकला प्रखंड में दुर्गा पूजा समिति पोकला के द्वारा पोकला रेलवे गेट के समीप आज सांस्कृतिक प्रोग्राम का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि समाजसेवी अनमोल तिवारी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि अनमोल तिवारी के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन फीता काटकर किया गया।इस दौरान अनमोल तिवारी ने उपस्थित सभी लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मां दुर्गा नारी शक्ति का रूप है समस्त संसार नारी शक्ति के बिना अधूरा है। उन्होंने आगे कहा कि आप सभी पर मां आदिशक्ति की कृपा बनी रहे। इस दौरान रामसूदन सिंह अजय साहू एवं दुर्गा पूजा समिति के सभी सदस्य मौजूद थे।

### बीडीओ-सीओ ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण



**गावां गिरिडीह।** गावां प्रखंड स्थित मतदान केन्द्रों का बीडीओ महेन्द्र रविदास एवं सीओ अविनाश रंजन ने निरीक्षण किया। पदाधिकारियों ने पसनौर, मंझने, बिरने, अमतरो व गावां स्थित बूथ क्रमांक 01 से 25 तक का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। केंद्रों में शौचालय, बिजली, पानी व रेंप आदि सुविधाएं मुहैया करवाने हेतु जोर दिया।

## विस चुनाव की तैयारियों को ले आईजी अभियान ने की बैठक, दिए कई निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**
**रांची।** आईजी अभियान सह राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर ने शनिवार को सभी जोनल आईजी, सभी डीआईजी, एसएसपी और एसपी से वीडियों कांफ्रेसिंग के जरिये बैठक की। इस दौरान आईजी अभियान ने उनके क्षेत्राधीन जिलों में स्पेशल ड्राइव चलाकर लंबित वारंट, कुर्कियों, लंबित कांडों का शीघ्र निष्पादन, लाइसेंसी हथियारों के संबंध में, सक्रिय अपराधकर्मियों, हिस्ट्री शिटर तथा अन्य उपद्रवियों को चिह्नित करते हुए उनपर कार्रवाई की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने अंतरराज्यीय सीमा क्षेत्रों से लगने वाले जिलों के पदाधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि उनके क्षेत्र से लगने वाले अंतरराज्यीय चेक पोस्ट को सक्रिय रखें। साथ ही, आवश्यकतानुसार नए पोस्ट का निर्माण एवं खुद एसपी के जरिये चेक पोस्ट की मॉनीटरिंग तथा क्षेत्रीय पुलिस उप-महानिरीक्षकों जरिये चेक पोस्टों का औचक निरीक्षण किया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि सीसीटीवी भी चालू अवस्था में हो, ताकि अवैध मादक पदार्थ, अवैध हथियार, अवैध शराब तथा अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं की आवाजाही पर निगरानी रखते हुए लगाम लगाया जा सके।

आईजी ने कहा कि केंद्रीय बलों के आवासन एवं परिवहन की व्यवस्था तथा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा संबंधी एसओपी का अनुपालन सुनिश्चित करें। आईजी ने अवैध रूप से ले जाए जाने वाले कैश, शराब एवं अन्य नशीले पदार्थों की तस्कर पर रोक लगाने के लिए औचक रूप से वाहन चेकिंग करने का निर्देश दिया।

आईजी ने चुनाव को लेकर सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखने का दिया निर्देश दिया। साथ ही, सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट, भड़काऊ भाषण, धार्मिक उन्माद फैलाने का प्रयास करने अथवा अफवाह फैला कर सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़कर चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश करने वाले उपद्रवियों पर विशेष निगरानी रखने तथा माहौल बिगाड़ने का प्रयास करने वाले असामाजिक तत्वों के साथ सख्ती से पेश आने का निर्देश दिया, ताकि उपद्रवी किसी तरह का धार्मिक उन्माद नहीं फैला सकें।

# धनबाद छह स्वर्ण पदक के साथ बना खेलो झारखंड का ओवरआल चैंपियन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
एसजीएफआई राज्यस्तरीय खेलो झारखंड 2024-25 का शनिवार को समापन हो गया। इस प्रतियोगिता में राज्य के 2500 से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए धनबाद की टीम ओवरआल चैंपियन बनी। धनबाद को इस प्रतियोगिता में कुल छह स्वर्ण पदक मिले, रांची को 4 और गुमला को तीन स्वर्ण पदक मिले। अंडर 14 बालक वर्ग एथलेटिक्स मुकाबले में दो स्वर्ण और दो कांस्य पदको के साथ पलामू की टीम विजेता रही। अंडर 17 बालक वर्ग एथलेटिक्स मुकाबले में तीन स्वर्ण और एक कांस्य पदक के साथ धनबाद की टीम विजेता रही। अंडर 19 बालक वर्ग एथलेटिक्स मुकाबले में धनबाद की टीम दो स्वर्ण, चार रजत और एक कांस्य पदक के साथ विजेता बनी। अंडर 14 बालिका वर्ग मुकाबले में धनबाद और बोकारो की टीम समानांतर विजेता बनी। दोनों ही टीमों ने एक एक स्वर्ण और एक एक रजत पदक प्राप्त किये। अंडर 17 बालिका वर्ग एथलेटिक्स मुकाबले में गुमला की टीम दो स्वर्ण और एक कांस्य पदक के साथ विजेता बनी।




### इन खिलाड़ियों को मिला बेस्ट एथलीट का पुरस्कार

अंडर 14 बालिका वर्ग मुकाबले में धनबाद की डॉली कुमारी को स्वर्ण पदक मिला। अंडर 14 बालक वर्ग मुकाबले में साहिबगंज के एमानुएल किस्कू को स्वर्ण पदक मिला। अंडर 17 बालिका वर्ग एथलेटिक्स मुकाबले में गुमला की अनामिका उरांव ने जीत दर्ज करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया। अंडर 17 बालक वर्ग एथलेटिक्स मुकाबले में धनबाद के राहुल कुमार महतो को स्वर्ण पदक मिला।

### पहाड़ों को उजाड़ने में जुटे हैं अवैध पत्थर के कारोबारी

# प्रशासन के नाक के नीचे चैनपुर में हो रहा है पत्थर का अवैध खनन

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर**
जिले में अवैध खनन जोरों से चल रहा है। लेकिन इन अवैध खनन को रोकने में प्रखंड प्रशासन मौन धारण किए हुए हैं,और कार्रवाई करने में पूरी तरह नाकाम नजर आ रही है। ऐसे ही एक मामला है गुमला जिला के चैनपुर प्रखंड अंतर्गत रामपुर पंचायत के भटोली गांव में प्रशासन का नाक का नीचे से चट्टानों को तोड़ा जा रहा है। वहीं बड़े पैमाने पर अवैध खानन का कार्य लगातार चैनपुर प्रखंड में हावी हैं। लेकिन कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है। मजेदार की बात यह है कि चैनपुर प्रखंड से महज 4 किलोमीटर दूर अवैध खनन का कार्य जोरों से किया जा रहा है जिसमें प्राकृतिक धरोहर के साथ जिले के खनिज सम्पदा को पत्थर माफिया द्वारा बड़े पैमाने पर लुटा जा रहे हैं। दिन और रात पत्थर तोड़ा जा जाता है। और



बाजरा में बेच दिया जाता हैं। वहीं लोगों की सुगबुगाहट से पत्थर तोड़ने वाले भाग खड़े होते है। आखिर बड़े पैमाने पर पुलिस प्रशासन और प्रखंड प्रशासन अवैध खनन पर करवाई क्यों नहीं कर रहा है? आखिर किसके संरक्षण में इतने बड़े पैमाने पर अवैध रूप से चट्टानों को तोड़कर पत्थर का खनन किया जा रहा है। कुछ दिनों पुर में भी बेंदोरा के समीप वन विभाग के जमीन पर अवैध रूप से पत्थर तोड़ा जा रहा था वहां से वन विभाग ने काफी मात्रा में पत्थर जप्त किया था।पर भी पत्थर माफिया के ऊपर कोई करवाई देखने को नहीं मिला और करवाई के नाम पर बस खाना पूर्ति देखने को मिली देखकर यही प्रतित होता है कि अफसरों के मिलीं भगत से ये कार्य लगातार चैनपुर क्षेत्र के जारी है।

### साहिबगंज पुलिस ने पुणे से अपहृत को दियारा से किया बरामद

**रांची/साहिबगंज।** पुणे महाराष्ट्र के रहने वाले यशवंत हिरामन विनोदे को उनके ही किरायेदार राजु द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर अपहरण कर लिया गया और उन्हें लाकर राधानगर के दियारा क्षेत्र में अपने सहयोगियों के साथ रखा गया था। शुक्रवार को अपहृत व्यक्ति के फोन से उनके पुत्र के मोबाइल पर फोन कर एक करोड़ रुपये फिरौती की मांग की गई। अपहृत यशवंत जी के बेटे ने इस संबंध में हिंजेवाडी थाना में कांड सं0-1185/24 दर्ज कराया गया। पुणे क्राइम ब्रांच की एक टीम मालदा एवं साहेबगंज के लिए रवानी हुई। इसी दौरान टीम के द्वारा तकनीकी सहायता से कुछ लीड डेवलप किया गया और अपहृत की बरामदगी एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी में सहयोग के लिए शुक्रवार की रात साढ़े 12:30 बजे पुलिस अधीक्षक, मालदा एवं पुलिस अधीक्षक, साहेबगंज से सम्पर्क किया गया।


## कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, राँची
## विधान सभा आम निर्वाचन, 2024
## ( कार्मिक कोषांग )

### प्रेस विज्ञप्ति

विधान सभा आम निर्वाचन, 2024 के निर्वाचन कार्य सम्पन्न कराये जाने हेतु केन्द्र सरकार/राज्य सरकार के कार्यालय/प्रतिष्ठान/निकाय/शैक्षणिक संस्थान में सेवारत पदाधिकारी/कर्मचारी की नियुक्ति पीठासीन/मतदान पदाधिकारी के दायित्व निर्वहन हेतु की गयी है। नियुक्त उक्त पीठासीन/मतदान पदाधिकारियों में से कतिपय पीठासीन/मतदान पदाधिकारियों ने अपने स्वास्थ्य कारणो से निर्वाचन कार्य से विमुक्त किए जाने हेतु अभ्यावेदन समर्पित किया है।

वैसे सभी पीठासीन/मतदान पदाधिकारी जिन्होंने स्वास्थ्य कारणो से निर्वाचन कार्य से विमुक्ति का अनुरोध पत्र समर्पित किया है, उनका स्वास्थ्य परीक्षण हेतु असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, राँची की अध्यक्षता में मेडिकल बोर्ड का गठन किया गया है।

इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से वैसे सभी पीठासीन/मतदान पदाधिकारियों को निदेशित किया जाता है कि वे दिनांक 23.10.24 से 31.10.24 तक किसी भी कार्य दिवस में सदर अस्पताल, राँची में मेडिकल बोर्ड के समक्ष उपस्थित होकर स्वास्थ्य परीक्षण करायेंगे, ताकि मेडिकल बोर्ड के प्रतिवेदन/अनुशंसा पर निर्वाचन कार्य से मुक्त करने की दिशा में निर्णय लिया जा सके।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह– उपायुक्त, राँची।

PR 339313 (Ranchi) 24-25 (D)



## कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, हजारीबाग।
## (प्रेक्षक कोषांग)

### शुद्धि पत्र

झारखण्ड विधानसभा आम निर्वाचन–2024 के अवसर पर भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा 14–हजारीबाग अन्तर्गत 20–बरकट्ठा, 21–बरही एवं 25–हजारीबाग विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए प्रतिनियुक्त व्यय प्रेक्षकों से मिलने का समय से संबंधित प्रेस विज्ञप्ति विभिन्न समाचार पत्रों के माध्यम से जारी किया गया था, जिसमें 20–बरकट्ठा हेतु प्रतिनियुक्त व्यय प्रेक्षक का मोबाईल नम्बर बदल जाने के कारण नया मोबाईल नम्बर के साथ शुद्धि पत्र प्रकाशित किया जाता है। **(पूर्व प्रकाशित विज्ञापन का PR No.-339285 (Hazaribag)24-25 (D)**

| Sl. | Name of Expenditure Observer | Name of Constituancy | Name of Room | Name of Lision Officer | मिलने का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | SriGhodke Rohit Ramesh, IRS<br>Observer code-R-36388<br>**Mob.No.- 94313 25146** | 20-Barkatha.<br>(Legislative Assembly) | New Circuit House, Hazaribag<br>(**Koel**) | Mr Satyendra Soren<br>Mining Inspector, Hazaribag.<br>Mob. No.-**9031659256** | 10:00 AM<br>To<br>11:00 AM |

एतद् द्वारा सभी राजनैतिक दल एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वे 20–बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रतिनियुक्त व्यय प्रेक्षक से अपनी शिकायतों एवं समस्याओं का निराकरण हेतु व्यय प्रेक्षक के साथ संबद्ध सम्पर्क पदाधिकारी से सम्पर्क स्थापित कर उपरोक्त दिए गए समयानुसार मिलकर अथवा अंकित मोबाईल नम्बर पर सम्पर्क करते हुए निराकरण कर सकते है।


इसे इस हद तक संशोधित समझा जाय। पूर्व में प्रकाशित विज्ञप्ति के शेष बातें यथावत् रहेगें।

**निदेशानुसार**

**नोडल पदाधिकारी, प्रेक्षक कोषांग**
**सह–प्रभारी पदाधिकारी, नजारत शाखा, हजारीबाग।**

**PR No. 339332 (Hazaribag) 2024-25**

# कैलाश मान सरोवर यात्रा




कैलाशपुरी के दर्शन मात्र के ध्यान से ही मन का पलाश हो जाना स्वाभाविक है। यहाँ तो हमें साक्षात कैलाश गिरि के चरण रज को माथे से लगाने का अवसर मिलने जा रहा था।तो चलिए मेरे साथ कैलाश पर्वत के संस्मरण में डुबकी लगाने। मुझे रोमांचकारी कैलाश मानसरोवर की यात्रा का सौभाग्य 2017 में ईश्वर की असीम अनुकम्पा से प्राप्त हुआ। भोले बाबा की भक्त मैं और मेरे पति दोनों काफी उत्साहित थे, आखिर हो भी क्यों ना; कभी जिस यात्रा के बारे में सपने में भी नहीं सोचा था, उसे जीने और स्वयं की आँखों से दर्शन और रसास्वादन करने का मौका प्रभु की कृपा से मिलने जा रहा था। हालाँकि, मैं थोड़ी डरी हुई थी। हाई एलटिच्युड में अपने आपको कैसे सँभालूँगी? विभिन्न तरह के हादसे और लोगों की सकारात्मक से अधिक नकारात्मक प्रतिक्रियाओं से मन आशंकित था। जाऊँ न जाऊँ के उहापोह में फँसी।अविवाहित दोनों बच्चों की चिंता ज्यादा परेशान कर रही थी, पर बच्चों के उत्साहवर्धन ने हौसला बढ़ाया। आखिर मैंने हामी भर दी -जाओ जो होगा देखा जाएगा।


सविता गुप्ता

कठिन सफर की तैयारी में हम दोनों जुट गए। सूची के अनुसार गर्म कपड़े, बरसाती, टॉर्च, कपूर, दवाइयाँ, सूखा नाश्ता, मेवा वगैरह वगैरह सूची से कुछ अधिक ही खरीद कर हमने सूटकेस में भर लिया था।

8 जून 2017 को यात्रा आरंभ हुई। राँची से लखनऊ 9 जून को पहुँच गए। लखनऊ में रात्रि पड़ाव के पश्चात 10 तारीख को प्रातः 10 बजे, बस द्वारा लगभग 4 घंटे का सफर गाते बजाते 30-35 लोगों का हमारा ग्रुप नेपाल बॉर्डर के नेपालगंज के होटल में तीन दिन रुका। एक दिन अतिरिक्त रुकना पड़ा क्योंकि आगे की यात्रा नेपालगंज से छोटे हवाई जहाज से नेपाल के सिमीकोट तक जाना था, लेकिन मौसम खराब होने के कारण हवाई जहाज उड़ान नही भर पा रहे थे। हम सब समूह की महिलाएँ भजन कीर्तन कर भोले बाबा को मनाने में लग गए। जी हाँ ह्यका लेके शिव के मनाइब हो शिव मानत नाहीं.. आखिरकार शिव जी ने हमारी सुन ली। तीसरे दिन मौसम साफ हो गया। समूह खुशी से झुम उठा।बोल बम के जयकारे लगने लगे। एक अलग ही धूनी में हम सब मस्त मगन। 13तारीख को नेपाल गंज से हम सब लगभग एक घंटे के हवाई सफर के दौरान हरी भरी घाटियों के विहंगम दृश्य का अवलोकन करते हुए सिमीकोट पहुँच गए। सिमीकोट नेपाल में पहाड़ों के बीच बना एक हेलिपैड है। यहाँ से पाँच - पाँच के ग्रुप में हम सभी हेलिकॉप्टर से हिलसा पहुँच गए। पहली बार हेलीकॉप्टर में बैठ कर मन रोमांचित हो रहा था। तस्वीरें लेने की मनाही थी इसलिए मन पर अंकुश लगा कर अपने आँखों में ही वादियों को कैद करते चल रही थी। हिलसा हैलीपैड नेपाल और चीन की सीमा पर स्थित है। बताते चलूँ कि यहाँ मेरी तबियत कुछ पलों के लिए खराब हुई पर जल्द ही दवा ने असर दिखाया और मैं आगे की सफर हेतु तैयार होकर खूबसूरत हिमाच्छादित पर्वत श्रृंखलाओं की तस्वीरें लेने में मशगूल।

हिलसा से हम सभी एक पतले जर्जर छोटे लोहे के पुल से पैदल चल कर चीन की सीमा में दाखिल हो गए। यहाँ से चीन के गाइडों ने कमान सँभाला। कंडीशंड बस और सुंदर सड़कों से होकर हमसब 'पुरांग' चीन के एक छोटे से शहर पहुँच गए। आरामदायक होटल में खाना खाकर जल्दी ही सो गए क्योंकि अगले दिन के कठिन सफर की हिदायत गाइड द्वारा मिल चुकी थी।

रात्रि विश्राम करके दूसरे दिन सुबह नाश्ते के पश्चात डॉ की जाँच प्रक्रिया से गुजरना पड़ा क्योंकि काफी ऊँचाई के कारण सभी को आक्सीजन की कमी साफ महसूस हो रही थी। खाना तो अच्छा मिल रहा था, पर खाया नही जा रहा था।भूख मर सी गई थी। पहाड़ों पर बस एक दवा 'डाइमॉक्स' ऊँचाई पर ऑक्सीजन स्तर को बनाए रखने में कारगर होती है। जिसे खाकर और कपूर सूँघ कर हम किसी तरह चल पा रहे थे। पोर्टेबल ऑक्सीजन हमने आपातकाल के लिए खरीद लिया था,पर वो नाकाफी ही था। बस से लगभग तीन घंटे का सफर तय कर, रावण ताल पहुँच गए। अद्भुत दृश्य।नीले फिरोजी रंग का ताल देख हम सब मंत्रमुग्ध हो गए।कुछ यात्री तस्वीरें लेने के लिए बस से नीचे उतर गए। वाकई खूबसूरत झील देख कर मन ललक रहा था, पर नासाज सेहत के वजह से मन मसोस कर बस की खिड़की से ही खूबसूरत नजारे का आचमन करती रही।तस्वीर खींच कर जल्द ही पति देव और अन्य यात्री गण ठंड से काँपते हुए बस में बैठ गए। कुछ दूर चलने के पश्चात ही बस के शीशे के पार कैलाश पर्वत के दर्शन होने लगे। एक बार फिर जयकारे लगने लगे। शरीर में नयी स्फूर्ति आ गयी। कैलाश पर्वत कभी दिखते कभी ओझल हो जाते।बस में बैठे -बैठे हम सभी हाथ जोड़कर प्रणाम किए। शाम पाँच बजे हम सभी मानसरोवर पहुँच गए। मानसरोवर में व्यवस्था कामचलाऊ थी। शौच के लिए टेंट और बाहर की तरफ व्यवस्था थी। एक -एक बड़े कमरें में सात -आठ लोगों को ठहराया गया था। साफ सुथरे रजाई, बिस्तर और खाने -पीने की व्यवस्था भी अच्छी थी,लेकिन ठंड और आक्सीजन की कमी के वजह से कई यात्री बीमार पड़ गए, उन्हें अपनी आगे की यात्रा रद्द कर वापस जाना पड़ा। मुझे भी वापस भेजा जा रहा था। एक बार तो मैं बेहोश भी हो गई थी, लेकिन साथ गए डॉ मित्रों की सहायता से होश में आ गई। उस वक्त लगा था कि बस अब यहीं राम नाम सत्य हो जाएगा लेकिन...भोले बाबा की असीम कृपा से सब ठीक ठाक रहा।

अगले दिन हम सब बस द्वारा सुंदर मनोरम मानसरोवर झील के तट पर पहुँच कर सरोवर के ठंडे जल में स्नान किए। दूर साक्षात कैलाश पर्वत भी मौन खड़े थे,मानो शिव समाधि में लीन हों। मानसरोवर के ठंडे जल में स्नान, दान, ध्यान, पूजन कर हम धन्य हुए। सारे कष्ट काफूर हो गए। शिव धाम की रोमांचकारी यात्रा करके हम भोलेनाथ को बारंबार प्रणाम करते हुए वापस बस में बैठ गए।

मानसरोवर से हम दारचेन (चीन)एक कस्बा है, जहाँ बढ़िया होटल, छोटे मोटे दुकान आदि थे। यहाँ हमारे ठहरने का इंतजाम था। अगले दिन जिन्हें पवित्र कैलाश पर्वत की परिक्रमा करना था वो आगे बढ़े, बाकी लोग वही रुक कर साथियों के लौटने का इंतजार किए। इस बीच हम बाकी बचे यात्री यम द्वार एक मंदिर नुमा द्वार जहाँ से कैलाश पर्वत को निकट से देखा, मन भाव विभोर हो उठा।

मेरे पति भी तीन दिन की कैलाश पर्वत की परिक्रमा करने साथियों के साथ गए। रात में ऊपर बाबा नगरी में रुक कर कैलाश पर्वत को काफी नजदीक से देखने का उन्हें सौभाग्य प्राप्त हुआ। वहाँ भी ठहरने, खाने की व्यवस्था कामचलाऊ थी। पर चीन के गाइड सहायक आदि अत्यंत ही सेवा भाव से ओत प्रोत सभी का विशेष ध्यान रखा।गर्म पानी, चाय, मैगी, दूध आदि खाने पीने की व्यवस्था में वे तत्पर थे। भोर में सूर्य की प्रथम किरण कैलाश पर्वत के हिम खंड पर जैसे ही पड़ी मानो समूचा कैलाश पर्वत सुनहरा हो गया । उस मनमोहक,अलौकिक दृश्य को मेरे पति ने अपने कैमरे में कैद कर लिया। ठंड, खराब मौसम और कठिन रास्ता होने के कारण पवित्र कैलाश पर्वत की दुसरे और तीसरे दिन की परिक्रमा बीच में ही रोकनी पड़ी। पति के साथ ही सभी यात्री दारचेन वापस आ गए। अगले दिन हम सभी कैलाश मानसरोवर की दुरूह, दुर्गम, रोमांचकारी यात्रा जिसमें कई तरह की मामूली समस्याएँ आईं। हम सब प्रसन्नतापूर्वक हँसी खुशी कैलाश पर्वत की धुली माथे पर लगा, सफल यात्रा को यादों में समेटे,भाग्य पर गौरवान्वित। वापस उसी रास्ते से जैसे आए थे। वैसे ही दस दिन की सफल, अविश्वसनीय, अतुल्य, रोमांचकारी यात्रा पूरी कर देवों के देव महादेव के दर्शन कर अभिभूत हुए और सकुशल अविस्मरणीय यादों को सँजोए घर वापस लौट आए।

**आज भी संस्मरण लिखते वक्त मन में बस यही भाव आते हैं**

दर्शन का शिव शंकर ने राह सुगम
बनाया।
हमें कैलाश मानसरोवर की यात्रा कराया।
रोम -रोम बारंबार शिव को
कर रहा प्रणाम,
धन्य हुआ जीवन चरण धुली
माथे से लगाया।

# प्रेम-वसंती


मनोज कुमार झा 'मनु'

प्रीति, तुम्हे कौन-सा फूल पसंद है, साथ मे चलते प्रतीक ने अनायास ही पूछा था। प्रीति ने मुड़कर उसकी ओर देखा, लेकिन कोई उत्तर नही दिया। वसंती बयार की खुशबू तन-मन को तरोताजा कर रही थी। सरसो और अलसी के खेतो की पगडंडियों से होकर चलते हुए प्रतीक को कभी अलसी के फूल मन को लुभाते, तो कभी पीली सरसो के पौधे तन पर लुढ़क कर प्यार जताते। प्रीति! समझ लो, तुम्हे सरसो के पीले फूल पसंद है और मुझे अलसी के नीले। अच्छा!! प्रीति ने विस्फारित नेत्रो से प्रतीक को देखा था। ये दोनो फूल धरा को न केवल रंगीन बनाते हैं अपितु कृषकों के घर समृद्धि और खुशियाँ भी लाते है, प्रतीक ने मानो गुत्थियाँ सुलझाते हुए कहा था। समझो, तुम हो पीली सरसो/ मै अलसी का नीला फूल। छेड़े तुमको पवन वसंती/मेरे हृदय में चुभता शूल। न जाने कम बोलनेवाला प्रतीक आज कैसे वाचाल हो रहा था! और, प्रीति शर्म से लाल हुई जा रही थी। मगर, प्रीति की आनंदित खामोशी प्रतीक को प्रोत्साहित अवश्य कर रही थी। आज रिजल्ट का दिन था। दोनो मैट्रिक अच्छे अंको से उत्तीर्ण हुए थे। अपने गाँव से कोई चालीस मिनट प्रतिदिन पैदल चलकर स्कूल पहुँचते थे। वर्षो की साधना आज सफल हुई थी। माँ-पिता के निदेर्शानुसार प्रतीक उच्च शिक्षा प्राप्त करने शहर चला गया। प्रतीक को करीब साल भर बाद अपनी माँ से पता चला कि प्रीति की शादी हो गई थी। अरे, वह तो काफी होनहार लड़की थी। इतनी जल्दी शादी! प्रतीक नाराज था। आज प्रतीक बतौर मुख्य अतिथि एक प्रतिष्ठित स्कूल मे आमंत्रित था। वह जिलाधीश के पद पर उस जिले मे नियुक्त हुआ था। संचालक अध्यापिका के मधुर सधे शब्दो ने उसे चौका दिया। नही, नही। यह प्रीति नही हो सकती। वह तो विवाहित है, पर इसकी वेशभूषा...? ओह, मै भी क्या अनाप-शनाप सोच रहा हूँ। किंतु, प्रतीक का शक सही निकला। प्रीति ने उसे पहचान कर भी नही पहचानने का स्वांग किया था। दूसरे दिन प्रतीक सरकारी ताम-झाम छोड़कर अकेले ही प्रीति के घर पर था। प्रीति! यह सब कैसे हो गया? शादी के करीब सालभर बाद ही शराब के नशे मे सड़क दुर्घटना...। प्रीति! नशा गलत है, लेकिन बाल-विवाह भी तो गलत है। जानती हूँ। शादी का विरोध करके पढ़ाई कर सकती थी तुम, प्रतीक के मुख से अनायास ही निकल पड़ा था। घर की आर्थिक स्थिति ठीक नही थी। दो भाइयो की इंजीनियरिंग की पढ़ाई चल रही थी और माँ-पापा कर्ज से दबे हुए थे। तो क्या हुआ? बलिदान बेटियों का ही क्यो? शायद मुझमे हिम्मत नही थी। वर्षो बाद किसी के स्वर मे निश्छल अपनापन पाकर प्रीति की आँखो से आँसू बरसाती नदी की तरह बाँध तोड़कर बहने लगे। प्रीति! क्या मै तुम्हारे आँसू पोंछने की गुस्ताखी कर सकता हूँ? नही! प्रीति ने सख्त लहजे मे जबाव दिया। प्रतीक ने मुस्कराते हुए कहा, सोच लो, मै सिर्फ आज की बात नही कर रहा हूँ। अबतक अविवाहित हूँ। हाँ। समझो, तुम हो पीली सरसो/मै अलसी का नीला फूल। प्रीति प्रतीक के आलिंगन मे बेसुध थी। आँखो मे बरसात, मगर वह सर्वांग वसंत की वासंती से सराबोर हो रही थी।

# वेदना



जब तक वेदना ना होगी,
संवेदना कहां से आएगा?

जिसने पाए घाव जिंदगी में,
मरहम वही लगाएगा।

जब तक धूप न होगी ,
छाँव कहाँ शीतल लगेगी?

और जब तक दर्द ना होगा,
हर जीत भी धूमिल लगेगी।

जब तक ना गिरेंगे उठने का
साहस ना होगा।

जब तक आत्मा छलनी ना होगी,
उड़ने का दुस्साहस न होगा।

अपनी वेदना भी कम लगेगी,
दूसरों की जब सुनोगे।

हर राह मुश्किल है जिंदगी की,
जिस राह को भी तुम चुनोगे।


कंचन सिंह

# निर्वासित बेटियां


सविता सिंह मीरा

ठुकराई गई बेटियाँ बुआ
नैहर वापस आ तो जाती हैं
पर वह पहले की भांति
चहकती बिल्कुल नहीं हैं।

बोझ समझती हैं खुद को
भूल जाती है अपने वजूद को
कोशिश करती हैं मुस्कुराने का
छिपा नहीं पाती अपने दुख को।

एक कोना तलाशती हैं घर में जो
हक जताते थकती नहीं थी,
अब स्थिति चाहे जो भी हो
बस वो संतुष्ट नजर आती हैं।

ना जिद ना जिरह कुछ भी नहीं
हर हाल में कहतीं हैं सब सही
जाने की जिद करो तो
जाना नहीं चाहती वो कहीं।

खुद को वह तुलसी नहीं समझती
पूजनीय तो वो अभी भी है
किंतु एक पीपल वृक्ष की तरह
जहाँ शनिवार ही दीप जलता है।



# आस्था

टूटे-फूटे, कटे-छिजे मास्टर साहब अंतिम साँसें गिन रहे हैं। जीवन के कई रंग देखते, सहते, झेलते पतझड़ आ गया। वे सोचते थे, 'जीवन नीरस है। दुखों से भरा है। संघर्षों से तोड़नेवाला है। मनुष्य पर आस्था-विश्वास कम करनेवाला है।' टूटन की तमाम बातों ने उन्हें घेर लिया था। एकाएक एक आदमी कमरे में आकर उनके पैर छूने लगा। ‘सर, पहचाना? मैं आपका स्टूडेंट श्यामू। आपने मुझे मुफ्त में पढ़ाया था। थोड़ी पहचान उभरी। आजकल मैं कलेक्टर बन यहीं अपनी सेवाएँ दे रहा हूँ। आपने इतनी अच्छी शिक्षा और संस्कार दिए। नहीं तो मैं अभी जूते ही सिलता रहता। वह पुनः पैर छूने लगा। उनकी अधमुँदी आँखों में भोर का उजास भर गया। वे आँखें खोल, टकटकी बाँध नए सूर्य की चमकदार रश्मियों को देखते रहे। फिर से जीवन, संस्कार, नैतिकता पर आस्था जमने लगी। साश्चर्य बुदबुदाहट, सबसे ईमानदार कलेक्टर मेरा शिष्य! और उनकी कब की बेचैन, तकलीफ से तड़पती, हताश वृद्ध आँखों में विश्वास का बिरवा अंकुरित हो उठा।


अनिता रश्मि

# नवगीत

मन का मनका फेर कर,
मन में करें विचार।
मन को निर्मल राखिए,
मन से ये संसार।।

चार दिनों की चांदनी,
चार दिनों का मेल।
माया ममता मोह का
मचा रहे सब खेल।
सारे बंधन छोड़ अब
कर लें सबसे प्यार।
मन को निर्मल......

सबसे बढ़कर जगत में,
मात-पिता की छांव।
शहर की भीड़-भाड़ से,
प्यारा अपना गांव।
निश्छल मन की भावना,
जीवन का आधार।।
मन को निर्मल.......

इक उपवन के फूल हम,
भगवन की संतान।
ईसा राम रहीम को,
अलग-अलग मत मान।
भेदभाव तज कर सदा,
करें जगत व्यवहार।।
मन को निर्मल.....


दीपक वर्मा 'दीप'


पूनम शर्मा स्नेहिल

## नेह ने नेह की देखी जादूगरी

नेह ने नेह की देखी जादूगरी।
उस पे लेती है जाँ तेरी ये चुँदरी।।
खो गया है ये मन जाने तुझ में कहाँ।
देख हालत मेरी तू जरा बावरी।।
बात तेरी लगे मुझको रस से भरी।
सीखती है कहाँ से ये जादू अरी।।
सोचता हूं तुझे मैं न देखा करूँ।
जल उठी प्रीत की एक लौ अनवरी।।
चीर तन को सजाए सितारों जरी।
रंग भाए है उस पर तेरे केसरी।।
इक झलक देख मैं देखता रह गया।
हो न पाया मैं उस पल से फिर बरी।।
मोहती है महक मुझको ये अंबारी।
बन गई प्रीत मेरी तू ही आखरी।।
प्रीत से जो खिले मन चमन बन यहां।
बात बाकी सभी हैं धरी की धरी।।

## काव्य कोना

### मृत्युंजय दानवीर का

मृत्युंजय दानवीर
कैसे वर्णन करूँ
किस नाम से पुकारूँ
आभासित अभिशप्त
रवि का तपोबल
आलौकिक कवच कुण्डल की चमक
शोभित अबोधता
रण के हुँकार में
दर्शित क्षत्र का तेज।
लाक्षण सूतपुत्र
यज्ञशाला में
अग्रज और अनुज का द्वन्द
पर हाय पहले द्रोण का कूट
मूर्छित माते
जयघोष से अनभिज्ञ
अग्रज कौरव की अकाट्य सोच
बना-अंगराज
मृत्युंजय दानवीर।

### ऋण कैसे चुकाओगे?

बादल की ओट में तीज का चाँद
घूँघट की ओट में गोरी का मुखड़ा
होंठों के बीच लावण्य भरी मुस्कराहट
प्रकृति प्रदत्त सौंदर्य
कैसे आभार व्यक्त करोगे
ऋण कैसे चुकाओगे इनका?

झरने से गिरते जल का कल-कल
हवा के छूने से स्पंदित पत्तों की सरसराहट
दिल में उठते संगीत की लहर
प्रकृति प्रदत्त माधुर्य
कैसे आभार व्यक्त करोगे
ऋण कैसे चुकाओगे इनका?

भोर के सूरज की लालिमा
भोरे-भोरे खग कलरव
मन में उठते उल्लास का तरंग
प्रकृति प्रदत्त दिव्यता
कैसे आभार व्यक्त करोगे
ऋण कैसे चुकाओगे इनका?

नाग मणि

# शरद पूर्णिमा की खीर




कुछ बातें कभी नहीं भूलतीं ... जब-जब उस से जुड़ा कोई प्रसंग छिड़े या वो तिथि आए तो वह घटना स्वतः याद आ जाती हैं। आज शरद पूर्णिमा के आने से ऐसा ही एक प्रसंग याद आ रहा है।


रीना सिन्हा सलोनी

मेरी सासु माँ यह किस्सा कई बार सुनाया करती थीं। बात उन दिनों की है जब मेरे पति नौ-दस साल के थे और तीनों भाई बहन में सबसे ज्यादा शरारती थेङ्ख आए दिन कोई न कोई शरारत किया करते और फिर खूब डाँट भी पड़ती पर क्या मजाल जो शरारतों में रत्ती भर भी कमी आ जाए।

मेरी सासु माँ बताती थीं कि वो हर साल शरद पूर्णिमा के दिन खूब गाढ़े दूध का काजू किशमिश और इलायची डाल कर स्वादिष्ट खीर बनाया करती थीं और उसे किसी टिफिन या डब्बे में भरकर ढक्कन लगाकर रात भर आँगन में बाहर चाँदनी रात में छोड़ दिया करती थीं और फिर सुबह सबलोग उसे खाते थेङ्ख ऐसी मान्यता थी कि शरद पूर्णिमा के दिन खीर पर शरद चन्द्र की किरणें पड़ने से वो अमृत तुल्य हो जाता है।

ऐसी ही एक शरद पूर्णिमा की रात को मेरी सासु माँ नें खूब मनोयोग से खीर बनाई और उसे टिफिन डिब्बे में भर कर अपने घर के आँगन के आम के पेड़ की एक नीची डाल पे लटका दिया ताकि शरद पूर्णिमा के चन्द्रमा की किरणें उस पर पड़ती रहे। बच्चों को हिदायत दे दी गई की कोई उस डब्बे को हाथ नहीं लगाएगा और खीर सुबह ही खाने को मिलेगी और सासु माँ सोने चली गईं।

देर रात होने को आई पर इन तीन भाई-बहनों की आँखों में नींद न थी, रह-रह कर आँखों के आगे खीर का डब्बा घूम रहा था। अंततः खीर खाने के लोभ के आगे माँ की हिदायत भी टिक न सकी। सबके सो जाने पर चुपके-चुपके पिछवाड़े का दरवाजा खोल कर तीनों बच्चे आँगन में आ खड़े हुए। शरद पूर्णिमा की चाँदनी में धुले मुखमंडल पर जड़ी भोली पर चंचल आँखें खीर के डिब्बे पर टिकी थीं। पर आम की डाल थोड़ी ऊँची थी। हाथ उठाकर तो क्या एड़ियाँ उचकाकर भी उस खीर के डिब्बे तक पहुँचना मुमकिन न था। अब डाल पर टंगे डिब्बे तक पहुँचने के लिए पेड़ पर चढ़ना ही एकमात्र उपाय था, पर गिरने का डर भी था और पकड़े गए तो डाँट या मार पक्की थी। पर खीर के स्वाद के आगे मार की फिकर किसे थी। साहस जुटा कर धीरे-धीरे मेरे पतिदेव पेड़ पर चढ़ गए और डिब्बा उतार लिया गयाङ्ख तीनों भाई-बहन को मानों साक्षात अमृत वहीं मिल गया। खूब मजे ले लेकर खीर खाई गई और मिनटों में डिब्बा सफाचट हो गया। खीर तो खत्म हो गई पर अब सवाल था कि डब्बे का क्या किया जाए। सुबह माँ को यदि खाली डिब्बा रसोईघर में मिला तो खीर खाने की बात खुल जाएगी। बड़ी देर तक दिमाग खपाने पर तय हुआ कि डिब्बे को वापस पेड़ पर टाँग दिया जाए और जब माँ पूछेगी तो कह देंगे कि खीर बिल्ली खा गई। योजना के अनुसार एक बार फिर पेड़ पर चढ़कर डिब्बे को यथास्थान टाँग दिया गया और खीर खाकर परम तृप्त होकर तीनों भाई-बहन चुपचाप सो गए। सुबह को जब सासु माँ ने खीर के डिब्बे को पेड़ की डाल से उतरवाया तो डिब्बा खाली पड़ा था। खीर कहाँ गई पूछे जाने पर भोली सूरत बना कर पूरे विश्वास के साथ जवाब आया कि हमसब तो सो रहे थे, हमें क्या पता खीर कहाँ गई। हो न हो खीर बिल्ली खा गई।

चलो मान लिया कि खीर बिल्ली खा गई पर खीर खाकर बिल्ली ने डिब्बे को धो-पोछ कर बंद भी कर दिया इस बात पर यकीन करना थोड़ा कठिन था, सो उन भोली सूरतों की कलई उतरते देर न लगी और जरा सा आँख दिखाने पर ही सारी बात पता चल गई। खीर खाने वाली बिल्ली कौन है इसका भांडा फूट भी ही गया।

खैर इस मासूम शैतानी के लिए ज्यादा डाँट न पड़ी क्योकि खीर तो बच्चों के खाने के लिए ही बनी थी पर बच्चों की यह भोली शैतानी मेरी सासु माँ कभी नहीं भूलीं और हर साल शरद पूर्णिमा आने पर याद करतीं और हँस-हँस कर मुझे सुनाया करतीं और अपने बच्चों के भोले भाले पर नटखट बचपन की यादों में खो जातीं।

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/ व्हाट्सएप 82925 53444। -संपादक

## आज का दोहा

लोग पूछने आ रहे, फिर सुकून की राह।
क्या उत्तर अब आपका, बोलो जहाँपनाह।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

# कन्या-पूजन

ऐ लड़की रुक... नेहा ने अभी स्कूटी स्टार्ट ही किया था कि उसे यह आवाज सुनाई दी। उसने मुड़कर देखा बालकनी में उसके पिता खड़े थे ।उसे अपने पिता का उसके लिए किया गया यह संबोधन बेहद बुरा लगा ।उसने गुस्से से पिताजी को देखा और पूछा, क्या बात है? स्कूटी तू ले जाएगी तो तेरा भाई क्या चलाएगा? पिताजी आज उसकी छुट्टी है और उसे ट्यूशन भी नहीं जाना है। यह कह कर उसने पुनः अपनी स्कूटी को स्टार्ट करने लगी। तभी एक जूता उसके कंधे पर लगा। उसके पिताजी ने बालकनी से ही अपना जूता चला कर उसे मारा था।


रंजना वर्मा उन्मुक्त

स्कूटी छोड़कर जा।...वे चीखें।

अपमान और गुस्से से लाल नेहा ने घर के अंदर जाकर स्कूटी की चाबी माँ के आगे फेंक दिया और पैर पटकती हुई जाने लगी।

ट्यूशन से सीधे घर आ जाना।आज हमें कन्या पूजन करना है। तुम्हारे रहने से मुझे थोड़ी हेल्प हो जाएगी।... मां ने उसे प्यार से कहा ।

वह रास्ते भर सोच रही थी कि नारी समानता एवं हक की बात वह बाहर में क्या उठाएगी, जब उसके घर में ही इतना भेदभाव किया जाता है तथा उनकी इज्जत नहीं है। उसकी माँ ने जब भी अपने हक के लिए बहस किया, उसके पिता से हमेशा उन्हें ऐसा ही प्रसाद मिला। उसे अभी बड़ा पछतावा हो रहा था कि क्यों नहीं उस वक्त उसने अपनी माँ का साथ दिया। बल्कि उस वक्त वह भी माँ को यह कह कर झिड़क देती थी कि,' क्या माँ बेकार की बहस में पड़ती हो।'



लेकिन यह माँ ही हैं जिनकी बदौलत वह आज अपनी मनपसंद शिक्षा प्राप्त कर रही है। उसने अब दृढ़निश्चय कर लिया कि वह अब माँ के साथ सशक्त रूप से खड़ी रहेगी। ट्यूशन के बाद वह सीधे घर आ गयी। उसके माँ-पिताजी नौ नन्ही कन्याओं को बैठाकर कन्या पूजन करने जा रहे थे। पिता ने बड़ी श्रद्धा के साथ सारी कन्याओं के पाँव धोए और माँ ने लाल चुनरी डालकर उन्हें टीका लगाया। पिताजी ने नेहा को देखते ही कहा, जा पूजा घर से फूलों वाली थाली ले आ। नेहा ने थाली लाकर पिताजी को दे दिया। थाल में पिताजी के जूते थे।

यह क्या है?... पिताजी गुस्से से चीखें।

चढ़ा दिजिए पिताजी, यह वही फूल है जिसे आपने सुबह अपनी कन्या पर बरसाए थे।

पिताजी के चेहरे का रंग उड़ गया। वह तो कन्या पूजन करने जा रहे थे लेकिन उन्हें साक्षात देवी के दर्शन हो गए थे।

**-संयोजन : नरेश अग्रवाल**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# उपचुनाव को लेकर सीएम योगी ने की अहम बैठक

एजेंसी। लखनऊ



प्रदेश की 9 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डिप्टी सीएम, जिलों के प्रभारी मंत्री और भाजपा संगठन के पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। इस दौरान उपचुनाव को लेकर व्यापक विचार विमर्श हुआ और रणनीतियां तैयार की गई। बैठक में मुख्यमंत्री ने सभी 9 सीटों पर उपचुनाव को जीतने के लिए मंत्रियों और पदाधिकारियों की जिम्मेदारियों को भी निर्धारित किया। बैठक के दौरान मंत्रियों और पदाधिकारियों के बीच आपसी समन्वय को और अधिक मजबूत करने पर जोर दिया गया। यह भी तय हुआ कि उपचुनाव में पार्टी का कोई भी नेता अपने निर्धारित क्षेत्र में जिम्मेदारियों का निर्वहन करने में कोई कमी ना छोड़े। सीएम योगी ने कहा कि उपचुनाव जीतना केवल चुनावी सफलता नहीं, बल्कि जनता के विश्वास की जीत होगी, इसलिए हर सीट पर जीत सुनिश्चित करने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ काम किया जाना चाहिए। सीएम योगी ने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक चुनाव प्रबंधन को मजबूती से संभालने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उपचुनाव में हर सीट महत्वपूर्ण है और इसके लिए बूथ स्तर पर सटीक प्रबंधन और निगरानी आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने नेताओं को अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय रहने और जमीनी स्तर पर लोगों के बीच जाकर चौपाल लगाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री ने जोर देते हुए कहा कि चौपाल के माध्यम से जनता की समस्याओं को समझा जाए और उनका समाधान किया जाए जिससे लोगों का विश्वास पार्टी में बढ़े। बैठक में मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि प्रभारी मंत्री और पदाधिकारी उन जिलों में अधिक समय बिताएं जहां उपचुनाव हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में जाकर लोगों से सीधा संवाद स्थापित करें, उनकी समस्याओं को सुनें और त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। जिलों के स्थानीय पदाधिकारियों के साथ तालमेल बनाकर चुनावी तैयारियों को और सुदृढ़ किया जाए। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने भी पार्टी की तैयारियों का जायजा लिया और सभी कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाया।

### भाजपा ने महेंद्र नाथ पांडे को बनाया चुनाव अधिकारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की 9 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बड़ा कदम उठाया है। भाजपा ने शनिवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडे को उत्तर प्रदेश संगठन का चुनाव अधिकारी नियुक्त किया है। इसके अलावा पार्टी ने छह लोगों को सहचुनाव अधिकारी बनाया गया है। भाजपा के राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी के. लक्ष्मण ने सूची जारी कर बताया कि पूर्व केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय को उत्तर प्रदेश का चुनाव अधिकारी और इसके साथ छह लोगों को सह चुनाव अधिकारी बनाया गया है। हरीश कुमार सिंह, अनिल चौधरी, रंजना उपाध्याय, मुकुट बिहारी वर्मा, कमलेश कुमार राजेंद्र तिवारी को भाजपा ने सहचुनाव अधिकारी नियुक्त किया है।

### ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में की कार्रवाई

# 14.39 करोड़ रुपये की चार अचल संपत्तियों को किया कुर्क

एजेंसी। प्रयागराज

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की प्रयागराज की टीम ने शनिवार को मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में कार्रवाई की। ईडी की टीम ने पूर्व वधायक विजय मिश्र और अन्य से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में 14.39 करोड़ रुपये की चार अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क किया। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक बयान में बताया कि ये संपत्ति यूपी की पूर्व एमएलसी राम लली मिश्रा की है। कुर्क की गई अचल संपत्तियां आवासीय और कृषि से जुड़ी हुई हैं, जो प्रयागराज, दिल्ली और रीवा (मध्य प्रदेश) में स्थित हैं। ईडी ने कहा कि टीम ने विजय मिश्र और अन्य से संबंधित धन शोधन के एक मामले में पीएमएलए, 2002 के प्रावधानों के तहत राम लली मिश्रा, भोलानाथ शुक्ला और चंदन तिवारी के मेसर्स वीएसपी स्टारर रियल्टी प्राइवेट लिमिटेड के स्वामित्व वाली 12.54 करोड़ रुपये की चार अचल संपत्तियों और वीरेंद्र राम मूरत तिवारी के स्वामित्व वाली 1.85 करोड़ रुपये की जमा (एफडी) के रूप में एक चल संपत्ति शामिल है। लगभग 14.39 करोड़ रुपये की कीमत की संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क किया गया है। इसी साल फरवरी में ईडी की टीम ने मनी लांड्रिंग केस के तहत विजय मिश्र की 11.07 करोड़ रुपये की संपत्ति को अटैच किया था। ये संपत्ति दिल्ली में स्थित है। बता दें कि विजय मिश्र यूपी की ज्ञानपुर विधानसभा से पूर्व विधायक रहे हैं। ज्ञानपुर सीट से वे समाजवादी पार्टी के टिकट पर साल 2002, 2007 और 2012 में विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज कर चुके हैं।

# दो बार गलती किए थे, लेकिन अब कभी इधर-उधर नहीं जाएंगे : नीतीश

एजेंसी। पटना



2005 के पहले लोगों का काम धंधा खराब था, कोई काम नहीं होता था

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को एक बार फिर भाजपा के साथ रहने की बात कहीं। एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मुझसे दो बार गलती हो गई थी, लेकिन अब वह भाजपा के साथ ही रहेंगे। मत्स्य पालन के क्षेत्र में ड्रोन तकनीक का उपयोग और प्रत्यक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करने के दौरान नीतीश कुमार ने कहा, हमने दो बार गलती की। पार्टी गठन के समय से ही हम लोग भाजपा के साथ थे, अब कभी इधर-उधर नहीं जाएंगे, वो सब (आरजेडी) खूब गड़बड़ करता था। बता दें नीतीश कुमार ने बीते दिनों भी इसी तरह का बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि अब वह एनडीए के साथ ही बने रहेंगे। नीतीश कुमार के बयान पर जेडीयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह कहते हैं कि नीतीश कुमार दो बार राजद के साथ गए, लेकिन दोनों बार का अनुभव नीतीश कुमार के लिए अच्छा नहीं रहा। यही वजह है कि नीतीश कुमार कहते हैं कि अब कभी राजद के साथ नहीं जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान नीतीश कुमार ने बिहार की पुरानी स्थिति का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि 2005 के पहले लोगों का काम धंधा खराब था। कोई काम नहीं होता था, हम लोगों ने हर क्षेत्र के लोगों के लिए काम किया। कृषि, पशुपालन, मछली पालन पर हमारी सरकार ने ध्यान दिया। बिहार मछली उत्पादन के मामले में आत्मनिर्भर बन गया है, यहां की मछली अब बाहर भेजी जा रही है। बिहार में हमारी सरकार ने हिंदू-मुसलमान का विवाद खत्म किया। कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में केंद्रीय मंत्री ललन सिंह, प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा सहित, विभाग के अधिकारी समेत सैकड़ों की संख्या में बिहार के सभी जिलों से आये किसान मौजूद थे।

### पटाखों पर बैन के बाद कर रहे थे अवैध रूप से बिक्री

**नोएडा।** नोएडा के थाना सेक्टर-24 पुलिस ने प्रतिबंधित पटाखों की अवैध रूप से बिक्री करने वाले दो सगे भाइयों समेत तीन शातिर आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से कुल 5 कट्टे अवैध पटाखे बरामद किए हैं। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया है कि थाना सेक्टर-24 नोएडा द्वारा लोकल इंटेलिजेंस व बीट पुलिसिंग की सहायता से एसएनजी होटल एल-107, सेक्टर-11 नोएडा के कमरा नं0-103 से त्योहारों के सीजन में प्रतिबंधित पटाखों की अवैध रूप से बिक्री करने वाले तीन शातिर अभियुक्त अभिनय, अमन और केशव चौधरी को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से कुल 5 कट्टे अवैध पटाखे बरामद हुए हैं। पुलिस पूछताछ में इन्होंने बताया है कि अवैध तरीके से दीपावली के त्यौहार में सस्ते दामों पर अवैध पटाखे खरीदे जाते है।

# बांग्लादेशी घुसपैठ की कोशिश नाकाम, एक विदेशी नागरिक को वापस भेजा गयाः सीएम

एजेंसी। गुवाहाटी



असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने शनिवार को कहा कि पुलिस ने करीमगंज जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बांग्लादेशी नागरिकों की घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया है। सीएम सरमा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "पुलिस ने करीमगंज जिले में एक अवैध घुसपैठिये को खदेड़ते हुए एक बांग्लादेशी नागरिक को पकड़ लिया और उसे सीमा पार भेज दिया।"व्यक्ति की पहचान मोहम्मद आरिफ के रूप में हुई है। सुरक्षाबलों ने उसे करीमगंज जिले में गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उसे पड़ोसी देश वापस भेज दिया। मुख्यमंत्री ने आगे कहा, "भारत-बांग्लादेश सीमा पर इस तरह की घुसपैठ की कोशिशों को विफल करने के लिए हमारे जवान पूरी तरह सतर्क हैं। पड़ोसी देश में अशांति के बाद बांग्लादेश के साथ अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा सतर्कता बढ़ा दी गई।"बता दें कि सीएम सरमा ने पहले कहा था कि कुछ बांग्लादेशी घुसपैठिए आधार कार्ड हासिल करने में कामयाब हो गए, लेकिन वे मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज नहीं करा सकते। सीएम ने कहा था, "इस बात की कोई संभावना नहीं है कि लोग बांग्लादेश से अवैध रूप से अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करके असम में मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा लें। हमने कई लोगों को पकड़ा है जो अवैध रूप से भारतीय क्षेत्र में घुसे थे और उन्हें कुछ ही घंटों में वापस भेज दिया गया। अधिकांश घुसपैठियों को सुबह 5 बजे के आसपास गिरफ्तार किया गया और सुबह 9 बजे से पहले उन्हें पड़ोसी देश वापस भेज दिया गया। दो या तीन घंटे में वे अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं करा सकते हैं।

# सिकंदराबाद में माता मुथ्यलम्मा की मूर्ति क्षतिग्रस्त करने का विरोध

**सिकंदराबाद।** तेलंगाना के सिकंदराबाद में शनिवार को हिंदू संगठनों ने माता मुथ्यलम्मा की मूर्ति क्षतिग्रस्त करने के विरोध में बंद का आह्वान किया है। शहर के विभिन्न हिस्सों में बंद का असर देखने को मिल रहा है। कई व्यवसायों ने स्वेच्छा से बंद का समर्थन किया है। व्यापारियों ने स्थानीय बाजारों में अपने प्रतिष्ठान बंद रखे हैं, जिससे व्यापारिक गतिविधियां ठप हो गईं। प्रशासन से लोगों की मांग है कि मूर्ति को क्षतिग्रस्त करने में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। माता मुथ्यलम्मा की मूर्ति क्षतिग्रस्त होने से उनकी धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए पुलिस ने अतिरिक्त बल तैनात किया है। पुलिस का दावा है कि किसी भी प्रकार की स्थिति से निपटने के लिए वह पूरी तरह से तैयार है। प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। उल्लेखनीय है कि मुथ्यलम्मा मंदिर में देवी की मूर्ति क्षतिग्रस्त होने की खबर के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश देखने को मिल रहा है। यह घटना हैदराबाद के कुरमागुडा क्षेत्र में पासपोर्ट कार्यालय के पास मुथ्यलम्मा मंदिर में हुई। जानकारी के अनुसार, एक शख्स ने मंदिर में घुसकर मूर्ति को नुकसान पहुंचाया, जिसके बाद उसे स्थानीय लोगों ने मौके पर पकड़ लिया। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया। मंदिर के बाहर पुलिस बल की तैनात है ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना से बचा जा सके।

# बहराइच हिंसा : अवैध निर्माण पर पीडब्ल्यूडी से मिला नोटिस, लोग स्वयं कर रहे खाली

**बहराइच/उत्तर प्रदेश।** बहराइच हिंसा के मुख्य आरोपी सरफराज और उसके सहयोगियों के घरों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए उत्तर प्रदेश पीडब्ल्यूडी ने शुक्रवार देर रात 23 घरों को नोटिस दिया। नोटिस में कहा गया है कि ये घर सरकारी जमीन पर अवैध रूप से बनाए गए हैं। अब नोटिस पाने वाले लोग खुद ही घर खाली कर सामान दूसरी जगह ले जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में 13 अक्टूबर को एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसके बाद इलाके में काफी हिंसा हुई। हिंसा फैलाने के मुख्य आरोपी सरफराज और उसके सहयोगियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें घरों को खाली करने के लिए नोटिस दिया गया है। पीडब्ल्यूडी की तरफ से शुक्रवार देर रात नोटिस मिलने के बाद अब इलाके के लोग अपने घरों को खाली कर रहे हैं। कुल 23 घरों पर नोटिस चस्पा किया गया है, जिनमें 20 घर मुसलमानों के और तीन हिंदू परिवारों के हैं।

# संगठित हिन्दू सुरक्षित हिन्दू, बंटोगे तो कटोगे : गिरिराज

एजेंसी। कटिहार



1971 के बाद घुसपैठ कर आये बांग्लादेशी मुसलमान अवैध

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह की हिंदु स्वाभिमान यात्रा के पहले चरण में शुक्रवार देर शाम कटिहार पहुंचे। शनिवार सुबह गिरिराज सिंह यज्ञशाला में पूजा अर्चना करने के बाद हिन्दु स्वाभिमान यात्रा को लेकर गिरीराज सिंह ने राजेन्द्र स्टेडियम में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। स्वामी दीपंकर जी महाराज ने भी इस अवसर पर भाग लिया और हिंदू समाज को संगठित करने के लिए अपना समर्थन दिया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हम हिन्दू संगठन के साथ आये हैं, हिंदुओं को संगठित करने। संगठित हिन्दू सुरक्षित हिन्दू। यही मैं कहने आया हूं। लव जिहाद बेटी का हो रहा है और बेटे का भी हो रहा है। हमारा मैसेज है संगठित हिन्दू सुरक्षित हिन्दू। बंटोगे तो कटोगे, अब नही तो कभी नही। गिरिराज सिंह ने कहा कि ये तो आप सभी जानते हैं कि सीमांचल में हमारी संख्या कम हो रही है। जहां-जहां हमारी संख्या कम हुई है, वहां-वहां हम नहीं बचे। चाहे कश्मीर हो या कोई और जगह। उन्होंने कहा कि सीमांचल में मुस्लिम बहुसंख्यक नहीं है बल्कि बंगला देश से यहां अवैध घुसपैठ कर आये मुस्लिम बहुसंख्यक है। वे यहां के मुस्लिम एवं हिन्दू का हक छीन रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 1966 से 71 के बीच बंगला देश से आये घुसपैठिए मान्य होंगे। सीमांचल के कटिहार, पूर्णियां, अररिया और किशनगंज जिले में 1971 के बाद घुसपैठ कर आये बांग्लादेशी मुसलमान अवैध हैं। गिरिराज सिंह ने कहा कि लव जिहाद पहले केरल से शुरू हुआ। इसके विरुद्ध वहां के क्रिशचन और हिन्दू ने आवाज उठाया। अब तो देश के हर जगह लव जिहाद, लैंड जिहाद हो रहा है।

# ममता सरकार ने डॉक्टर्स की बात सोमवार तक नहीं मानी तो अगले दिन से पूर्ण हड़ताल

एजेंसी। कोलकाता



पश्चिम बंगाल की ममत सरकार ने सोमवार तो मांगें नहीं मानी तो मंगलवार से सभी सरकारी और निजी अस्पतालों में डॉक्टर्स पूर्ण हड़ताल पर चले जाएऐंगे। जूनियर और सीनियर डॉक्टर्स के बीच शुक्रवार रात हुई बैठक के बाद यह निर्णय लिया गया। जूनियर डॉक्टर देबाशीष हलदार ने बताया कि अगर सोमवार तक सरकार हमारी सभी मांगों को पूरा नहीं करती, तो हम व्यापक हड़ताल करने पर मजबूर होंगे। उन्होंने कहा कि इस हड़ताल में सीनियर डॉक्टर्स भी हिस्सा लेंगे। जूनियर डॉक्टर्स की 10 मांगों में आरजी कर घटना की जांच और स्वास्थ्य सेवा में सुधार की मांग प्रमुख है। जूनियर डॉक्टर्स पिछले दो महीने आंदोलनरत हैं। इस बीच छह जूनियर डॉक्टर्स अनशनके कारण बीमार पड़ चुके हैं। उनमें से पांच अस्पताल में भर्ती हैं। देबाशीष ने कहा, हम सोमवार तक का समय दे रहे हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री को हमारी सभी मांगों पर चर्चा करनी होगी और उन्हें स्वीकार करना होगा। अगर ऐसा नहीं होता, तो मंगलवार को हम सभी सरकारी और निजी अस्पतालों में हड़ताल करेंगे। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों भी जूनियर डॉक्टर्स की हड़ताल से राज्य के अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हुई थीं। देबाशीष ने कहा, अगर इस हड़ताल के दौरान किसी मरीज को कोई समस्या होती है, तो उसकी जिम्मेदारी सरकार और मुख्यमंत्री की होगी।

# बेंगलुरु में भारी बारिश से लोग परेशान, 11 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में भारी बारिश के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शनिवार को भारी बारिश के चलते कर्नाटक की राजधानी समेत 11 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने (आईएमडी) कर्नाटक के 11 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। शनिवार सुबह से शुरू हुई बारिश ने पूरे बेंगलुरु में ट्रैफिक को बाधित कर दिया है। शहर के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हुई, जबकि कई अन्य जगहों पर भारी बारिश हुई। मौसम विभाग ने रविवार को भी भारी बारिश की भविष्यवाणी की है। इसके चलते अधिकारी हाई अलर्ट पर हैं और संभावित आपातकालीन स्थितियों के लिए व्यवस्था कर रहे हैं। बेंगलुरु में हाल ही में हुई भारी बारिश से रिहायशी और स्थानीय इलाकों में पानी भर गया था। बृहत बेंगलुरु महानगर पालिका (बीबीएमपी) ने बाढ़ से प्रभावित अपार्टमेंट परिसर के निवासियों की मदद के लिए ट्रैक्टर की व्यवस्था की थी। येलो अलर्ट दक्षिण कन्नड़, उडुपी और उत्तर कन्नड़ के तटीय जिलों के लिए जारी किया गया है, जहां तेज हवाएं चक्रवात जैसी स्थिति पैदा कर रही हैं। पर्यटकों और स्थानीय लोगों को समुद्र तटों से दूर रहने की सलाह दी गई है।

## आज का राशिफल

**मेष :** निकटस्थ व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा।

**वृष :** अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी।

**मिथुन :** अपने काम को प्राथमिकता से करें। बुरी संगति से बचें। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। हाथ-पैरों में पीड़ा हो सकती है।

**कर्क :** दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे।

**सिंह :** मान-सम्मान में वृद्धि होगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। सुविधाओं में बाधा आएगी। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**कन्या :** संतोषजनक सफलता मिलेगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। मेहमानों का आगमन होगा। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे।

**तुला :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा।

**वृश्चिक :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें।

**धनु :** शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। वैचारिक उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। अपनी परिसंपत्ति को संभालकर रखें।

**मकर :** व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। मेहमानों का आगमन होगा।

**कुंभ :** महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। सलाह उपयोगी सिद्ध होगी।

**मीन :** प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित विघ्न पैदा होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा।

# नए प्रसाद के प्रत्येक लड्डू में बाबा पर चढ़ाए गए बेलपत्र का 0.07 फीसद हिस्सा इस्तेमाल

एजेंसी। काशी



धर्मनगरी काशी में 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के प्रसाद में बदलाव किया गया है। हाल ही में आंध्र प्रदेश के तिरुपति बालाजी मंदिर के प्रसाद में मिलावट का प्रकरण सामने आया था, जिसने सभी को चकित किया था। ऐसे में बाबा विश्वनाथ के प्रसाद में हुए बदलाव की पहल से बाबा के भक्त खुश हैं। नए प्रसाद को बनाने में खास तरह की सावधानियां बरती गई हैं, ताकि किसी भी स्तर पर सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जा सके। काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट के सीईओ विश्व भूषण मिश्रा ने प्रसाद निर्माण को लेकर बताया कि मंदिर प्रशासन प्रसाद का निर्माण खुद करवा रहा है, जो सहकारी क्षेत्र के संस्थान बनारस डेयरी की फूड प्रोसेसिंग यूनिट के अंतर्गत हो रहा है। खास बात यह है कि प्रसाद को तैयार करने में बाबा पर चढ़ाए गए बेल पत्रों के चूर्ण का इस्तेमाल किया जा रहा है। साथ ही सनातन धर्म को मानने वाले लोग ही प्रसाद निर्माण कर रहे हैं। इसमें ये सुनिश्चित किया गया है कि प्रत्येक लड्डू में कम से कम 0.07 प्रतिशत बेलपत्र के चूर्ण का इस्तेमाल हो और प्रसाद के 200 ग्राम का पैकेट 120 रुपये में मिल रहा है। अगर इससे पहले के व्यवस्था की बात करें, तो मंदिर ट्रस्ट के सीईओ ने बताया कि "श्री काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर में प्रसाद का सार अपरिवर्तित है। पहले, प्रसाद के रूप में बेची जाने वाली मिठाइयां शहर में मिलने वाली मिठाइयों के समान होती थीं, इससे उनकी शुद्धता और पवित्रता को लेकर चिंता पैदा होती थी। उन्होंने बताया कि प्रसाद की शुद्धता से जुड़े मुद्दों को हल करने के लिए, जिसमें कुछ मंदिरों में प्रसाद की गुणवत्ता को लेकर हाल ही में हुए विवाद भी शामिल हैं, मंदिर ट्रस्ट ने नियंत्रित और शुद्ध वातावरण में प्रसाद बनाने का फैसला किया। लेकिन, मंदिर के पास प्रसाद निर्माण कराने की अपनी कोई सुविधा नहीं थी। ऐसे में वाराणसी में ऐसी जितनी अच्छी फैसिलिटी थी, उसकी तलाश की गई। इसमें 'बनास डेयरी' नामक सहकारी क्षेत्र के संस्थान की फूड प्रोसेसिंग यूनिट का चयन किया गया। मंदरि प्रशासन यहीं पर प्रसाद का निर्माण करा रहा है। बता दें कि काशी विश्वनाथ ट्रस्ट द्वारा करीब 8 से 10 महीने पहले ये निर्णय लिया गया था कि शिव जी को अर्पित होने वाली सामग्रियों से रिसर्च करके एक रेसिपी तैयार किया जाए और उस प्रसाद को भक्तों में वितरित करवाएं। इसके लिए बहुत से ग्रंथों और पुराणों का अध्ययन किया गया और रेसिपी बनाने के लिए 4 से 5 महीने तक रिसर्च चला। प्रसाद बनाने में चावल के आटे का उपयोग किया गया है और भगवान पर अर्पित बेल पत्रों के चूर्ण को भी इसमें मिलाया गया। इस बात को सुनिश्चित किया गया है कि प्रत्येक लड्डू में शिवलिंग पर चढ़ने वाले बेलपत्र का इस्तेमाल हो।

# विजया रहाटकर बनीं राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष

एजेंसी। नई दिल्ली



केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने विजया रहाटकर को राष्ट्रीय महिला आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया है। वे वर्ष 2016 से 2021 तक महाराष्ट्र राज्य महिला आयोग की भी अध्यक्ष रही हैं। मंत्रालय की तरफ से शुक्रवार को जारी नोटिफिकेशन के मुताबिक रहाटकर को इस पद पर तीन साल या 65 वर्ष की आयु तक (जो भी पहले हो), नियुक्त किया गया है। वे आयोग की 9वीं अध्यक्ष होंगी। रहाटकर भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष रही हैं। महाराष्ट्र महिला आयोग में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने सक्षमा (एसिड अटैक पीड़ितों के लिए सहायता), प्रज्ज्वला (स्वयं सहायता समूहों को केंद्र सरकार की योजनाओं से जोड़ना) और सुहिता (महिलाओं के लिए 24x7 हेल्पलाइन सेवा) की शुरूआत की थी। उन्होंने पॉक्सो एक्ट, तीन तलाक विरोधी सेल और मानव तस्करी विरोधी इकाइयों जैसे मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करते हुए कानूनी सुधारों पर भी काम किया। उन्होंने डिजिटल साक्षरता कार्यक्रम शुरू किए और महिलाओं के मुद्दों को समर्पित साद नामक एक प्रकाशन शुरू किया। वर्ष 2007 से 2010 तक छत्रपति संभाजीनगर की मेयर के रूप में रहाटकर ने स्वास्थ्य देखभाल और बुनियादी ढांचे से संबंधित महत्वपूर्ण विकासात्मक परियोजनाओं को लागू किया। उन्होंने कई किताबें लिखी हैं, जिनमें 'विधिलिखित' (महिलाओं के कानूनी मुद्दों पर) और 'औरंगाबादः लीडिंग टू वाइड रोड्स' शामिल हैं। महिला सशक्तीकरण में उनके योगदान ने उन्हें पहचान दिलाई है, जिसमें राष्ट्रीय कानून पुरस्कार और राष्ट्रीय साहित्यिक परिषद से सावित्रीबाई फुले पुरस्कार शामिल हैं।

# महाराष्ट्र विस चुनाव में 160 से ज्यादा सीटें जीतेंगे : अभय

**नई दिल्ली।** कांग्रेस प्रवक्ता अभय दुबे ने शनिवार को आईएएनएस से बात करते हुए महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव, दिल्ली में प्रदूषण सहित अन्य मुद्दों पर अपनी प्रतिक्रिया दी। इस पर कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा, महाराष्ट्र में सब कुछ सामान्य है। जिस तरह से लोकसभा में हमने शानदार प्रदर्शन किया था, उसे विधानसभा में दोहराया जाएगा। लोकसभा की 48 सीटों में 30 सीट पर महा विकास अघाड़ी (एमवीए) ने जीत हासिल की थी। इस विधानसभा चुनाव में भी महा विकास अघाड़ी 165 सीट जीतने में सफल होगी। कांग्रेस नेता ने आगे कहा, "केंद्र की सरकार बैसाखी की सरकार है। चंद्रबाबू नायडू ने यह साफ कर दिया है। केंद्र को इनकी सभी बातों को मानना होगा। बैसाखी की यह सरकार अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाएगी।" उल्लेखनीय है कि चंद्रबाबू नायडू ने कहा है कि केंद्र की राजनीति में आंध्र प्रदेश की धमक बढ़ी है। अगर 2029 का लोकसभा चुनाव जीतना है तो एनडीए को सुरक्षित रखने की जरूरत है। सर्दियां शुरू नहीं हुई है और दिल्ली में प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है। यमुना नदी प्रदूषित है। इस पर कांग्रेस नेता ने कहा कि यह गंभीर विषय है और राजनीति से ऊपर भी है।

# 20वीं एशियाई महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा भारत




**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** प्रतिष्ठित एशियाई महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप के ऐतिहासिक 20वें संस्करण का आयोजन 1 दिसंबर से 10 दिसंबर, तक नई दिल्ली में किया जाएगा। भारत के साथ-साथ, एशियाई महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप में ईरान, दक्षिण कोरिया, चीन, जापान, कजाकिस्तान, हांगकांग और सिंगापुर जैसे महाद्वीपीय दिग्गज भी हिस्सा लेंगे। यह चैंपियनशिप इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में आयोजित की जाएगी।

इस टूर्नामेंट के माध्यम से ऊपर दिए गए देशों के करीब 200 खिलाड़ी महाद्वीपीय गौरव और जर्मनी और नीदरलैंड्स में होने वाली 2025

**भारत आठवीं** बार एशियाई महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप में भाग लेगा। इस चैंपियनशिप को डब्ल्यूएचएल, हैंडबॉल एसोसिएशन ऑफ इंडिया और युवा मामले और खेल मंत्रालय का सपोर्ट प्राप्त है। टीम का लक्ष्य घरेलू माहौल में खेलते हुए इस टूर्नामेंट को अविस्मरणीय बनाना है, क्योंकि चार शीर्ष टीमें विश्व चैंपियनशिप के लिए सीधे क्वालीफिकेशन हासिल करेंगी और भारत की नजर चार में से एक सीट पर होगी।

आईएचएफ विश्व महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप के क्वालीफिकेशन के लिए मुकाबला करेंगे।

## एक नजर

### टी10 क्रिकेट खेल सकते है धोनी!



**नई दिल्ली।** टी टेन ग्लोबल स्पोर्ट्स के संस्थापक और चेयरमैन शाजी उल मुल्क का मानना है कि भारत के आइकन एमएस धोनी को टी10 फॉर्मेट में खेलते हुए देखना संभव है। इस बीच चेन्नई सुपर किंग्स के साथ कैश-रिच इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में एमएस धोनी की भागीदारी पर अनिश्चितता बनी हुई है। धोनी की उम्र, घुटने की चोट और ग्रुप स्टेज में सीएसके के बाहर होने के बाद उनके रिटायरमेंट की संभावित योजनाओं के बारे में चुप्पी के कारण उनकी भागीदारी पर चिंता बनी हुई है। धोनी के अभी भी शीर्ष टी20 लीग में प्रतिस्पर्धा करने की इच्छा के बारे में कोई अफवाह नहीं है।



### 11वीं सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर बालक-बालिका मलखंब प्रतियोगिता शुरू

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड राज्य मलखंब एसोसिएशन से पंजीकृत रांची जिला मलखंब एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित 11वीं दो दिवसीय सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर बालक-बालिका मलखंब प्रतियोगिता का शुभारंभ शनिवार को हुआ। इसका आयोजन बंगीय सांस्कृतिक परिषद उच्च विद्यालय, सेक्टर-2, धुर्वा, राची के प्रांगण में हो रहा है। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता एवं खेल प्रेमी प्रिंस अजमानी एवं विशिष्ट अतिथि बंगीय सांस्कृतिक परिषद विद्यालय के सचिव सजल बनर्जी ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि प्रिंस अजमानी ने हनुमान जी की मूर्ति की पूजा-पाठ करने के उपरांत नारियल फोड़कर प्रतियोगिता शुरू कराई।

मंच एवं प्रतियोगिता का संचालन झारखंड राज्य मलखंब संघ के महासचिव डॉ अजय झा ने किया। आगंतुको का स्वागत संघ के वरीय प्रशिक्षक विवेक कुमार ने किया। धन्यवाद ज्ञापन संघ की सदस्य खुशबू कुमारी ने किया। दूसरे दिन की प्रतियोगिता रविवार की सुबह आठ बजे से प्रारम्भ होगी। समापन समारोह सह पुरस्कार वितरण रविवार को पूर्वाह्न साढ़े ग्यारह बजे होगा। पूरी प्रतियोगिता के सफल संचालन एवं निर्णायक में राष्ट्रीय खिलाड़ी विवेक कुमार, कौशल कुमार, अनुशिखा कुमारी, वेद प्रकाश तिवारी, रंजू कुमारी, खुशबू तिवारी ने अहम भूमिका निभाई। इस अवसर पर खेल प्रेमी प्रथम कुमार, मंगरू उरांव, सोमारी उरांव एवं कई गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।

# सरफराज और पंत के अद्भुत साहस के बावजूद खतरे में भारत



| 150 | 90 | 70 | 52 | 35 | 15 | 12 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| रन पर सरफराज खान ऑउट | रन पर ऋषभ पंत ऑउट | रन पर कोहली ऑउट | रन पर रोहित ऑउट | रन पर जायसवाल ऑउट | रन पर अश्विन ऑउट | रन पर केएल ऑउट |

**बेंगलुरु, (आईएएनएस)।** न्यूजीलैंड को एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में भारत के खिलाफ पहले टेस्ट में जीत के लिए 107 रनों की जरूरत है जबकि भारत को ड्रा के लिए बारिश की। शनिवार को चौथे दिन तेज गेंदबाज विलियम ओ'रूर्के और मैट हेनरी के तीन-तीन विकेटों से मेजबान टीम दूसरी पारी में 462 रनों पर सिमट गई। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने चार गेंदें फेंकी थी कि बारिश आने से खेल रुक गया और स्टंप्स घोषित कर दिया गया। भारत को मैच ड्रा कराने के लिए उम्मीद करनी होगी कि कल पांचवें दिन भी बारिश का प्रकोप बना रहे। पंत ने ग्लेन फिलिप्स की गेंद पर शानदार कवर ड्राइव के साथ 55 गेंदों में अपना 12वां टेस्ट अर्धशतक पूरा किया।एक समय भारत सरफराज खान (150) और ऋषभ पंत (99) के बीच चौथे विकेट के लिए 177 रनों की रोमांचक साझेदारी की बदौलत 408/3 रन बनाकर न्यूजीलैंड के सामने बड़ा लक्ष्य रखने के लिए तैयार दिख रहा था, लेकिन न्यूजीलैंड ने दूसरी नई गेंद ली और उसके बाद से उन्होंने बाकी सात विकेट सिर्फ 54 रनों पर चटका दिए और भारत 99.3 ओवर में 462 रनों पर ढेर हो गया।

### बेंगलुरु में 300 रन बनाए सरफराज खान : सहायक कोच

**नई दिल्ली।** भारत के सहायक कोच अभिषेक नायर चाहते हैं कि सरफराज खान अपने बेहतरीन घरेलू क्रिकेट फॉर्म को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी दिखाएं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के वीडियो के जरिए बोलते हुए नायर ने कहा कि वह चाहते हैं कि सरफराज बेंगलुरु टेस्ट मैच में तिहरा शतक लगाएं। सरफराज ने टेस्ट मैच के तीसरे दिन 70 रन की तेज पारी के साथ भारत की वापसी की अगुआई की थी, जब न्यूजीलैंड ने भारत को मुश्किल स्थिति में डाल दिया था। इसके बाद उन्होंने चौथे दिन शतक पूरा किया।भारत के सहायक कोच अभिषेक नायर ने सरफराज खान के बारे में कहा, 'हम सरफराज खान को शतक, दोहरे शतक, शतक और तिहरे शतकों से जोड़ते हैं। इसलिए मुझे उम्मीद है कि दिन के अंत में हम घरेलू सरफराज खान को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का धुरंधर खिलाड़ी बनते हुए देखेंगे और तिहरा शतक बनाएंगे।'

**न्यूजीलैंड को जीत के लिए 107 रन की जरूरत**

**और भारत को ड्रा के लिए बारिश की जरूरत**

### ऋषभ पंत सबसे तेज 2500 टेस्ट रन बनाने वाले भारतीय विकेटकीपर बने

**बेंगलुरु।** ऋषभ पंत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में चल रहे पहले टेस्ट के वर्षा प्रभावित चौथे दिन शनिवार को रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज करा लिया, वे सबसे तेज 2500 टेस्ट रन बनाने वाले भारतीय विकेटकीपर बन गए। पंत ने महज 62 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की, उन्होंने पूर्व कप्तान एमएस धोनी के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने 69 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की थी। भारतीय क्रिकेट के एक अन्य दिग्गज फारुख इंजीनियर ने इससे पहले 82 पारियों में यह रिकॉर्ड बनाया था। पंत की यह उल्लेखनीय उपलब्धि तब आई जब भारत ने जोरदार वापसी करते हुए बारिश के कारण लंच जल्दी होने के बावजूद 344/3 का स्कोर बनाया। भारत न्यूजीलैंड की पहली पारी के 356 रन की बढ़त से सिर्फ 12 रन पीछे है। पंत की 56 गेंदों पर 53 रनों की आक्रामक पारी ने भारत के पुनरुत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, साथ ही सरफराज खान ने अपना पहला टेस्ट शतक बनाया।



धोनी को पीछे छोड़ा

# ऑस्ट्रेलिया जा रही भारत ए की टीम में ईशान की हुई वापसी



**गायकवाड़ कर सकते हैं कप्तानी**

**29** वर्षीय ईश्वरन पहले भी 2022 में बांग्लादेश दौरे पर भारत की टेस्ट टीम का हिस्सा रह चुके

**21** वर्षीय ऑलराउंडर नितीश ने हर्निया से उबरने के बाद इस महीने की शुरूआत में बांग्लादेश के खिलाफ भारत के लिए टी20 अंतर्राष्ट्रीय में डेब्यू किया

**नई दिल्ली।** ऋतुराज गायकवाड़ के अलावा 15 सदस्यीय टीम में अन्य ओपनिंग बल्लेबाजों में अभिमन्यु ईश्वरन और साई सुदर्शन को भी शामिल किया गया है। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में एक रिजर्व ओपनर की आवश्यकता हो सकती है, क्योंकि रोहित शर्मा निजी कारणों से बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले दो मैचों में से एक को मिस कर सकते हैं।

ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ भारतीय ए टीम का यह दौरा कुछ खिलाड़ियों को बैकअप के रूप में भारत की टेस्ट टीम में शामिल होने का अच्छा मौका दे सकता है। देवदत्त पडिक्कल, बी इंद्रजीत और रिकी भुई इंडिया ए टीम के मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज होंगे। वहीं अभिषेक पोरेल और ईशान किशन टीम में विकेटकीपर के तौर पर शामिल किए गए हैं। नितीश कुमार रेड्डी, तनुष कोटियन और मानव सुथार टीम के ऑलराउंडर होंगे। वहीं मुकेश कुमार, नवदीप सैनी, खलील अहमद और यश दयाल को टीम के तेज गेंदबाजी आक्रमण में शामिल किया गया है।

**ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए इंडिया ए की टीम:** ऋतुराज गायकवाड़, अभिमन्यु ईश्वरन, देवदत्त पड़िक्कल, साई सुदर्शन, बी इंद्रजीत, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), मुकेश कुमार, रिकी भुई, नितीश कुमार रेड्डी, मानव सुथर, नवदीप सैनी, खलील अहमद, तनुष कोटियान, यश दयाल।

**एशिया-पैसिफिक एमेच्योर टीम चैंपियनशिप**

### कार्तिक सिंह के प्रदर्शन से भारत 8वें स्थान पर पहुंचा

**नई दिल्ली(हि.स.)।** भारतीय गोल्फर कार्तिक सिंह के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत एशिया-पैसिफिक एमेच्योर टीम चैंपियनशिप में भारत आठवें स्थान पर रहा। कार्तिक ईवन पार 72 के स्कोर के साथ व्यक्तिगत स्पर्धा में दसवें स्थान पर रहे,जबकि रोहित (77) और अनंत सिंह अहलावत (76) दोनों संयुक्त 25वें स्थान पर रहे। कार्तिक ने पांच बर्डी और पांच बोगी तथा दस पार के साथ शानदार प्रदर्शन किया और सप्ताह के लिए कुल 2-अंडर स्कोर किया। यह एक और बेहतरीन प्रदर्शन था और वह भारतीय गोल्फ संघ द्वारा उन पर जताए गए भरोसे को सही साबित कर रहा है। वियतनाम व्यक्तिगत और टीम प्रतियोगिता में शीर्ष स्थान पर है।

# महिला टी20 विश्व कप का फाइनल मैच आज

**एजेंसी। दुबई। सोफी डिवाइन के नेतृत्व में न्यूजीलैंड की स्वर्णिम पीढ़ी के खिलाड़ियों के पास वैश्विक आईसीसी ट्रॉफी पर हाथ रखने का आखिरी मौका होगा जब टीम टी20 विश्व कप के फाइनल मुकाबले में रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगी। इस फाइनल मैच से टी20 विश्व का नया चैम्पियन मिलना तय है क्योंकि दोनों टीमों ने इससे पहले कभी भी इस प्रारूप का खिताब नहीं जीता है।**



न्यूजीलैंड की महिला टीम ने 2000 में एकदिवसीय विश्व कप जीता था लेकिन मौजूदा टीम का कोई भी सदस्य उस ऐतिहासिक खिताबी जीत का हिस्सा नहीं था। इस आयोजन के शुरू होने से पहले लगातार 10 मैचों में हार के कारण न्यूजीलैंड का आत्मविश्वास डगमगाया हुआ था लेकिन डिवाइन के नेतृत्व में इस समूह ने शानदार वापसी की।

**न्यूजीलैंड :** सोफी डिवाइन (कप्तान), सूजी बेट्स, एडेन कारसन, इसाबेला गेज (विकेटकीपर), मैडी ग्रीन, ब्रुक हॉलिडे, फ्रैन जोनास, लेह कास्पेरेक, अमेलिया केर, जेस केर, रोसमरी मायर, मौली पेनफोल्ड, जॉर्जिया प्लिमर, हन्ना रोवे, ली ताहुहू।

समय : शाम 07:30 बजे

दक्षिण अफ्रीका भी पिछले साल की कसक को दूर कर खिताब को अपने नाम करना चाहेगा। पिछले साल घरेलू मैदान पर विश्व कप फाइनल में उसे ऑस्ट्रेलिया के हाथों शिकस्त मिली थी। न्यूजीलैंड के खिलाड़ियों में टूर्नामेंट में अहम मौकों पर अपने खेल के स्तर को ऊंचा उठाया है जब बल्लेबाजों के प्रदर्शन में गिरावट आयी तो गेंदबाजों ने टीम को मैच जिताया है।

**दक्षिण अफ्रीका :** लौरा वोलवार्ट (कप्तान), एनेके बॉश, ताजमिन ब्रिट्स, नादिन डी क्लार्क, एनेरी डर्कसन, मिके डी रिडर (विकेटकीपर), अयांदा ह्रुबी, सिनालो जाफ्ता (विकेटकीपर), मारिजान कैप, अयाबोंगा खाका, सुने लुस, नॉनकुलुले म्लाबा, सेशनी नायडू, तुमी सेखुखुने, क्लो ट्रायॉन।



## व्यापार/लाइफ व साइंस

# लाखों नागरिकों के जीवन को सरल बनाने का साधन है डिजिलॉकर : केंद्र




**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि प्रमुख ई-गवर्नेंस प्लेटफार्म डिजिलॉकर लाखों नागरिकों का जीवन सरल बनाते हुए उन्हें डिजिटल उपकरणों से सशक्त बना रहा है।

आईटी मंत्रालय के राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस प्रभाग (एनईजीडी) द्वारा एक साप्ताहिक लाइव कार्यक्रम से देश भर के लाखों लोग जुड़े। इस कार्यक्रम को डिजिटल इंडिया के यूट्यूब चैनल पर प्रसारित किया गया था। कार्यक्रम के दौरान दर्शकों ने सीधे सवाल पूछे और डिजिलॉकर प्लेटफॉर्म के विभिन्न पहलुओं पर स्पष्टीकरण मांगा।

मंत्रालय के अनुसार, विशेषज्ञों ने एक व्यापक प्रस्तुति दी और डिजिलॉकर की कार्यक्षमताओं और लाभों के बारे में गहन चर्चा की। इस कार्यक्रम में लोगों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम में 9 ऐसे प्रतिभागियों को चुना गया, जिन्होंने डिजिलॉकर को लेकर बेहद काम के सवाल पूछे। इन प्रतिभागियों को ह्यडिजिटल इंडिया प्रश्न निंजा के रूप में मान्यता दी गई। मंत्रालय ने कहा कि इस सीरीज का उद्देश्य ह्यडिजिटल इंडिया पहल के तहत प्रमुख परियोजनाओं के बारे में बताना है और लोगों को इन परिवर्तनकारी कार्यक्रमों का प्रबंधन और संचालन करने वाले विशेषज्ञों से सीधे तौर जुड़ने का मौका देना है।

सरकार ने हाल ही में उमंग ऐप को देश के डिजिटल वॉलेट डिजिलॉकर के साथ इंटीग्रेट करने की घोषणा की है, जिससे यूजर्स मल्टिपल सर्विस को एक ही सिंगल प्लेटफॉर्म से मैनेज कर सकेंगे। एनईजीडी के अनुसार, इस सहयोग का उद्देश्य नागरिकों को अधिक सुविधा प्रदान करते हुए सरकार की अधिक से अधिक सरकारी सेवाओं तक पहुंच प्रदान करना है। गौरतलब है कि? डिजिलॉकर स्टोरेज के लिए एक सुरक्षित क्लाउड बेस्ड प्लेटफॉर्म है, जिसके साथ यूजर्स को उनके डॉक्यूमेंट वेरीफाई और शेयर करने की सुविधा मिलती है।

### 12 आईपीओ में उछाल से भारत का प्राथमिक बाजार विकास पथ पर अग्रसर

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** भारत के प्राथमिक बाजार को लेकर विशेषज्ञों का कहना है कि यह विकास के पथ पर अग्रसर है। निवेशकों की बढ़ती दिलचस्पी और आईपीओ एक्टिविटी में उछाल से भारत के प्राथमिक बाजार में तेजी देखने को मिल रही है। सितंबर का महीना काफी व्यस्त रहा। महीने का आखिरी दिन 14 वर्षों में आईपीओ के लिए सबसे एक्टिव पीरियड में से एक था। सितंबर के आखिरी दिन, एक ही दिन में 15 ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) फाइलिंग पेश की गईं।

# करवा चौथ पर कुल बिक्री 46 प्रतिशत बढ़कर 22,000 करोड़ रुपये होने का अनुमान : सीएआईटी



**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** भारत में इस बार करवा चौथ का त्योहार 20 अक्टूबर को मनाया जाएगा। विवाहित महिलाओं के लिए बेहद खास इस पर्व को लेकर करोड़ों रुपये का व्यापार होने की उम्मीद की जा रही है। अखिल भारतीय व्यापारी परिसंघ (सीएआईटी) ने शनिवार को कहा कि करवा चौथ के मौके पर दिल्ली एवं देश के बाजारों में लगभग 22 हजार करोड़ रुपये के व्यापार की उम्मीद है, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 46 प्रतिशत अधिक होगा। पिछले वर्ष यह आंकड़ा लगभग 15 हजार करोड़ रुपये से अधिक का था। चांदनी चौक से सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल अभियान की श्रृंखला में करवा चौथ का सामान भारत में ही बने सामानों को उपयोग में लाने का बड़ा संदेश देता है। केवल दिल्ली में करीब 4 हजार करोड़ रुपये की बिक्री की उम्मीद है। यदि ऐसा होता है तो इस अवसर पर बिक्री के पुराने सारे रिकॉर्ड टूट जाएंगे। पिछले दो दिनों से कुछ समय से देश के बाजारों में इस पर्व की खरीदारी को लेकर जोश बना हुआ है। कपड़ों, ज्वेलरी से लेकर श्रृंगार-कॉस्मेटिक का सामान, गिफ्ट आइटम्स, पूजा के आइटम्स की जमकर शॉपिंग की जा रही है। इसके लिए दिल्ली समेत देश भर के बाजारों में खूब भीड़ दिखाई दे रही है। इस त्योहारों के लिए लोग काफी खरीदारी कर रहे हैं। इस साल बाजारों में पिछले साल के मुकाबले रौनक भी ज्यादा दिखाई दे रही है।

# आईटीयू-डब्ल्यूटीएसए रोबोटिक्स चैलेंज,11 राज्यों के छात्रों ने लिया भाग

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ (आईटीयू)-विश्व दूरसंचार मानकीकरण सभा (आईटीयू-डब्ल्यूटीएसए 2024) में रोबोटिक्स चैलेंज में 11 राज्यों के छात्रों ने भाग लिया। इस रोबोटिक्स चैलेंज के तहत छात्रों को इनोवेटिव टेक्नोलॉजी सॉल्यूशन क्रिएट करने का टास्क दिया गया था जो कि आपदाओं से निपटने के काम आ सके। कुल 120 टीमों ने आवेदन किया था, जिनमें से 51 को रोबोटिक्स फॉर गुड यूथ चैलेंज में अपने रोबोटिक्स समाधान प्रस्तुत करने के लिए चुना गया। प्रतियोगिता का विषय आपदा प्रबंधन था और जूनियर और सीनियर श्रेणियों के विजेता जुलाई 2025 में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए जिनेवा जाएंगे। संचार मंत्रालय ने बताया कि प्रतियोगिता का विषय आपदा प्रबंधन था। इसके अलावा, जूनियर और सीनियर वर्ग के विजेता अगले वर्ष जुलाई में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए जिनेवा जाएंगे। रोबोटिक्स फॉर गुड यूथ चैलेंज एक राष्ट्रीय कार्यक्रम है, जिसे एआई फॉर गुड इम्पैक्ट इंडिया के हिस्से के रूप में आयोजित किया गया था।

# एचडीएफसी बैंक का शुद्ध लाभ दूसरी तिमाही में पांच प्रतिशत बढ़कर 16,820 करोड़ रुपये




**मुंबई (आईएएनएस)।** प्राइवेट सेक्टर के सबसे बड़े बैंक एचडीएफसी ने शनिवार को बताया कि जुलाई-सितंबर तिमाही में बैंक को 16,820 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ है, जो पिछले साल की समान तिमाही से पांच फीसद अधिक है।

बैंक ने बीएसई में अपनी नियामक फाइलिंग में कहा कि पिछले वर्ष के ट्रेडिंग और मार्क टू मार्केट प्रॉफिट और टैक्स क्रेडिट को एडजस्ट करने के बाद इस तिमाही के लिए कंसोलिडेटेड मुनाफा 30 सितंबर, 2023 को समाप्त तिमाही की तुलना में 17 प्रतिशत बढ़ा है।

वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में बैंक की शुद्ध ब्याज आय 30,114 करोड़ रुपये रही, जो पिछले वर्ष की तुलना में 10 प्रतिशत अधिक है।

ग्रॉस नॉन परफोर्मिंग एसेट (जीएनपीए) 1.36 प्रतिशत रहे, जबकि नेट नॉन परफोर्मिंग एसेट (एनएनपीए) 0.41 प्रतिशत रहे।

30 सितंबर को समाप्त तिमाही में बैंक कंसोलिडेटेड नेट रेवेन्यू 14.7 प्रतिशत बढ़कर 76,040 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वर्ष की इसी तिमाही में 66,320 करोड़ रुपये था। एचडीएफसी बैंक का शुद्ध राजस्व इस तिमाही में 9.2 प्रतिशत बढ़कर 41,600 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वर्ष की इसी तिमाही में 38,090 करोड़ रुपये था।

तिमाही के लिए परिचालन व्यय 16,890 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष की इसी तिमाही के 15,400 करोड़ रुपये से 9.7 प्रतिशत अधिक है।

एचडीएफसी बैंक की कुल बैलेंस शीट का साइज दूसरी तिमाही में 36.8 लाख करोड़ रुपये रहा, जबकि पिछली तिमाही में यह 34.1 लाख करोड़ रुपये था।

दूसरी तिमाही में बैंक की कुल जमा राशि 25 लाख करोड़ रुपये रही, जो पिछले वर्ष की इसी तिमाही से 15.1 प्रतिशत अधिक है।

# एक घंटे के भीतर दो हादसे वृद्ध मजदूर समेत दो की मौत



**पलामू (हि.स.)।** जिले में एक घंटे के भीतर दो सड़क हादसे हुए, जिसमें मजदूर समेत दो लोगों की मौत हो गयी, जबकि महिला और उसका बच्चा बाल बाल बच गये। पाटन और लेस्लीगंज थाना क्षेत्र में दोनों घटनाएं हुईं। शनिवार दोपहर एमआरएमसीएच में दोनों शवों का पोस्टमार्टम किया गया। घटना के बाद से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल बना हुआ है। पुलिस छानबीन में जुटी हुई है।

**बोलेरो ने बाइक को मारी टक्कर, चालक की मौत-पत्नी-बच्चा बाल बाल बचा :** डालटनगंज-पांकी मुख्य पथ पर लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के बैरिया चौक पर एक मोटरसाइकिल में बोलोरो वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक चालक इसी थाना क्षेत्र के बनुवा के रहने वाले चंदीप सिंह (28) की मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी और बच्चा बाल बाल बच गए। दोनों को हल्की चोट आई है। इलाज करके उन्हें घर भेज दिया गया है। शनिवार दोपहर 1 बजे एमआरएमसीएच में डेड बॉडी का पोस्टमार्टम किया गया। मृतक ड्राइवरी का काम करता था। घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल बना हुआ है। हालांकि मुंदरिया इलाके में चालक बोलेरो को सड़क पर लगाकर फरार हो गया।

**वृद्ध मजदूर को घर के समीप बाइक सवार ने मारी टक्कर :** जिले के पाटन थाना क्षेत्र के किशैनी गांव के वृद्ध को उनके घर के समीप एक बाइक सवार ने टक्कर मार दी। गंभीर हालत में उन्हें इलाज के लिए एमआरएमसीएच में भर्ती किया गया, जहां से इलाज के लिए रांची रिम्स ले जाने के क्रम में मौत हो गई। मृतक की पहचान किशैनी गांव निवासी 60 वर्षीया मजदूर नकाई सिंह के रूप में हुई है। शनिवार दोपहर 12 बजे एमआरएमसीएच में डेड बॉडी का पोस्टमार्टम किया गया।

## खरौंधी के आदित्य ने विधायक प्रत्याशी के लिए नामांकन पर्चा खरीदा



**खरौंधी।** खरौंधी प्रखंड के राजी गाँव निवासी युवा नेता आदित्य कुमार गुप्ता ने शनिवार को श्री बंशीधर नगर अनुमंडल कार्यालय से फारवर्ड ब्लॉक पार्टी के विधायक पद के लिए नामांकन पर्चा खरीदा। यह कदम उन्होंने क्षेत्र की समस्याओं को देखते हुए उठाया, खासकर पलायन, बेरोजगारी, और युवाओं के हक की उपेक्षा के खिलाफ। गुप्ता का मानना है कि अब तक क्षेत्र के नेता केवल वादे करते रहे हैं, लेकिन उन वादों को पूरा करने में असफल रहे हैं। आदित्य गुप्ता ने कहा कि भवनाथपुर विस क्षेत्र (81) में पिछले कई वर्षों से कोई ठोस विकास नहीं हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि जितने भी विधायक अब तक चुने गए हैं, उन्होंने जनता को ठगने का काम किया है और विकास के नाम पर केवल दिखावे की राजनीति की है।

## टंडवा : ट्रक के नीचे सोए खलासी की दब कर मौत

**चतरा (हि.स.)।** टंडवा के आम्रपाली परियोजना के एक नंबर बैरियर के समीप शनिवार को एक बड़ा हादसा हुआ। परियोजना में कोयला लोडिंग के लिए आया एक ट्रक वाहन? (बीआर 24 जीबी 2972) ट्रक लेन में बने गड्ढे में फंस गया। इसको निकालने के लिए चालक व खलासी दोनों प्रयास कर रहे थे। जब काफी मशक्कत के बाद ट्रक बाहर नहीं निकला तो खलासी ने ट्रक के पिछले हिस्से के टायर के नीचे पत्थर डालकर ट्रक को निकालने का प्रयास कर रहा था। तभी पत्थर के नीचे उसका हाथ दब गया और फिर चंद सेकेंड में पूरा शरीर गाड़ी के नीचे आ गया।

# लातेहार में मालगाड़ी के सामने आया हाथी का बच्चा, हुई मौत



**लातेहार(हि.स.)।** बरवाडीह-बरकाकाना रेल खंड स्थित चंदवा थाना क्षेत्र के केकराही गांव के निकट शुक्रवार की देर रात मालगाड़ी के सामने आने से हाथी के बच्चे की मौत हो गई। उसके मालगाड़ी के नीचे फंसे रहने के कारण रेलवे का परिचालन भी प्रभावित रहा। वन विभाग और रेलवे विभाग की टीम ने शनिवार को काफी मशक्कत के बाद हाथी के मृत बच्चे को मालगाड़ी के नीचे से से हटाया। मिली जानकारी के अनुसार, शुक्रवार की देर रात हाथियों का झुंड रेलवे पार कर रहा था। इसी दौरान अचानक एक मालगाड़ी आ गई। मालगाड़ी की टक्कर के कारण हाथी के बच्चे की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। इस संबंध में रेंजर नंदकुमार महतो ने बताया कि वन विभाग को सूचना मिली कि केकराही गांव के समीप हाथी का एक बच्चा मालगाड़ी की चपेट में आ गया है। सूचना मिलने के बाद शनिवार को वन विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंची। वहां हाथी का बच्चा मालगाड़ी के नीचे फंसा हुआ था। इसके बाद रेलवे विभाग की मदद से काफी मेहनत करने के बाद हाथी के बच्चे को मालगाड़ी के नीचे से निकाल कर पटरी से हटाया गया। उन्होंने बताया कि हाथी के बच्चे का पोस्टमार्टम करने के बाद उसे जमीन में दफन कर दिया गया।

## हाथियों को लेकर नौ गांवों में रेड अलर्ट

**पलामू (हि.स.)।** वन विभाग ने लगातार हाथियों के झुंड के गांव में घुसकर उनके जानमाल का नुकसान करने को लेकर गढ़वा दक्षिणी वन क्षेत्र के नौ गांवों में शनिवार को रेड अलर्ट जारी किया है। इनमें कुटकु रेंज के पर्रो, अरार, कुरुन, रंका पूर्वी रेंज के भौंरी, चुटिया, चिनिया रंका पश्चिमी रेंज के हेताड़कला, चिरका, जोरीकरम, कोल्हुआ, बिलैतीखैर, रंका पूर्वी के बिराजपुर और रोदो गांव शामिल है। वन विभाग ने इन क्षेत्रों के ग्रामीणों को जंगलों में नहीं जाने की सलाह दी है। वहीं घरों में सुरक्षित रहने की सलाह दी है। गौरतलब है कि इन क्षेत्रों में हाथियों का लातार आतंक जारी है।

### कंडा सूर्य मंदिर के प्रांगण ग्रामीणों की हुई बैठक

## सर्वसम्मति से छठ पूजा कमेटी के अध्यक्ष बने सावन कुमार



**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार पलामू।** महान आस्था का पर्व छठ पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर कंडा सूर्य मंदिर के प्रांगण में शनिवार को एक बैठक का आयोजन किया गया। जहां वर्षों से चली आ रही परंपरा का निर्वहन करते हुए छठ पूजा को ऐतिहासिक बनाने को लेकर छठ पूजा कमेटी का गठन किया गया। जहां सर्वसम्मति से पूजा कमेटी के अध्यक्ष के रूप में सावन कुमार को मनोनीत किया गया। वहीं उपाध्यक्ष अविनाश सिंह, सचिव उदित सिंह,उपसचिव संजय पासवान, कोषाध्यक्ष प्रभात कुमार साहू ,उपकोषाध्यक्ष नीतिश सिंह के साथ संरक्षक मुखिया नरेंद्र सिंह, लव चंद्रवंशी, वीरेंद्र शाहू, वीरेंद्र सिंह, मुमताज खलीफा, विजय सिंह, अरुण गुप्ता, मदन चंद्रवंशी, जनार्दन साहू, कमलेश पासवान, गुड्डू मेहता, गिरजा शंकर राम, योगेंद्र विश्वकर्मा, जितेंद्र पासवान, रंजन चंद्रवंशी, युगेश्वर साहू, अशोक साहू, राजकुमार भुइयां, डॉक्टर किशोर प्रजापति के नाम को शामिल किया गया। व्यवस्थापक धीरेन्द्र चंद्रवंशी, बिट्टू सिंह, सोनू भुइयां ,संजीत साहू, विजय साहू, मोबाइल पासवान ,सुदेश गुप्ता, पंकज चंद्रवंशी, रजनीश चंद्रवंशी, सुजीत कुमार गुप्ता, सुदेश गुप्ता ,अजीत सिंह, विक्की सिंह, फंटूश पासवान, पप्पू पासवान समेत मुख्य सदस्य अमन साहू, मनीष सिंह, नीतीश चंद्रवंशी, गोविंद पासवान, उपेंद्र यादव ,धीरज यादव ,पप्पू प्रसाद गुप्ता, कंचन गुप्ता, कुबेर प्रसाद गुप्ता, नीरज मेहता समेत 51 सदस्यीय कमेटी का विस्तार किया गया। अध्यक्ष सावन कुमार ने बताया कि नावा बाजार प्रखंड क्षेत्र में इकलौता कंडा में सूर्य मंदिर है ।जहां हजारों की संख्या में छठव्रती इस तालाब में डुबकी लगाकर छठ व्रत पूरा करते हैं। कमेटी की ओर से भी हर साल की भांति इस साल भी सुर्य मंदिर प्रांगण व छठ घाट तालाब का साफ सफाई, डेकोरेशन, लाइट आदि की व्यवस्था किया जाएगा। जिसकी तैयारीयां अभी से शुरू कर दिया है।

## लातेहार पुलिस ने पलामू में फरार अभियुक्त के घर चिपकाया इश्तेहार

**पलामू।** लातेहार महिला थाना पुलिस ने मेदिनीनगर सदर प्रखंड अंतर्गत चियांकी के डीएवी स्कूल पास विजय नगर के अभियुक्त सुनील जार्ज कंडुलना पिता बोआस कंडुलना के घर पर शनिवार को इश्तेहार चिपकाया। पुलिस ने घर के अलावे सार्वजनिक स्थल चियांकी पहाड़ के पास भी इश्तेहार चिपकाया है। लातेहार महिला थाना पुलिस की इस कार्रवाई में पलामू जिला के सदर थाना पुलिस भी शामिल थी। लातेहार पुलिस ने बताया कि सुनील जार्ज कुंडलना केस नंबर 08/2024, धारा-376, 313, 506, 34 आईपीसी का अभियुक्त है। पूर्व में ही सुनील पर लातेहार महिला थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया है। मामला दर्ज होने के बाद अभियुक्त सुनील घर से फरार हो गया था। पुलिस ने बताया कि अगर सुनील जार्ज लातेहार न्यायालय में समय से उपस्थित नहीं हुआ तो उस पर आगे की कार्रवाई भी की जायेगी। इस कार्रवाई में लातेहार महिला थाना के सअनि अशोक कांकुत्त, महिला आरक्षी अनिता कुंवर, लक्ष्मी देवी, सरिता कुमारी, गृहरक्षक सह चालक राजीव रंजन, सदर थाना के एएसआई ट्रेस मिंज, सशस्त्र बल व सदर थाना के चौकीदार मो इदरीस अंसारी शामिल थे।

### पलामू में दूसरे दिन भी कोई नामांकन नहीं

# अबतक 51 नामांकन पत्र खरीदे गए

- डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र से 8, पांकी विस क्षेत्र के लिए 5 विश्रामपुर विस क्षेत्र के लिए 6 लोगों ने नाम निर्देशन पत्र खरीदे
- सबसे कम छतरपुर सीट के लिए 4 नामांकन फार्म की बिक्री हुई
- हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के लिए पांच नामांकन पत्र खरीदे गये



**पलामू (हि.स.)।** विधानसभा चुनाव को लेकर पलामू जिले में शनिवार दूसरे दिन भी अपराह्न तीन बजे तक किसी सीट से कोई प्रत्याशी ने नामांकन दाखिल नहीं किया जबकि 28 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र खरीदे। इनमें सबसे अधिक डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र के लिए 8 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र खरीदे। सबसे कम छतरपुर सीट के लिए 4 नामांकन फार्म की बिक्री हुई। सामान्य के लिए 10 हजार जबकि एससी-एसटी के लिए 5 हजार की राशि नामांकन के लिए निर्धारित की गयी है। उल्लेखनीय है कि नामांकन प्रक्रिया 25 अक्टूबर तक चलेगी जबकि 28 अक्टूबर को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। इसी क्रम में यदि कोई प्रत्याशी अपना नाम वापस लेना चाहे तो 30 अक्टूबर तक नाम वापस लिया जा सकता है। सभी निवार्ची पदाधिकारी के कार्यालय के 100 मीटर की परिधि में प्रत्याशियों की तीन गाड़ियों के प्रवेश के अनुमति होगी जबकि निवार्ची पदाधिकारी के नाम निर्देशन कक्ष में उम्मीदवार सहित पांच व्यक्ति अंदर जा सकते हैं।

डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र से 8 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र खरीदे। इनमें दिलीप सिंह नामधारी, जगन्नाथ प्रसाद सिंह, अजय कुमार चेरो, विश्वास सिंह, अभय कुमार सिंह, सतेन्द्र कुमार यादव, अजीमुद्दीन अंसारी एवं श्यामबिहारी राय शामिल हैं। पांकी विधानसभा क्षेत्र के लिए 5 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र खरीदे। मुमताज अहमद खान, विनय सिंह, ओंकार नाथ, केश्वर यादव, विश्वनाथ साव शामिल हैं। विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए 6 लोगों ने नाम निर्देशन पत्र खरीदे, जिसमें पुष्प रंजन, ब्रहम्देव प्रसाद, रजनी देवी, जगृति पति रजनीश रंजन, महावीर सिंह चन्द्रवंशी एवं संदीप कुमार गुप्ता शामिल हैं। हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के लिए पांच नामांकन पत्र खरीदे गये, जिसमें प्रभा देवी, सुग्रीव राम, कमलेश कुमार यादव, उमाशंकर शर्मा, अमरजीत कुमार शामिल हैं। छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए दूसरे दिन चार लोगों ने नामांकन पत्र खरीदे जबकि एक भी नामांकन नहीं हुआ। नामांकन प्रक्रिया को लेकर पलामू के पांचों विधानसभा के निवार्ची पदाधिकारी कार्यालय के अंदर व निकास द्वार पर सीसीटीवी लगाये गये हैं। नामांकन की पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी। नामांकन के दौरान विधि-व्यवस्था के संधारण को लेकर सभी निवार्ची पदाधिकारी कार्यालय के प्रवेश द्वार पर पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। उनके साथ पुलिस बल को भी टैग किया गया है।

## आदर्श आचार संहिता लगते ही जन समस्या को लेकर मुखर होने लगे मतदाता

**डंडई।** आदर्श आचार संहिता लगते ही ग्रामीण अपनी जन समस्या को लेकर मुखर होने लगे हैं। चौक चौराहा के साथ-साथ अन्य जगहों पर भी बेबाक रूप में उनके द्वारा अपनी समस्या को रखना शुरू कर दिया गया है। ग्रामीणों की समस्या में प्रमुख रूप से मुख्यालय पंचायत में अब तक उच्च विद्यालय या डिग्री कॉलेज की स्थापना नहीं होना बताया जा रहा है। प्रखंड मुख्यालय मे उच्च शिक्षा बहाल करने को लेकर उच्च विद्यालय या डिग्री कॉलेज की स्थापना कराना आज तक एक चुनावी मुद्दा बनकर रह गया है।

## पेज एक का शेष

### रांची से सीपी...

वहीं पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर लगातार दूसरी बार टिकट पाने में असफल रही। वहीं पार्टी ने पूर्व आईपीएस अधिकारी अरुण उरांव को सिसई से टिकट दिया है। पोटका से अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा को तो जमशेदपुर पूर्वी से ओडिशा के राज्यपाल रधुवर दास की पुत्रवधु पूर्णिमा दास को टिकट दिया गया है। झामुमो से भाजपा में आये पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को सरायकेला से और उनके बेटे बाबूलाल सोरेन को घाटशिला से टिकट दिया गया है। झामुमो से बगावत करने वाले लोबिन हेंब्रम को बोरियो से फिर ताल ठोंकते नजर आयेंगे। गिरिडीह से तीन बार सांसद रहे रवींद्र पांडेय को बेरमो से मैदान में उतारा गया है। वहीं तमाम विरोध के बावजूद हुसैनाबाद से कमलेश सिंह को मैदान में उतारा गया है।

**ये हैं भाजपा के रणबांकुरे**

सिमरिया-
उज्जवल दास
हजारीबाग-प्रदीप प्रसाद
बगोदर-नागेंद्र महतो
जमुआ- मंजू देवी
गांडेय- मुनिया देवी
गिरिडीह- निर्भय शाहाबादी
बेरमो- रवींद्र पांडेय
बोकारो- विरंची नारायण
चंदनक्यारी-अमर बाउरी
सिंदरी-तारा देवी-इंदरजीत
महतो
निरसा-अर्पणा सेन गुप्ता
धनबाद- राज सिन्हा
झरिया-रागिनी सिंह
बाघमारा- शत्रुध्न महतो
बहरागोड़ा- दिनेशानंद गोस्वामी
घाटशिला- बाबूलाल सोरेन-
चंपई
पोटका- मीरा मुंडा-अर्जुन
जमशेदपुर पूर्वी-पूर्णिमा दास-
रधुवर की बहू, ललित
चाईबासा- गीता बलमुचू
मझगांव- बड़कुंवर गगरई
जगन्नाथपुर-गीता कोड़ा
चक्रधरपुर-शशिभूषण समद
खरसांवा- सोनाराम बोदरा
सिमडेगा- श्रद्धानंद बेसरा
कोलेबिरा- सुजान जोजो
मनिका- हरेकृष्ण सिंह
लातेहार-प्रकाश राम
पांकी- कुशवाहा शशि भूषण
मेहता
डालट्नगंज- आलोक
चौरसिया
विश्रामपुर- रामचंद्र चंद्रवंशी
छत्तरपुर- पुष्पा भुईंया
हुसैनाबाद- कमलेश सिंह
गढवा- सत्येंद्र तिवारी
भावनाथपुर- भानू प्रताप शाही

### मीडिया, चुनाव आयोग...

राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि देश के 90% लोगों के अधिकारों को खत्म करने की कोशिश हो रही है। इनके साथ न मीडिया है, न जूडिशरी है और न ही ब्यूरोक्रेसी है, लेकिन इनके पास सच्चाई है। हम मिलकर आवाज उठाएंगे और इस लड़ाई में मैं आपके साथ हूं। राहुल गांधी ने केंद्र सरकार और बीजेपी पर निशाना आगे कहा कि, भाजपा के पास धन, संस्थाएं, मीडिया, सीबीआई, ईडी, आईटी सब कुछ है। लेकिन हमारे पास ह्यसच्चाईह्व है। हमें और कुछ नहीं चाहिए। क्योंकि जब तक हमारे पास सच होगा, हमें न्याय मिलेगा। देश ने नरेंद्र मोदी को बता दिया कि हम बिरसा मुंडा जी, गुरु नानक देव जी, नारायण गुरु जी, बसवन्ना जी, भगवान बुद्ध और फुले की सोच पर आक्रमण नहीं होने देंगे।

### छत्तीसगढ़ में आईईडी...

आज दोपहर संयुक्त टीम के अभियान से वापसी के दौरान करीब 12 बजे के मध्य ग्राम कोडलियर के समीप जंगल में आईईडी विस्फोट की चपेट में आने से आईटीबीपी 53 बटालियन के दो जवान 36 वर्षीय अमर पनवार निवासी महाराष्ट्र और 36 वर्षीय के. राजेश निवासी कडप्पा, आंध्र प्रदेश बलिदानी हो गये जबकि नारायणपुर जिला पुलिस के दो जवान घायल हुए हैं। नारायणपुर जिला पुलिस के घायल दोनों जवानों की हालत सामान्य है। इन जवानों को तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान की गई है। उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस हमले के बाद सुरक्षा बलों ने इलाके में सर्च ऑपरेशन बढ़ा दिया है और नक्सलियों की खोजबीन शुरू कर दी है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने आईईडी विस्फोट की पुष्टि करते हुए बताया कि आईटीबीपी 53 बटालियन के 2 जवानों का बलिदान हो गया है जबकि नारायणपुर पुलिस के 2 जवान घायल हो गये हैं, घायल जवानों की हालत सामान्य है। इन घायल जवानों के संबध में बाद में जानकारी देने की बात कही है।

### चुनाव आयोग के...

इसकी सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कार्यवाहक डीजीपी गुप्ता को नोटिस जारी किया था। अवमानना याचिका जमशेदपुर निवासी नरेश मकानी की ओर से दायर की गई थी, जिसमें कहा गया था कार्यवाहक डीजीपी की नियुक्ति में सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निदेशों का उल्लंघन किया गया है। मकानी ने अपनी याचिका में कहा था कि तदर्थ आधार पर डीजीपी पद पर नियुक्ति 3 जुलाई 2018 के सुप्रीम कोर्ट के फैसले की अवहेलना है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले में स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि किसी भी राज्य में कार्यवाहक डीजीपी की नियुक्ति नहीं की जाएगी।

## मंईयां योजना का लाभ लेते रहने के लिए प्रदेश में पुन: बनाएं झामुमो की सरकार : मिथिलेश



**पलामू (हि.स.)।** विधानसभा चुनाव के लिये गढ़वा के विभिन्न क्षेत्रों की महिलाओं ने गढ़वा विधायक व झारखंड के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर का समर्थन किया है। शनिवार को मंत्री ठाकुर की उपस्थिति में उनके के आवास पर गढ़वा शहरी क्षेत्र के टंडवा, भगलपुर सहित कल्याणपुर, मेराल प्रखंड के करकोमा आदि क्षेत्रों से 300 से अधिक महिलाओं ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। हसीना खातून के नेतृत्व में कल्याणपुर के 50 से अधिक महिलाओं ने भी झामुमो का दामन थामा। मौके पर जिप अध्यक्ष शांति देवी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, चंदा देवी आदि ने सभी महिलाओं को माला व पार्टी का पट्टा पहना कर झामुमो में शामिल करायी। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि काफी संख्या में माता, बहनों का अपार समर्थन मिल रहा है। इसके लिये मैं सभी का आभारी हूं। उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव में गढ़वा के लोगों ने मुझे जो जिम्मेवारी सौंपी है, उस पर पूरी तरह से मैंने खरा उतरने का प्रयास किया है। गढ़वा सहित पूरे झारखंड में हर क्षेत्र में बेहतर कार्य हुआ है। राज्य की सभी बहन, बेटियों, माताओं आदि सभी वर्गों के लिये सरकार ने कई बेहतर कार्य किये हैं। महिला सशक्तिकरण की दिशा में झारखंड सरकार का मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना बहुत बड़ा कदम है। इस योजना से आज पूरे राज्य की बहन, बेटी लाभान्वित हो रही हैं। उन्होंने कहा कि सभी लोग एकजुट होकर उन्हें भारी मतों से जीत दिलाएं।

## होटलों और ढाबो में छापेमारी, अवैध शराब जप्त, दो गिरफ्तार

**सिमरिया (चतरा)।** विधानसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर सिमरिया के विभिन्न होटलों और ढाबो में प्रशासन द्वारा अभीयान चलाकर छापेमारी की गई। अभियान में सिमरिया एसडीओ सन्नी राज, बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद, सीओ गौरव कुमार राय, एक्साइज इंस्पेक्टर के अलावा पुलिस कर्मी शामिल थे। छापेमारी सिमरिया-टंडवा रोड के किनारे स्थित अलग-अलग होटल और ढाबो में की गई। जहां से बियर, विदेशी शराब और महुआ शराब बरामद की गई। वहीं होटलों और ढाबो में अवैध रूप से शराब की बिक्री करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। एसडीओ के नेतृत्व में अधिकारियों के दल ने सिमरिया हजारीबाग-सीमा पर स्थित बिरहु और सिमरिया-चतरा सीमा पर स्थित लमटा चेक पोस्ट का भी निरीक्षण किया।

## छात्रों ने मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर मतदाताओं को किया जागरूक




**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** शनिवार को शिक्षक निर्मल सिन्हा के नेतृत्व में परियोजना इंदिरा गांधी मेमोरियल बालिका उच्च विद्यालय की छात्राओं ने मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान सैकड़ो छात्राओं ने बालूमाथ बुनियादी विद्यालय से हाथों में बैनर लिए मुख्य मार्ग से पैदल चलते हुए प्रखंड मुख्यालय के दिवाकर नगर कसाई दी आदि के विभिन्न गली मोहल्ले में जाकर लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। छात्राओं ने वोट की अहमियत को बतलाते हुवे कहा मतदान करना हर एक देश के नागरिक का अधिकार है। अपने मतदान का प्रयोग कर राज्य में मजबूत सरकार का चयन करें ताकि क्षेत्र का विकास हो सके। छात्रों ने कई नारे भी लगाए। मौके पर शिक्षक निर्मल सिन्हा ने बतलाए की होने वाली विधानसभा चुनाव में सत प्रतिशत मतदान हो जिसके लिए लातेहार उपायुक्त के निदेर्शानुसार मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप प्लान के तहत किया जा रहा है। लोगों से शिक्षक ने अपील करते हुए कहा कि पहले मतदान फिर जलपान, हर एक व्यक्ति अपना मत का अवश्य प्रयोग करें।

### जेएमएम प्रत्याशी के नामांकन में कल्पना होगी शामिल

## कार्यक्रम स्थल का एसडीपीओ और प्रत्याशी ने लिया जायजा



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया अ.जा 26 के विधानसभा चुनाव 2024 के लिए नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। जिले के दो विस क्षेत्र में मात्र सिमरिया से नामांकन के पहले दिन जेएमएम के भावी प्रत्याशी मनोज कुमार चंद्रा के द्वारा प्रपत्र खरीदा गया। ऐसे में चतरा व सिमरिया दोनो विस से दो दिनों में मात्र एक नामांकन पत्र की विक्री हुई है। वहीं श्री चंद्रा की पत्नी प्रेमलता चंद्रा ने बताया की 22 अक्टूबर को महागठबंधन प्रत्याशी का नामांकन कार्यक्रम निर्धारित है। जिसमें हेमंत सोरेन और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन शामिल होंगे। सिमरिया अनुमंडल मुख्यालय के कर्बला मैदान में कार्यक्रम को लेकर पंडाल तैयार किया जा रहा है। कार्यक्रम स्थल पहुंचकर एसडीपीओ प्रदीप कुमार और प्रत्याशी मनोज चंद्रा ने संयुक्त रूप से निरीक्षण कर विधि व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान प्रेमलता चंद्रा, साहिल अंसारी, नासिर अंसारी, संदीप कुमार, मदन कुमार आदि उपस्थित थे।

### प्रवर्तन एजेंसियों के जिलास्तरीय नोडल पदाधिकारियों के साथ डीसी ने की बैठक

# एक्टिव होकर विशेष छापेमारी अभियान शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में चलाने का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**चतरा।** उपायुक्त कार्यालय कक्ष में शनिवार को ऑफलाइन एवं ऑनलाइन माध्यम से जिला निर्वाचन पदाधिकरी सह उपायुक्त रमेश घोलप ने विधानसभा निर्वाचन 2024 को लेकर प्रवर्तन एजेंसियों के जिलास्तरीय नोडल पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा निर्वाचन से जुड़ी जानकारियों के साथ-साथ आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने के पश्चात किए जाने वाले कार्यों को लेकर एजेंसियों के अधिकारियों को अवगत कराया गया। साथ ही बैंक खाता के माध्यम से संदिग्ध लेन-देन के संबंध में आयोग के निदेशों के अनुपालन के संबंध में सभी बैंकों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही असमान्य एवं संदिग्ध रूप से नकद राशि के निकासी एवं जमा के बारे में चुनाव आयोग द्वारा जारी निर्देशों की विस्तृत जानकारी सभी को दी गई। मौके पर उन्होंने सभी संबंधित विभागों में वन, परिवहन,डाक विभाग, रेलवे, पुलिस,कस्टम,आयकर विभाग, उत्पाद विभाग, जीएसटी समेत सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा किए जाने वाले कार्यों को लेकर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिए। ताकि निष्पक्ष, पारदर्शी, स्वतंत्र एवं भयमुक्त माहौल में निर्वाचन से जुड़े कार्यों को पूर्ण किया जा सके। उन्होंने सभी चेकनाकों पर एसएसटी टीम के साथ बैंक, वन विभाग, उत्पाद विभाग, जीएसटी व संबंधित विभाग को आपसी समन्वय स्थापित कर ज्वाइंट ऑपरेशन चलाने का निर्देश दिए। साथ ही विधानसभा चुनाव के सफल संचालन को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा किए गए व्यय की निगरानी, कानूनी प्रावधान, जब्त करने की प्रक्रिया और कार्यवाही के बारे में सजग होकर कार्य करें। उन्होंने सभी सीमावर्ती इलाकों के अलावा अवैध पैसे, शराब व प्रलोभन से जुड़े मामलों पर नियंत्रण रखने के उद्येश्य से संबंधित विभाग के अधिकारियों को एक्टिव होकर विशेष छापेमारी अभियान शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में चलाने का निर्देश दिया।

# KASHYAP'S DENTAL CLINIC

**Dr. Vaibhav Kashyap**

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट

**Facilities**

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज







CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com




# केदारनाथ तीन को, बद्रीनाथ धाम के पट 17 नवंबर को होंगे बंद

एजेंसी

**देहरादून।** देवभूमि उत्तराखंड में चल रही चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी है। इस बीच उत्तराखंड सरकार ने शनिवार को चारों धामों के कपाट बंद होने की तारीखों का ऐलान कर दिया। उत्तराखंड के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज के मुताबिक, नवंबर में चारों धाम के कपाट बंद हो जाएंगे। पर्यटन मंत्री ने शनिवार को मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि एक नवंबर को गंगोत्री धाम के कपाट बंद होंगे। इसके अलावा यमुनोत्री धाम और केदारनाथ धाम के कपाट तीन नवंबर को बंद होंगे, जबकि तुंगनाथ धाम के कपाट चार नवंबर को और बद्रीनाथ धाम के कपाट 17 नवंबर को बंद होंगे। उन्होंने कहा, जो भी श्रद्धालु चारों धाम के दर्शन करना चाहते हैं। उन्हें इन तारीखों से पहले दर्शन के लिए पहुंचना होगा। इसके बाद सभी मंदिरों के कपाट बंद कर दिए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि इस साल 10 मई को चारधाम यात्रा शुरू हुई थी। बीते दिनों केदारनाथ और बद्रीनाथ जाने वाले मार्गों पर बारिश ने तबाही मचा दी थी। इस वजह से श्रद्धालुओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा था। चारधाम यात्रा हर साल अप्रैल-मई में शुरू होकर अक्टूबर-नवंबर तक चलती है। चारधाम यात्रा पर जाने के लिए बायोमेट्रिक पंजीकरण आवश्यक होता है। ज्ञात हो कि इस साल 30 सितंबर तक 37 लाख 91 हजार 205 यात्री चार धाम दर्शन को आ चुके हैं, जबकि बीते साल 56.13 लाख यात्री दर्शन के लिए पहुंचे थे। 2022 में यह संख्या 46.29 लाख और 2019 में 34.77 लाख थी।



# काशी से पीएम करेंगे 6,611.18 करोड़ रु. की 23 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास

आरपी सिंह

**वाराणसी।** पीएम मोदी रविवार 20 अक्टूबर को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी से देश के 6,611.18 करोड़ रू. लागत वाली 23 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे। जिनमें स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल, धर्म, पर्यटन, आवास, विमानन सहित योजनाएं हैं। पीएम वाराणसी एयरपोर्ट के विस्तारीकरण व नए टर्मिनल भवन का शिलान्यास भी करेंगे। वहवाराणसी में बने आरजे शंकर नेत्र चिकित्सालय का लोकार्पण करेंगे। सिगरा स्पोर्ट्स स्टेडियम में 20 हजार से ज्यादा लोगों से संवाद भी करेंगे। प्रधानमंत्री श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास द्वारा संस्कृत विद्यालयों व अस्पतालों में तीमारदारों के लिए शुरू की गई निशुल्क भोजन व्यवस्था की घोषणा भी कर सकते हैं।जो कार्यक्रम है उसके अनुसार पीएम लगभग 1 बजे वाराणसी पहुंचेंगे , लगभग 6 बजे दिल्ली के लिए जहाज पर बैठ जाएंगे। इस बारे में भाजपा नेताओं का कहना है कि पीएम पूर्वांचल समेत देश के अन्य भागों को दीपावली में विकास की सौगात देंगे। पीएम नरेन्द्र मोदी बाबतपुर इंटरनेशल एयरपोर्ट से हरहुआ-गाजीपुर रिंग रोड पर 90 करोड़ रू. की लागत से बने शंकर नेत्रालय के उद्घाटन के बाद सड़क मार्ग से सिगरास्थित स्पोर्ट्स कांप्लेक्स पहुंचकर परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे।सिगरा स्टेडियम में ही वहां जुटे लोगों को सम्बोधित करेंगे। जिसमें 20 हज़ार से ज्यादा लोगों का जुटान होने की संभावना है। जिसमें विशेषतौर पर खिलाडी, खेल प्रेमी, बुद्धजीवी, प्रबुद्धजन, जनप्रतिनिधि व भाजपा कार्यकर्त्ता होंगे। सिगरा स्टेडियम समेत 380.13 करोड़ की लागतसे तैयार14 परियोजनाएं को जनता को समर्पित करेंगे। वहीं, 2,874.17 करोड़ की लागत की 2 महत्पूर्ण योजनाओं की आधारशिला भी रखेंगे।इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तो रहेंगे ,व राज्यपाल आनंदी बेन भी रहेंगी ।

- लोकार्पण की जाने वाली परियोजना और लागत करोड़ रु में (380.13 करोड़)
- वाराणसी स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, सिगरा का पुनर्विकास-216.29
- सारनाथ में पर्यटन पुनर्विकास कार्य-90.20
- सिपेट परिसर, करसड़ा में छात्रावास का निर्माण--13.78
- डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम, लालपुर में 100 बेड क्षमता के बालक, बालिका छात्रावास व पब्लिक पवेलियन का निर्माण - 12.99
- वाराणसी शहर में 20 पार्कों के सौंदर्यीकरण व पुनर्विकास कार्य-7.85
- महिला आईटीआई चौकाघाट व आईटीआई करौंदी में हाई-टेक लैब का निर्माण-7.08
- सेंट्रल जेल, वाराणसी में बैरकों का निर्माण कार्य-6.67
- सिपेट परिसर, करसड़ा में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र का निर्माण - 6.00
- बाणासुर मंदिर एवं गुरुधाम मंदिर में पर्यटन विकास कार्य 6.02
- सेंट्रल जेल, वाराणसी में 48 कर्मचारी आवास का निर्माण कार्य-5.16
- टाउन हाल शापिंग काम्प्लेक्स का निर्माण कार्य-2.51
- प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, भरथरा में आवासीय भवनों का निर्माण कार्य- 2.16
- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, चिरईगॉव का निर्माण कार्य-1.93
- ककरमत्ता फ्लाइओवर के नीचे एक्टिविटी जोन एवं पार्किंग का निर्माण कार्य-1.49

# दुश्मन संपत्तियों को खरीदने का पहला हक़ उसमें रहने वालों का

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने दुश्मन संपत्तियों ( भारत के विभाजन के समय व बाद जो लोग पाकिस्तान चले गये थे, उनकी संपत्ति ) को बेचने के नियमों में बदलाव किया है। इन संपत्तियों में रहने वालों को अब खरीदने का पहला हक मिलेगा। ये संपत्तियां उन लोगों की हैं जो 1965 व 1962 के युद्ध के बाद पाकिस्तान तथा चीन चले गए थे। गृह मंत्रालय के एक नोटिफिकेशन के अनुसार एक करोड़ से कम कीमत वाली ग्रामीण व 5 करोड़ से कम कीमत वाली शहरी संपत्तियों को पहले कब्जाधारी को खरीदने का ऑफर दिया जाएगा। यदि वे मना करते हैं, तो संपत्ति को बेचा जाएगा। ग्रामीण क्षेत्र का मतलब है जो शहरी स्थानीय निकाय या छावनी बोर्ड के अंतर्गत नहीं आता। शहरी क्षेत्र का मतलब नगर निगम या नगरपालिका की सीमा के भीतर का क्षेत्र है। दुश्मन संपत्ति का संरक्षक केंद्र सरकार की मंजूरी से इन संपत्तियों को बेच सकता है। 2020 में, केंद्रीय गृह मंत्री की अध्यक्षता में एक मंत्री समूह बनाया गया था। इस समूह को दुश्मन संपत्तियों की बिक्री पर नज़र रखनी थी। पहले देश भर में 9,406 'दुश्मन संपत्तियों' की कीमत 1 लाख करोड़ रू. आंकी गई थी। बाद में ऐसी लगभग 3,000 और संपत्तियों की पहचान की गई।

# हरियाणा ने अनुसूचित जाति आरक्षण में कोटे के अंदर कोटे का फैसला लागू किया

## महाराष्ट्र व झारखंड विस चुनाव में भाजपा को हो सकता है लाभ

- मायावती ने कहा- "बीजेपी आरक्षण को निष्क्रिय ,निष्प्रभावी व समाप्त करने के षड्यंत्र में लगी है"

कृष्णमोहन सिंह

**नई दिल्ली।** भाजपा पहले कोटा में कोटा देने , यानी आरक्षण में भी आरक्षण देने का विरोध कर रही थी , लेकिन हरियाणा में तीसरी बार जीतने के बाद कोटा में कोटा लागू कर दी। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पद संभालते ही अनुसूचित जाति आरक्षण में कोटे के अंदर कोटे का फैसला लागू करने की बात कही ।इसके लिए सैनी ने सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का हवाला दिया, जिसमें अनुसूचित जाति के अंतर्गत सब-कैटेगरी बनाने की बात शामिल है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि "सुप्रीम कोर्ट के फैसले को सम्मान देते हुए अनुसूचित जाति में वर्गीकरण का जो आदेश था, उसे आज से ही हमने लागू करने का फैसला किया है।" मालूम हो कि इसी वर्ष सर्वोच्च न्यायालय की संविधान पीठ ने यह ऐतिहासिक फैसला 6:1 के बहुमत से दिया था। सर्वोच्च न्यायालय ने इस फैसले से अपने 2004 के फैसले को पलट दिया था। भाजपा रणनीतिकारों को उम्मीद है कि हरियाणा में आरक्षण में दलितों में कोटा के अंदर कोटा लागू करने का असर महाराष्ट्र व झारखंड विधान सभा पर पड़ेगा। इसका संदेश दलितों में जाएगा । दलित मतदाताओं का रूझान भाजपा की तरफ़ बढ़ेगा। लेकिन उप्र की पूर्व मुख्यमंत्री व बसपा सुप्रीमो मायावती जो कोटा में कोटा का पुरज़ोर विरोध कर रही हैं , हरियाणा के मुख्यमंत्री सैनी के इस फैसले पर नाराजगी जताई हैं।इसी मायावती ने हरियाणा में कांग्रेस का दलित वोट काटने व भाजपा को अपरोक्ष रूप से मदद करने के लिए चौधरी देवी लाल के परिवार वालों की एक पार्टी इनेलो से बसपा का गठबंधन करके अपने प्रत्याशी उतारे थे। बसपा 37 विधान सभा सीटों पर और इंडियन लोकदल 53 सीटों पर चुनाव लड़े। बसपा एक भी सीट नहीं जीती। बीते लोक सभा चुनाव में भी बसपा व इनेलो गठबंधन करके चुनाव लड़े थे। लेकिन एक भी सीट नहीं जीते। भाजपा हरियाणा विधान सभा चुनाव तीसरी बार जीती है, तो बदले माहौल व दलितों को लुभाने के लिए सर्वोच्च न्यायालय का अनुसूचित जाति आरक्षण में कोटे के अंदर कोटे वाला फैसला लागू कर दिया। जिससे तमतमाई मायावती ने एक्स पर लिखा-"हरियाणा की नई भाजपा सरकार द्वारा एससी समाज के आरक्षण में वर्गीकरण को लागू करने अर्थात आरक्षण कोटे के भीतर कोटा की नई व्यवस्था लागू करने का फैसला दलितों को फिर से बांटने व उन्हें आपस में ही लड़ाते रहने का षड्यंत्र है। यह दलित विरोधी ही नहीं बल्कि घोर आरक्षण विरोधी निर्णय है।उन्होंने लिखा है -"हरियाणा सरकार को ऐसा करने से रोकने के लिए भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व के आगे नहीं आने से भी यह साबित होता है कि कांग्रेस की तरह बीजेपी भी आरक्षण को पहले निष्क्रिय व निष्प्रभावी बनाने और अंततः इसे समाप्त करने के षड्यंत्र में लगी है, जो घोर अनुचित व बीएसपी इसकी घोर विरोधी है। वास्तव में जातिवादी पार्टियों द्वारा एससी-एसटी व ओबीसी समाज में 'फूट डालो-राज करो' व इनके आरक्षण विरोधी षड्यंत्र आदि के विरुद्ध संघर्ष का ही नाम बीएसपी है। इन वर्गों को गठित व एकजुट करके उन्हें शासक वर्ग बनाने का हमारा संघर्ष लगातार जारी रहेगा।

## एजुकेशन/करियर

एक औद्योगिक इंजीनियर विनिर्माण संयंत्रों के भीतर मशीनरी को स्थानांतरित करने, विक्रेता से कंपनी तक सामग्री प्राप्त करने, विनिर्माण संयंत्रों या प्रसंस्करण संयंत्रों को शुरू करने के लिए स्थानों की पहचान करता है, मशीन और श्रमिकों के काम के प्रदर्शन का मूल्यांकन करता है और भुगतान निर्धारित करता है। एक कंपनी या विनिर्माण संयंत्र में औद्योगिक इंजीनियर्स न्यूनतम लागत, पुरुषों, मशीनों और समय को संतुलित करने और त्रुटि मुक्त लक्ष्यों को प्राप्त करने के साथ कुशलतापूर्वक काम करने के तरीके पर ध्यान केंद्रित करते हैं। वे अत्यधिक दक्षता और सटीकता के साथ विनिर्माण वातावरण में लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कंप्यूटर सिमुलेशन और ग्राफिक्स, गणितीय मॉडल, संचालन शोध, सांख्यिकी और सूचना प्रणाली आदि का उपयोग करते हैं। भारत में औद्योगिक इंजीनियर आपूर्ति श्रृंखला के साथ काम कर सकते हैं और उत्पादन कारकों, और सुरक्षा चिंताओं को भी नजरअंदाज कर सकते हैं। औद्योगिक इंजीनियर अध्ययन करते हैं कि श्रमिक अपनी नौकरी कैसे करते हैं, लक्ष्य यह है कि किसी निश्चित कार्य को करने में लगने वाले समय को कम करना और काम को फिर से वितरित करना ताकि किसी दिए गए कार्य के लिए कम श्रमिकों की आवश्यकता हो। इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग के छात्रों को देश के औद्योगिक प्रतिष्ठान अनेक पदों पर नियुक्त करते हैं। मसलन, इंडस्ट्रियल सेफ्टी इंचार्ज, इंडस्ट्रियल सिस्टम्स इंजीनियर, इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन मैनेजर, इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग टेक्नीशियन इत्यादि। इन्हें किसी उद्योग के लॉजिस्टिक्स, सप्लाई चेन व मैन्युफैक्चरिंग जैसे विभागों में मौके मिलते हैं।



# औद्योगिक इंजीनियर बन खोल सकते हैं भविष्य की राह

## औद्योगिक इंजीनियरिंग

औद्योगिक इंजीनियरिंग मुख्य रूप से समय, ऊर्जा, सामग्री, धन और अन्य संसाधनों की बर्बादी को खत्म करने के लिए लोगों और प्रक्रियाओं की एकीकृत प्रणालियों के विकास, कार्यान्वयन और मूल्यांकन में शामिल है। अध्ययन के एक क्षेत्र के रूप में, यह विभिन्न शैक्षणिक विषयों को शामिल करता है जैसे कि,

- थर्मल इंजीनियरिंग
- प्रबंधन और प्रबंधकीय
- अर्थशास्त्र के सिद्धांत
- डेटा संरचना
- इंस्ट्रुमेंटेशन और मेट्रोलॉजी
- द्रव पावर इंजीनियरिंग
- मॉडलिंग और सिमुलेशन
- योजना और नियंत्रण
- डेटाबेस प्रबंधन तंत्र

## कई तरह के कोर्सेज हैं मौजूद

अगर व्यवसाय और तकनीक आपकी रुचि में शामिल हैं तो 12वीं विज्ञान (पीसीएम) विषय से करने के बाद इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग के चार वर्षीय बीटेक पाठ्यक्रमों में प्रवेश ले सकते हैं। इस क्षेत्र में विशेष ब्रांच के तौर पर बीई व बीटेक इन इंडस्ट्रियल एंड प्रोडक्शन इंजीनियरिंग कोर्सेज में प्रवेश मिलेगा। प्रवेश का तरीका किसी भी अन्य बीटेक पाठ्यक्रम में प्रवेश की तरह है।

## इस क्षेत्र की चुनौतियां

- चूंकि हर इंडस्ट्री के लिए लागत सबसे ज्यादा अहमियत रखती है, इसलिए इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग के पेशेवरों को नौकरी के दौरान अपने हरेक निर्णय से पहले निर्माणलागत के बारे में सोचना पड़ता है।
- इस ट्रेड में कुशल पेशेवरों के लिए रोजगार के मौके तो बहुत हैं, पर दूसरे ट्रेड की तुलना में यहां सैलरी आमतौर पर थोड़ी कम है।
- एक ही कंपनी में लंबे समय तक कार्य करने पर काम में एकरसता आ जाती है। इस वजह से इस क्षेत्र में पेशेवरों में बार- बार नौकरी बदलने की प्रवृत्ति देखी जाती है।

## कुछ प्रमुख संस्थान

- मौलाना आजाद कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, पटना.
- भाभा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, गया.
- स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, शारदा यूनिवर्सिटी, ग्रेटर नोएडा.
- देहरादून इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, देहरादून.
- उत्तराखंड टेक्निकल यूनिवर्सिटी, देहरादून.
- मोतीलाल नेहरू नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, इलाहाबाद.
- कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी, पटना.
- सभी आईआईटी में